आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.48
सूर्यास्त 06.31

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी 01:17 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 12 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 64, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये





■ भाजपा यूसीसी लागू करेगी, बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी : मोदी - 12



■ डीजल पर 55.5 और एटीएफ पर 42 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क - 12



■ भारत-अमेरिका परमाणु ऊर्जा और एलपीजी निर्यात में सहयोग बढ़ाएंगे - 13




■ आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के फाइनल में - 14

# वार्ता से शांति की तलाश

## इस्लामाबाद में दो घंटे तक चली पहले दौर की बैठक | दूसरे दौर की वार्ता आज, अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस

## ईरान ने कहा- लेबनान पर हमले तुरंत बंद किए जाएं | ईरानी संसद के अध्यक्ष गालिबफ हैं मुख्य वार्ताकार

- अमेरिका-ईरान के अधिकारियों ने आमने-सामने बातचीत की व्हाउट हाउस ने पुष्टि की
- लेबनान और इजराइल के बीच मंगलवार से प्रत्यक्ष वार्ता शुरू होगी : लेबनानी राष्ट्रपति

इस्लामाबाद, एजेंसी

इस्लामाबाद में ईरान-अमेरिका के बीच जारी संघर्षविराम वार्ता का पहला राउंड दो घंटे तक चला। इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की है। इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। दोनों देशों के बीच अब दूसरे दौर की वार्ता रविवार को होगी।

47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

इस वार्ता का उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक स्थायी शांति समझौते पर पहुंचना है। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को पंगु बना दिया है और व्यापक पैमाने पर आर्थिक व्यवधान पैदा किए हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में यह शांति वार्ता ईरान और अमेरिका द्वारा दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा किए जाने के चार दिन बाद हो रही है। हालांकि, लेबनान पर इजराइल के बड़े पैमाने पर हमलों में 300 से अधिक लोग मारे गये हैं। तेहरान ने दावा किया कि हमले ने युद्धविराम समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया है, वहीं अमेरिका और इजराइल ने कहा कि लेबनान इस समझौते का हिस्सा नहीं था। शनिवार तड़के इस्लामाबाद पहुंचने के बाद, गालिबफ ने कहा, हमारे मन में सद्भावना तो है, लेकिन अमेरिकियों पर हमें भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी पक्ष वास्तविक समझौते के लिए तैयार है, तो वह तेहरान की तत्परता को देखेगा। ईरान ने वार्ता के लिए 10 सूत्री योजना रखी है। व्हाइट हाउस ने पुष्टि की है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने इस्लामाबाद में ईरान के डेलिगेशन से आमने-सामने मुलाकात की है। वहीं, लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन ने कहा है कि उनके देश की इजराइल के साथ प्रत्यक्ष वार्ता मंगलवार से शुरू होगी।





**इस्लामाबाद :** शांति वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ से बात करते हुए। **दांए :** पाकिस्तान पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस।

### प्लेन में बच्चों की तस्वीरें रखकर पहुंचे गालिबाफ



**तेहरान।** गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था।

### अमेरिका ने होर्मुज को खोलना शुरू किया : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि ईरान की सेना तबाह हो चुकी है और अमेरिका होर्मुज को खोलना शुरू कर रहा है। हम अब चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, जर्मनी और कई अन्य देशों समेत दुनियाभर के देशों के हित में होर्मुज को खोलने की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। हैरानी की बात है कि उनमें यह काम खुद करने का साहस नहीं है।

# थारू समाज के मुकदमे होंगे वापस मिट्टी में मिलेगा माफिया : योगी

- मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी में दो बड़ी जनसभाओं में कई अहम घोषणाएं कीं

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सीएम योगी ने शनिवार को लखीमपुर खीरी में राजनीतिक विरोधियों पर तीखा हमला बोलते हुए बड़ा एलान किया कि थारू समाज के लोगों पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएंगे। योगी ने फिर चेताया कि माफिया बनने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर लें। सरकार किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने व नौजवानों की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देगी।

मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उप्र के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन व पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 817 करोड़ की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद बोल रहे थे। योगी कहा कि हर जिले में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी। संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। अब कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है।



पलिया के चंदनचौकी में परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी। साथ में मौजूद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक रोमी साहनी व अन्य जनप्रतिनिधिगण।

### रविंद्र नाथ ठाकुर के नाम से जाना जाएगा मियांपुर

सीएम योगी ने कहा कि पापी पाकिस्तान ने पहले भारत का विभाजन किया, फिर पाकिस्तान भी टुकड़े हुए। पाकिस्तान अभी और टुकड़ों में बंटने वाला है। पाकिस्तान के पाप की सजा वहां रह रहे हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी लोगों को मिली है। क्योंकि वहां किसी और जाति के लिए कोई जगह नहीं है। कहा कि कांग्रेस का पाप देखा। आपका अधिकार लिया और वोट लेते रहे। आपकी पहचान छिपाने के लिए गांव का नाम भी मियांपुर रख दिया। एक भी मियां, नाम मियांपुर। अब ये मियांपुर नाम नहीं रहेगा। गांव का नाम रविंद्र नगर होगा। गुरुदेव रविंद्र नाथ ठाकुर के नाम पर यह गांव जाना जाएगा।

### लखीमपुर खीरी का वास्तविक नाम था लक्ष्मीपुर

सीएम ने कहा कि लखीमपुर खीरी का वास्तविक नाम लक्ष्मीपुर था। पिछली सरकारों ने हर जिले में माफिया-गुंडे पैदा किए, लेकिन नया उत्तर प्रदेश दंगा, माफिया, कर्फ्यू मुक्त है। यहां की पहचान अब दुधवा नेशनल पार्क, पलिया एयरपोर्ट, चंदन चौकी, बाबा गोला गोकर्णनाथ, श्रीनगर में स्थापित मेडिकल कॉलेज से है।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दिल्ली की धरती पर उतरी अयोध्या व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब केवल डिजिटल माध्यम से ही टोल संग्रह होगा

**नई दिल्ली।** देशभर के राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा पर शनिवार से सभी शुल्क भुगतान विशेष रूप से फास्टैग या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) जैसे डिजिटल माध्यमों से ही लिए जा रहे हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यह कदम टोल संग्रह में दक्षता और पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान में कहा गया कि तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल के साथ ही केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में यह बदलाव अभी लागू नहीं किया गया है।

# प्रौद्योगिकी अब सिर्फ प्रशासनिक सुविधा नहीं, संवैधानिक साधन है : सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- न्यायिक प्रक्रिया के पुनर्गठन और डिजिटल परिवर्तन विषय पर आयोजित सम्मेलन को सीजेआई ने किया संबोधित

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी अब केवल एक प्रशासनिक सुविधा नहीं रह गई है, बल्कि यह एक संवैधानिक साधन बन गई है। यह एक ऐसा उपकरण है जो कानून के समक्ष समानता को मजबूत करता है, न्याय तक पहुंच का विस्तार करता है और न्यायपालिका को प्रक्रियात्मक रूढ़ियों से ऊपर उठने की अनुमति देता है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायिक प्रक्रिया के पुनर्गठन और डिजिटल परिवर्तन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी न्याय प्रणाली के मूल में एक सरल लेकिन स्थायी वादा निहित है कि प्रत्येक व्यक्ति, चाहे उसके पास कितने भी साधन या परिस्थितियां हों, निष्पक्ष, समय पर और प्रभावी तरीके से न्याय प्राप्त करने में सक्षम होना चाहिए।

सीजेआई ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और जितिन प्रसाद की उपस्थिति में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, न्यायिक अधिकारियों, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और जिला न्यायाधीशों को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय प्रणाली में सुधार का माप इस बात से किया जाता है कि नागरिक, वकील और अन्य हितधारक इससे कितना सार्थक रूप से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक न्यायालय एक एकीकृत डिजिटल न्यायालय के रूप में कार्य करे, जो न केवल 'हाइब्रिड' सुनवाई सुविधाओं से लैस हो, बल्कि पूरी तरह से कागजी कार्रवाई रहित न्यायालय के रूप में भी कार्य करने में सक्षम हो। प्रौद्योगिकी एक संवैधानिक साधन बन गई है।

सीजेआई ने कहा कि उनके पास स्वाभाविक रूप से डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण है, एक ऐसा भविष्य जहां न्याय केवल एक ऐसी जगह पर नहीं मिले जहां कोई जाता है, बल्कि एक ऐसी सेवा हो जो निर्बाध, पारदर्शी और प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपलब्ध हो। उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि अब यह केवल दूर के भविष्य की आकांक्षा नहीं है बल्कि इस पर काम पहले से ही हो रहा है।

### केवल पूंजी या नीति से 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता भारत

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि देश केवल पूंजी या नीति के जरिये से 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता है, बल्कि इसमें कानूनी प्रणाली की गुणवत्ता एक महत्वपूर्ण कारक होगी। उन्होंने विकसित होती अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए कानूनी ढांचे में आमूलचूल बदलाव का आह्वान करते हुए यह बात कही। सीजेआई ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वाणिज्यिक कानून में पूर्वानुमान, विशेषज्ञता और सद्भावना की संस्कृति की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए ऐसी पूंजी की आवश्यकता होगी, जिसमें दीर्घकालिक प्रतिबद्धताएं शामिल हों और जिसके लिए निवेशक का विश्वास अनिवार्य है।

# संघर्ष विराम के बीच जग विक्रम ने पार किया होर्मुज

- नार्वे के जहाज को शुक्रवार को लौटाया था वापस, यहां से निकलने वाला यह नौवां भारतीय जहाज

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के अस्थायी संघर्ष विराम के बाद 'जग विक्रम' नामक भारतीय ध्वज वाले एलपीजी जहाज ने होर्मुज पार कर लिया है।

अस्थायी संघर्ष विराम की घोषणा के बाद इस मार्ग से गुजरने वाला यह पहला भारतीय जहाज है। जहाज शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरा और शनिवार दोपहर को पूर्व की ओर बढ़ते हुए, जलडमरूमध्य के पूर्व में ओमान की खाड़ी में स्थित था। मार्च की शुरुआत से अब तक यह फारस की खाड़ी से बाहर निकलने वाला नौवां भारतीय जहाज है, जबकि लगभग 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी भी क्षेत्र में रुके हुए हैं और आगे बढ़ने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

यह मध्यम आकार का गैस वाहक जहाज 26,000 टन से अधिक वहन क्षमता रखता है और इसमें करीब 20,000 टन एलपीजी होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के समय होर्मुज क्षेत्र में कम से कम 28 भारतीय जहाज मौजूद थे, जिनमें 24 पश्चिमी हिस्से में और चार पूर्वी हिस्से में थे।

# चलती कार में लगी आग से जिंदा जलीं कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की पत्नी

संवाददाता, उसहैत (बदायूं)

- लखीमपुर से लौटते समय उसहैत क्षेत्र के गांव रौते में कार में लगी आग से पति भी झुलसा



**अमृत विचार :** चलती कार अचानक आग का गोला बनने से उसमें सवार कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की पत्नी जिंदा जल गईं जबकि वह भी गंभीर रूप से झुलस गये। महिला का तीन दिन पहले लखीमपुर में पित्ताशय में पथरी का ऑपरेशन हुआ था। पत्नी को अस्पताल से छुट्टी कराकर वह दोनों कार से घर लौट रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पति को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।

थाना उसहैत क्षेत्र के वार्ड छह निवासी अर्पित भारद्वाज विकास क्षेत्र कादरचौक में कम्यूनिटी हेल्थ अफसर हैं। तीन दिन पहले उनकी पत्नी प्रिया (25) का जिला लखीमपुर के पलिया स्थित अस्पताल में पित्ताशय की थैली में पथरी का ऑपरेशन हुआ था। वह दोनों शुक्रवार को कार से वापस घर लौट रहे थे। ऑपरेशन की वजह से प्रिया बैठ नहीं पा रहीं थी तो वह कार की पीछे की सीट पर लेट गईं। अर्पित कार चला रहे थे। रात लगभग दो बजे उसहैत क्षेत्र के गांव रौता के पास चलती कार के इंजन में अचानक आग लग गई।

# मॉर्निंग वॉक के लिए निकले अधिवक्ता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

- शनिवार सुबह बाइक सवार बदमाश ने दिनदहाड़े मारी गोली

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर के कटरा क्षेत्र शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले एक अधिवक्ता की बाइक सवार बदमाश ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हत्या का कारण चुनावी रंजिश बताया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अर्पणा कौशिक ने बताया कि विंध्याचल थाना क्षेत्र के देवरी गांव निवासी राजीव उर्फ रिंकू सिंह ग्राम प्रधान पति थे। उनकी पत्नी वर्तमान में ग्राम प्रधान हैं। वह कटरा थाना क्षेत्र के सद्भावना नगर में मकान बनाकर रहते थे और सिविल कोर्ट में वकालत करते थे। शनिवार सुबह सात बजे दो हमलावरों ने रिंकू सिंह को नजदीक से गोली मार दी। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# शिक्षक भर्ती घोटाला : बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी व अन्य के ठिकानों पर छापे

## ईडी ने की कार्रवाई

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

ईडी ने शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ नए सिरे से शनिवार को छापे मारे। अधिकारियों के अनुसार, जिन स्थानों पर तलाशी ली गई उनमें कोलकाता स्थित चटर्जी का आवास और इस मामले में जेल में बंद कथित बिचौलिए प्रसन्ना कुमार रॉय का घर शामिल हैं।

तृणमूल कांग्रेस से निलंबित नेता चटर्जी 2011 में पार्टी के सत्ता में आने से पहले उसके महासचिव और प्रमुख रणनीतिकार रह चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल केंद्रीय विद्यालय सेवा आयोग द्वारा कक्षा नौ से 12 तक के सहायक शिक्षकों की भर्ती से जुड़े कथित घोटाले में पूछताछ के लिए चटर्जी के तीन बार उपस्थित नहीं होने के बाद की गई। ईडी ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में जुलाई 2022 में चटर्जी को गिरफ्तार किया था।

### दिल्ली की रियल एस्टेट कंपनी के खिलाफ छापेमारी की, छह करोड़ नकदी बरामद

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली में स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी के खिलाफ छापेमारी के दौरान 6.3 करोड़ रुपये नकद और 7.5 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए हैं। यह कंपनी घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रही है और वर्तमान में दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुक्रवार को की गई, जिसमें कंपनी 'अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड' (ईआईएल) के पूर्व निदेशकों, प्रवर्तकों और उनसे जुड़े संस्थानों के दिल्ली और गुरुग्राम स्थित 10 परिसरों पर छापे मारे गए। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, कंपनी जून 2018 से कॉरपोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है।

उपलब्धि

50 वर्षों बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान, 11.17 लाख किमी का सफर तय किया, अब चांद पर उतरने की तैयारी में नासा

# आर्टेमिस-2' मिशन : चंद्रमा का चक्कर लगाकर लौटे 4 एस्ट्रोनॉट

- नासा के भारतीय मूल के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने कहा- चंद्रमा तक जाने का रास्ता खुल गया

वाशिंगटन, एजेंसी

तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह के बीच नासा के 'आर्टेमिस-2' मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री ऐतिहासिक चंद्र यात्रा पूरी करने के बाद प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतर गए। यह 50 वर्षों से अधिक समय बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान है।

नासा के भारतीय मूल के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने सैन डिएगो तट के पास शुक्रवार को (पूर्वी समयानुसार 8:07 बजे) पृथ्वी पर वापसी के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, चंद्रमा तक जाने का रास्ता खुल गया है, लेकिन आगे का काम पीछे किए गए काम से कहीं अधिक बड़ा है। इस मिशन में शामिल कमांडर रीड वाइसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन ने दिसंबर 1972 में हुए अपोलो 17 मिशन के बाद पहली बार चंद्रमा की यात्रा की। उड़ान निदेशक रिक हेनफ्लिंग ने कहा कि आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्री खुश और स्वस्थ हैं तथा ह्यूस्टन लौटने के लिए तैयार हैं। आर्टेमिस-2 पहला मानवयुक्त मिशन था जिसमें नासा के अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली रॉकेट और ओरियन क्रू मॉड्यूल का उपयोग किया गया, जिससे यह साबित हुआ कि एजेंसी का उपकरण अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा से बाहर भेजकर सुरक्षित वापस ला सकता है। अमित क्षत्रिय ने कहा, उड़ान निदेशक जेफ रेडिगन ने बताया था कि चंद्रमा तक ढाई लाख मील की दूरी तय करने के बाद लक्ष्य साधने के लिए हमारे पास एक डिग्री से भी कम का कोण था और टीम ने इसे सटीकता से हासिल किया। यह किस्मत नहीं, बल्कि एक हजार लोगों की मेहनत का नतीजा है।





अंतरिक्ष यात्री विक्टर ग्लोवर और क्रिस्टीना कोच सैन डिएगो एवं नासा का ओरियन अंतरिक्ष यान।

### पूर्ण सूर्यग्रहण का भी अवलोकन किया गया

यह चारों अंतरिक्ष यात्रियों के लिए शानदार यात्रा रही, जिसमें चंद्रमा के उस हिस्से को भी देखा गया जिसे पहले कभी मानव ने नहीं देखा था। इसके साथ ही पूर्ण सूर्यग्रहण का भी अवलोकन किया गया। प्रशांत महासागर में उतरने के बाद ओरियन कैप्सूल खुलते ही टीम ने राहत की सांस ली। हेनफ्लिंग ने कहा कि जैसे ही कैप्सूल खुला, उनकी टीम ने राहत की सांस ली। उन्होंने कहा, हमने नियंत्रण कक्ष टीम से बात की और परिवारों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। यह शानदार दिन था। हेनफ्लिंग ने बताया कि पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश के दौरान टीम को थोड़ी चिंता थी, लेकिन अपने प्रशिक्षण पर पूरा भरोसा था।

## न्यूज ब्रीफ

### आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी आंबेडकर जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में व्यापक आयोजन की तैयारी की जा रही है। राजधानी लखनऊ स्थित डॉ. अंबेडकर महासभा परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को अपराह्न 2 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित कई मंत्री और गणमान्य लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को पूरा प्रदेश 'आंबेडकरमय' नजर आएगा, जहां विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को याद किया जाएगा।

### तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने शनिवार देर शाम को तीन आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। जारी आदेश के अनुसार, देवरिया के एसपी संजीव सुमन को पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं, 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ की सेनानायक प्राची सिंह को एसपी अंबेडकरनगर और अंबेडकरनगर में तैनात अभिजीत आर शंकर को देवरिया का एसपी बनाया गया है।

# अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद

## प्रतापगढ़ में बड़ा बैंकिंग झटका: रिजर्व बैंक ने खराब वित्तीय स्थिति पर उठाया कदम

संवाददाता, रायबरेली

- बैंक के हजारों खाताधारकों की मुश्किलें बढ़नी तय

**अमृत विचार।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक सख्त कार्रवाई करते हुए नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड प्रतापगढ़ का लाइसेंस रद कर दिया। बैंक की लगातार खराब वित्तीय स्थिति, नियामकीय निर्देशों की अनदेखी और निगरानी ढांचे के उल्लंघन के चलते यह फैसला लिया गया। इससे बैंक से जुड़े प्रतापगढ़ जिले के हजारों खाताधारकों की मुश्किलें बढ़नी तय है।

आरबीआई की ओर से जारी निर्देश के तहत 10 अप्रैल के बाद से बैंक की सभी गतिविधियां तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गई हैं। अब यह बैंक ग्राहकों से न तो जमा स्वीकार करेगा और न ही भुगतान/निकासी नहीं कर सकता। किसी भी प्रकार का नया लोन जारी नहीं कर सकता।

बैंक को लिक्विडेशन (समापन) प्रक्रिया में डाल दिया गया है, जिसकी जिम्मेदारी रजिस्ट्रार को सौंपी गई है। प्रतापगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में इस बैंक के बंद होने से व्यापारियों, किसानों और छोटे जमाकर्ताओं को बड़ा झटका लगा है। नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द होना केवल एक बैंक का बंद होना नहीं, बल्कि पूरे सहकारी बैंकिंग सेक्टर के लिए एक चेतावनी है। आरबीआई का यह कदम साफ संकेत देता है कि नियमों से समझौता अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**जमाकर्ताओं के लिए राहत, पांच लाख तक सुरक्षित:** हालांकि इस फैसले से हजारों खाताधारकों में चिंता है, लेकिन राहत की बात यह है कि डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) के तहत प्रत्येक जमाकर्ता को पांच लाख रुपये तक की राशि सुरक्षित मिलेगी। छोटे खाताधारकों की पूरी जमा राशि कवर हो जाएगी।

**दो साल से चल रही थी सख्ती:** इस कार्रवाई की पृष्ठभूमि भी गंभीर रही है। अप्रैल 2024 में आरबीआई ने बैंक पर खातों से 10 हजार से अधिक निकासी, नए लोन, निवेश और देनदारियां लेने पर पाबंदी जैसे कड़े प्रतिबंध लगाए थे। इन प्रतिबंधों को कई बार बढ़ाया गया और आखिरी बार जनवरी 2026 में 15 अप्रैल 2026 तक बढ़ाया गया था, लेकिन स्थिति में सुधार न होने पर अंततः लाइसेंस रद कर दिया गया।

### खाताधारकों को करना पड़ेगा क्लेम

खाताधारक अपनी जमा राशि का विवरण सुरक्षित रखने के साथ ही क्लेम प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करें। आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर अपडेट चेक करें, किसी अफवाह से बचें और अधिकृत सूचना पर ही भरोसा करें।

### 15 लाख की लगाई जा चुकी थी पेनाल्टी

आरबीआई की हालिया रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में देश के 353 बैंकों पर 54.78 करोड़ की पेनाल्टी लगाई गई थी। इनमें 264 मामले सिर्फ सहकारी बैंकों के थे। सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ की पेनाल्टी केवाईसी नियमों का उल्लंघन, लोन वितरण में अनियमितता, साइबर सुरक्षा में कमजोरी, रिजर्व फंड बनाए रखने में चूक के कारण लगाई गई थी। इसमें यह बैंक भी शामिल है। इस पर दो बार 2022 में पांच और अप्रैल 2023 में 10 लाख की पेनाल्टी लगाई जा चुकी थी।

### जान देने का मामला: भाई ने कंधई पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- रुपये न देने पर कराई गई घटना

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिला कारागार में शुक्रवार को आग लगाकर जान देने वाले उन्नाव के बंदी दीपक उर्फ राहुल की मौत जलने के कारण हुई थी। इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है। वहीं दीपक के भाई रोहित कुमार ने इसे आत्महत्या मानने से इन्कार किया है। शुक्रवार देर रात पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे रोहित ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है। जिला कारागार में दुष्कर्म के आरोप में बंद 22 वर्षीय बंदी दीपक उन्नाव जिले के माखी थाने के पूर्वा मिर्जापुर रसूलाबाद गांव का था। उसके भाई रोहित कुमार ने आरोप लगाया कि कंधई पुलिस के जिस एसआई और चौकी इंचार्ज ने उसकी गिरफ्तारी की थी, उन लोगों ने मुकदमे में राहत दिलाने के नाम पर पैसे की मांग की थी। पूरा पैसा नहीं दे पाने पर यह घटना कराई गई। 14 अप्रैल को अगली सुनवाई की तारीख मिली थी। अभी तक इस पूरे मामले की शिकायत डर के कारण कहीं नहीं की गई थी, लेकिन अब की जाएगी। बंदी के शव का पोस्टमार्टम जिलाधिकारी के आदेश पर शुक्रवार रात में ही करा दिया गया। पैनल से हुए पोस्टमार्टम के बाद रात 11:45 बजे लाश को उन्नाव से आए बंदी के भाई रोहित समेत परिवार के लोगों को सौंप दिया गया। वह लोग उसे लेकर घर चले गए। जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि बंदी के परिवार या बंदी ने किसी तरह के उत्पीड़न की शिकायत जेल प्रशासन से नहीं की थी। जेल के बाहर कब और क्या हुआ, इस बारे में कुछ नहीं पता। जेल में 50 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिससे बंदियों पर नजर रखी जाती है। यह घटना भी काफी हद तक फुटेज में कैद हुई है। जांच की जा रही है।

### महिलाओं, बुजुर्गों की शिकायतों पर बरतें विशेष संवेदनशीलता : एसपी

**कुंडा, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया जाए। न्याय समय पर होता दिखना चाहिए। उक्त बातें कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए एसपी दीपक भूकर ने कही। एसपी ने कहा जमीन सम्बन्धी विवादों, पैमाइश एवं अवैध कब्जो से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाए। टीम स्थलीय निरीक्षण कर उभय पक्षों की मौजूदगी में निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए निस्तारण करें। एसपी ने मातहतों को हिदायत दिया कि पीड़ितों विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों की शिकायतों पर विशेष संवेदनशीलता बरतें। एसडीएम वाचस्पति सिंह ने पुलिस, राजस्व कर्मियों की टीम बनाकर निस्तारण को मौके पर भेजा। एसपी ने कोतवाली में पुलिस के आवासीय बैरकों का निरीक्षण किया, कार्यालय मे अभिलेखो के रख-रखाव का अवलोकन किया। जगह-जगह लटके तारों पर नाराजगी जताई, इसे दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। पुलिस टीम के साथ नगर का पैदल भ्रमण कर लोगों को शांति सुरक्षा के प्रति संदेश दिया।



शिकायतें सुनते एसपी दीपक भूकर।

### नाविकों एवं श्रद्धालुओं को दिया सेफ्टी किट

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मां बेल्हा देवी धाम सई नदी तट पर नाविकों एवं श्रद्धालुओं को सेफ्टी किट वितरित की गई। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य के प्रतिनिधि अरुण कुमार मौर्य एवं आशीष कुमार मौर्य पिंटू ने किट वितरित की। कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक सुरक्षित रहे। कोई भी नागरिक किसी दुर्घटना का शिकार ना हो। इसे देखते हुए प्रशासन की तरफ से यह वितरण कराया जा रहा है। इस दौरान तहसील प्रशासन के लोग भी मौजूद रहे।



नाविकों और श्रद्धालुओं के साथ विधायक प्रतिनिधि।

### घर-घर पहुंचेगी बिजली विभाग की टीम

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर बढ़ती शिकायतों के बीच योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 7 दिन का विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत विद्युत विभाग के अधिकारी घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से सीधे संवाद करेंगे और उनकी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करेंगे। स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं, बिलिंग विवाद और कनेक्शन संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।

### एसडीएम ने लेखपाल को निलंबित किया

**संवाददाता, रानीगंज (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** एसडीएम विमल कुमार ने रानीगंज तहसील के भीट और रोहखुर्द कला गांव में तैनात लेखपाल को निलंबित कर दिया। गांव के उनके कार्यों को लेकर स्थानीय किसानों ने लेखपाल के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। इस पर एसडीएम रानीगंज विमल कुमार ने भीट, रोहखुर्द कला के लेखपाल बृजेश नारायण तिवारी को निलंबित कर कर दिया है। किसानों के आरोपों की जांच नायब तहसीलदार को दी गई है। निलंबित लेखपाल को राजस्व निरीक्षक के यहां सम्बन्ध कर दिया है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम:** 1. वमई/द्वितीय/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न यार्डो के यार्ड सुधार कार्यो के लिए आरडीएसओ स्पेशिफिकेशन (प्राइवेट खदान से) मशीन से टूटी 65 एमएम आकार की पत्थर गिट्टी का निर्माण, आपूर्ति एवं चट्टा लगाने का कार्य (कुल 19 यार्ड) **ई-निविदा सूचना सं0:** एनईआर-बीएसबी-2026-08 **अनुमानित लागत (₹) :** 8,78,15,288/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 17,56,300/- **निविदा बंद होने की तिथि:** 26.05.2026 **स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 18 माह। **कार्य का नाम:** 2. वमई/द्वितीय/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत टिम्बल गेडो वोरस ट्राली पद्वति या इसी तरह के उपकरण प्रणाली का उपयोग करके प्री टैम्पिंग/पोस्ट टैम्पिंग माप द्वारा ट्रैक ज्यामिति का कार्य। **ई-निविदा सूचना सं0:** एनईआर-बीएसबी-2026-09 **अनुमानित लागत (₹) :** 2,06,25,533/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 4,12,500/- **निविदा बंद होने की तिथि:** 05.05.2026 **स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 18 माह। **कार्य का नाम:** 3. फेफना - औडिहार खण्ड में रेल की वेल्डिंग के लिए आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित 52किग्रा/60किग्रा के एल्युमिनो थर्मिक वेल्डिंग पोर्शन का विनिर्माण और आपूर्ति (कुल 1650 संख्या) **ई-निविदा सूचना सं0:** एनईआर-बीएसबी-2026-10 **अनुमानित लागत (₹) :** 36,31,059/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 72,600/- **निविदा बंद होने की तिथि:** 05.05.2026 **स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 06 माह। **कार्य का नाम:** 4. छपरा ग्रामीण ई आई सिस्टम के लिए एक स्टेशन एस एण्ड टी सर्विस भवन का प्रावधान, औड़िहार - छपरा अनुभाग में 29 अदद एस एण्ड टी आटो हट भवन तथा वमसिदूइ/II/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत 20,000 टीवीयू से अधिक वाले समपार गेट के इण्टरलाकिंग से सम्बन्धित सिविल कार्य (4 नम्बर)। **ई-निविदा सूचना सं0:** एनईआर-बीएसबी-2026-11 **अनुमानित लागत (₹) :** 10,04,61,116/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 20,09,200/- **निविदा बंद होने की तिथि:** 19.05.2026 **स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह। **कार्य का नाम:** 5. छपरा :- अमृत भारत ट्रेन के रखरखाव के लिए वाशिंग पिट नं0 1 एवं 2 का उन्नयन कार्य (2) छपरा में ट्रिप शेड की प्रथम तल पर दो कमरों का प्रावधान (3) छपरा में दूसरी प्रवेश द्वार पर ट्रेन पासिंग कार्यालय का प्रावधान (4) थावे में लिफ्ट की स्थापना से सम्बन्धित सिविल कार्य (कुल 2 अदद) **ई-निविदा सूचना सं0:** एनईआर-बीएसबी-2026-12 **अनुमानित लागत (₹) :** 6,14,52,389/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 12,29,100/- **निविदा बंद होने की तिथि:** 19.05.2026 **स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 15 माह।

- निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-08 दिनांक 26.05.2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगे।
- निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-09 से एनईआर-बीएसबी-2026-10 दिनांक 05.05.2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे।
- निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-11 से एनईआर-बीएसबी-2026-12 दिनांक 19.05.2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।
- यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)** **वाराणसी**

मुजाघि/डब्लू-20

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



CBSE Affiliation No : 2131062
School Code: 70242

**BABA GURUKUL ACADEMY**

ENGLISH MEDIUM SENIOR SECONDARY SCHOOL

**Unlocking and nurturing the potential within every child**

For Classes Nursery to IX & XI

Streams Available:
Science | Commerce | Humanities

ADMISSIONS OPEN

Session 2026-27



* Transport Facility is Available *

LOCATION
Bahraich Road, Near 10th Battalion PAC H.Q., Barabanki

CONTACT
9219982486
9196013856

E-Mail & Website
info@babagurukul.com
www.babagurukul.com



**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** भारत सरकार का उपक्रम | **Union Bank of India** A Government of India Undertaking

**ई-नीलामी बिक्री सूचना** (सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत)

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या 436 अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या-224001 ई-मेल : crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

**अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-IV- [ नियम 8(6) और नियम 9 (1) के प्रावधान को देखें ]**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पतियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक / बंधक है जिसका **सांकेतिक कब्ज़ा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है का विक्रय दिनांक **30.04.2026** (समयः **प्रातः 12 बजे से सायं 05 बजे तक**) को होने वाली ई. नीलामी में "जहाँ है" "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के" आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है। ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर लिंक उपलब्ध है। निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन ई-नीलामी द्वारा की जाएगी। नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां ऑनलाइन ई-नीलामी में वेबसाइट https://baanknet.com के द्वारा दिनांक **30.04.2026** को ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी ब्याज एवं अन्य कोई व्यय की वसूली के लिए बिक्री की जायेगी।

**ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से बेबसाइट : https://baanknet.com नीलामी की तिथि व समय - 30.04.2026 समय : प्रातः 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित) बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले ईएमडी जमा करानी होगी**

| 1. उधारकर्ता का नाम 2. जमानतकर्ता का नाम | अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/या परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) | अ) डिमांड नोटिस की तिथि 13(2) सरफेसी नियम 2002 ब) कब्जा की तिथि स) बकाया राशि द) कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर धनराशि स) वृद्धिशील बिड धनराशि द) प्राधिकृत अधिकारी |
|---|---|---|---|
| **शाखा : बाराबंकी (10662)** | | | |
| **उधारकर्ता : मैसर्स सत्यम इंटरप्राइजेज,** निवासी शांति विहार कॉलोनी, पल्हारी, पोस्ट बड़ेल, जिला बारबंकी, उ.प्र- 225001 (स्वामित्व फर्म) दिव्यांशु गुप्ता पुत्र संजीव गुप्ता निवासी मकान नं. 47, ग्राम कोटवा सड़क, हथौंदा, तहसील आर.एस. घाट, बाराबंकी, उ.प्र- 225001 **जमानतकर्ता व बंधककर्ता: श्री नीलमणि कांत** पुत्र राम हरख, निवासी ग्राम कोटवा सड़क पोस्ट हथौंदा, तहसील आर.एस. घाट, बाराबंकी, उ.प्र- 225001 | घर के सभी हिस्से - 1102.50 वर्ग फुट यानी 102.42 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के प्लॉट पर एक मंजिला घर का निर्माण किया। ग्राम-कोठी डीह (विस्तारित) में खसरा नंबर 128/177खा एम पर स्थित, क्षेत्र कोठी डीह विकास भवन और सर्वोदय मियोसियन जूनियर स्कूल, परगना व तहसील-नवाबगंज, जिला-बाराबंकी, संपत्ति के मालिक-श्री नीलमणि कांत पुत्र श्री राम हरख के नाम से जाना जाता है। **चौहद्दी :** उत्तर-दूसरे व्यक्ति का प्लॉट, दक्षिण-25 फीट चौड़ा रास्ता, पूर्व-25 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता, पश्चिम-दूसरे व्यक्ति का घर | अ) 02.02.2019 ब) 16.09.2022 स) रू. 13,89,752.00 दिनांक 01.01.2026 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 13,24,800.00 ब)रू. 1,32,480.00 स)रू. 13,248.00 द) श्री विनोद कुमार रजक 9453719742 |
| **शाखा : दरियापुर-सुलतानपुर (16712)** | | | |
| **उधारकर्ता : मेसर्स गोल्डन फ्रूट कंपनी,** (प्रो. श्री लियाकत अली पुत्र शौकत अली) नवीन सब्जी मंडी, अहमत सुल्तानपुर, जिला-सुल्तानपुर (उ.प्र) 228001ए श्री. लियाकत अली पुत्र शौकत अली, मकान नंबर 248/1, राईन नगर, सुल्तानपुर सिटी, जिला-सुल्तानपुर (उ.प्र.)- 228001 **जमानतकर्ता व बंधककर्ता: श्रीमती शाहिदा बेगम** पत्नी शौकत अली, मकान नंबर 248/1, रेन नगर, सुल्तानपुर शहर, जिला-सुल्तानपुर (उ.प्र) 228001 | गाटा संख्या 92 क्षेत्रफल 8-7/34 धूर 558 वर्ग फुट, ग्राम कैराबाद वार्ड 10 ए, राईन नगर, परगना मीरांपुर, तहसील सदर सुल्तानपुर, जिला- सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित आवासीय मकान के सभी भाग-228001 श्रीमती शायदा बेगम पत्नी श्री शौकत अली के नाम पर **चौहद्दी :** उत्तर - हाता श्रीमती विमला देवी, दक्षिण - इंटरलॉकिंग सड़क 8 फीट चौड़ी, पूर्व - श्री गुरफ़ान का घर, पश्चिम - इंटरलॉकिंग रोड 8 फीट चौड़ी | अ) 04.06.2025 ब) 03.11.2025 स) रू. 19,12,091.14 दिनांक 01.05.2025 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 18,77,400.00 ब)रू. 1,87,740.00 स)रू. 18,774.00 द) श्री जुगल किशोर रस्तोगी 8369134989 |

इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता से अनुरोध है कि ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी की बोली प्रस्तुत करने के पूर्व ई-नीलामी के नियम व शर्तो तथा अन्य ब्यौरे को बैंक की बेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर अवश्य देख लें। साथ ही इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता, बेबसाइट https://baanknet.com हेल्प लाइन ई-मेल आईडी **eauctionhelpdesk@unionbankofindia.bank** पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता के पास वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। विक्रय से संबंधित नियम व शर्ते प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन होंगें।

**Security Interest (Enforcement) Rule 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत 15 दिन की बिक्री सूचना**

इसे **Security Interest (Enforcement) Rule** 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई- नीलामी / बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 12.04.2026 | स्थान : अयोध्या | प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया



**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** भारत सरकार का उपक्रम | **Union Bank of India** A Government of India Undertaking

**ई-नीलामी बिक्री सूचना** (सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत)

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या 436 अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या-224001 ई-मेल : crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

**अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-IV- [ नियम 8(6) और नियम 9 (1) के प्रावधान को देखें ]**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पतियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक / बंधक है जिसका **सांकेतिक कब्ज़ा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है का विक्रय दिनांक **12.05.2026** (समयः **प्रातः 12 बजे से सायं 05 बजे तक**) को होने वाली ई. नीलामी में "जहाँ है" "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के" आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है। ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर लिंक उपलब्ध है। निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन ई-नीलामी द्वारा की जाएगी। नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां ऑनलाइन ई-नीलामी में वेबसाइट https://baanknet.com के द्वारा दिनांक **12.05.2026** को ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी ब्याज एवं अन्य कोई व्यय की वसूली के लिए बिक्री की जायेगी।

**ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से बेबसाइट : https://baanknet.com नीलामी की तिथि व समय - 12.05.2026 समय : प्रातः 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित) बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले ईएमडी जमा करानी होगी**

| 1. उधारकर्ता का नाम 2. जमानतकर्ता का नाम | अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/या परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) | अ) डिमांड नोटिस की तिथि 13(2) सरफेसी नियम 2002 ब) कब्जा की तिथि स) बकाया राशि द) कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर धनराशि स) वृद्धिशील बिड धनराशि द) प्राधिकृत अधिकारी |
|---|---|---|---|
| **शाखा : इस्माईल नगर (14532)** | | | |
| **उधारकर्ता : (1) मेसर्स राम नारायण कालिका प्रसाद ट्रेडर्स,** (प्रो. श्रीमती शिववती पत्नी श्री देवराज गोस्वामी) ग्राम-सारंगापुर बिसौली, पोस्ट- बड़ागांव मुस्तफाबाद फैजाबाद, जिला-अयोध्या (उ.प्र) 224126 **(2) श्रीमती शिववती** पत्नी श्री देवराज गोस्वामी, ग्राम-सारंगापुर बिसौली, पोस्ट-बड़ागांव मुस्तफाबाद फैजाबाद, जिला-अयोध्या (उ.प्र.) 224126 **जमानतकर्ता व बंधककर्ता: श्री देवराज गोस्वामी** पुत्र देवता प्रसाद, ग्राम-सारंगापुर बिसौली, पोस्ट-बड़ागांव मुस्तफाबाद फैजाबाद, जिला-अयोध्या (उ.प्र) 224126 | मकान नंबर 27, प्लॉट नंबर 467खा, ग्राम बिसौली, मौजा सारंगपुर, परगना मगलसाई तहसील सोहावल जिला-अयोध्या, यूपी में स्थित आवासीय घर के सभी हिस्से और पार्सल। 224126 क्षेत्रफल 664.48 वर्ग मीटर। या 7149.80 वर्गफुट. मालिक श्रीमती. शिववती पत्नी श्री देवराज गोस्वामी। **चौहद्दी :** उत्तर - श्री भुलई प्रसाद का घर, दक्षिण - श्री राजदेव का घर , पूर्व - देवराज गोस्वामी की भूमि, पश्चिम - श्री गोकरण की आबादी भूमि | अ) 10.06.2025 ब) 19.11.2025 स) रू. 15,08,752.50 दिनांक 01.05.2025 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 43,24,000.00 ब)रू. 4,32,400.00 स)रू. 43,240.00 द) श्री जुगल किशोर रस्तोगी 8369134989 |
| **शाखा : बाराबंकी (10662)** | | | |
| **उधारकर्ता : मेसर्स सोमिल ट्रेडर्स,** निवासी अलीपुर चौराहा, गवारी रोड, पोस्ट -श्री राम वन कुटीर, तहसील नवाबगंज, ज़िला - बाराबंकी, उत्तर प्रदेश 225001 (एकल स्वामित्व वाली फ़र्म) प्रोपराइटर श्री रति भान पुत्र बिंद्रा प्रसाद, निवासी अलीपुर चौराहा, गवारी रोड, पोस्ट -श्री राम वन कुटीर, तहसील नवाबगंज, ज़िला - बाराबंकी, उत्तर प्रदेश 225001 **जमानतकर्ता व बंधककर्ता: श्रीमती ममता** पत्नी श्री अरविंद कुमार, निवासी ग्राम आदमपुर भटपुरा, पोस्ट भानमऊ, परगना व तहसील नवाबगंज, ज़िला बाराबंकी, उ.प्र. 225001 | उस मकान का पूरा हिस्सा, जो खसरा संख्या 430 S के प्लॉट संख्या 9 और 10 पर एक मंज़िला मकान के रूप में बना है; ग्राम नरौना, परगना काकोरी, तहसील लखनऊ, ज़िला लखनऊ, उ.प्र. जिसका क्षेत्रफल 278.81 वर्ग मीटर है और जो श्रीमती ममता पत्नी श्री अरविंद कुमार के नाम पर दर्ज है। **चौहद्दी :** उत्तर - 20 फ़ीट चौड़ी सड़क, दक्षिण - प्लॉट संख्या 8, पूर्व - प्लॉट संख्या 1 और 2, पश्चिम - 20 फ़ीट चौड़ी सड़क | अ) 03.04.2019 ब) 19.11.2025 स) रू. 18,51,048.00 दिनांक 01.04.2026 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 31,87,000.00 ब)रू. 3,18,700.00 स)रू. 31,870.00 द) श्री विनोद कुमार रजक 9453719742 |

इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता से अनुरोध है कि ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी की बोली प्रस्तुत करने के पूर्व ई-नीलामी के नियम व शर्तो तथा अन्य ब्यौरे को बैंक की बेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर अवश्य देख लें। साथ ही इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता, बेबसाइट https://baanknet.com हेल्प लाइन ई-मेल आईडी **eauctionhelpdesk@unionbankofindia.bank** पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता के पास वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। विक्रय से संबंधित नियम व शर्ते प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन होंगें।

**Security Interest (Enforcement) Rule 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत 30 दिन की बिक्री सूचना**

इसे **Security Interest (Enforcement) Rule** 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई- नीलामी / बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 12.04.2026 | स्थान : अयोध्या | प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

# जलता कौवा खेत में गिरा, तीन सौ बीघा गेहूं की फसल राख में तब्दील

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया था पक्षी, एक अन्य स्थान पर 150 बीघा फसल जली

**आग का कहर**

**त्रिवेदीगंज, निन्दूरा, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** शनिवार को आग ने जिले में दो जगहों पर कहर ढा दिया। एक जगह उच्च क्षमता की लाइन से गिरे जलते कौवे ने खेतों में ऐसी आग भड़काई कि चार गांवों की करीब तीन सौ बीघा फसल आंखों के सामने राख हो गई, दूसरी जगह पर अचानक लगी आग से करीब डेढ़ सौ बीघा फसल आग की भेंट चढ़ी। दोनों ही घटनाओं में दमकल की लापरवाही सामने आई। पहली घटना लोनीकटरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई। आग की शुरुआत बीरमपुर गांव के अवधेश तिवारी के खेत से हुई, 33 केवी की क्षमता वाली लाइन के तारों पर बैठा कौआ करंट खाकर जलता हुआ खेत में गिरा और पल भर में फसल ने आग पकड़ ली। इसके बाद सुनील सिंह, कल्याण मिश्र, राकेश गौतम, चंदा गौतम, भोला नाथ, अरूण कुमार आदि की फसलें आग की भेंट चढ़ती गईं। समय रहते दमकल विभाग को सूचना दी गई पर मौके पर कोई नहीं पहुंचा। अन्य किसानों के साथ ही राहुल तिवारी की 15 बीघे फसल में एक दाना नहीं बचा। अरुण नामक किसान ने जोताई शुरु कर दी, जिससे आग और फैलने से बच गई। करीब एक घंटे बाद हैदरगढ़ व रामसनेहीघाट से दो गाड़ियां पहुंची पर उनके करने लायक कुछ बचा ही नही था। ग्राम बीरमपुर, सादुल्लापुर, कांधीपुर व त्रिलोकपुर के दर्जनों किसानों की 3 सौ बीघा फसल जलाकर राख कर डाली। हादसे का जायजा लेने एसडीएम, सीओ समेत प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची।

वहीं दूसरी घटना में घुंघटेर थाना क्षेत्र की धरौरा पंचायत दांडीतुला से लेकर अखौरा तक शनिवार को भीषण आग लगने से लगभग 150 बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई। तेज हवा के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। थाना प्रभारी बेचू यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इधर, राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन शुरू किया। उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह ने बताया कि लेखपाल को नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। दो घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया।


बीरमपुर में धू-धूकर जलती गेहूं की फसल। • अमृत विचार

### बेकरी में आग से लाखों का नुकसान

**बाराबंकी: अमृत विचार :** दुलारा कॉम्प्लेक्स निवासी सुनील टंडन की छाया चौराहा पर संचालित बेकरी में शनिवार सुबह करीब सात बजे अचानक आग लग गई। लोगों ने तुरंत दुकान मालिक को सूचना दी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में बेकरी में रखा खाद्य सामग्री, फर्नीचर, फ्रिज सहित अन्य सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। दुकान मालिक सुनील टंडन के अनुसार, बिजली मीटर के पास शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी।

## बोर्ड बैठक में 17.61 करोड़ का बजट पारित


बैठक में मौजूद ईओ व सभासद। • अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत बंकी में शनिवार को बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष इरफाना खातून ने की। बैठक में अधिशाषी अधिकारी मोहिनी केसरवानी सहित सभी सभासद एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नगर के समग्र विकास, साफ-सफाई व्यवस्था, नियमित कूड़ा उठान, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत व नई लाइटें लगाने, सड़कों की मरम्मत तथा जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नालों की सफाई अभियान तेज करने पर चर्चा हुई। पेयजल व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति और जल निकासी सुधार पर भी चर्चा हुई। वित्त वर्ष 2026-27 का बजट 17 करोड़ 61 लाख रुपये प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बजट में विकास कार्यों के लिए प्रावधान किया गया है। अध्यक्ष इरफाना खातून ने समन्वय के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की अपील की, जबकि ईओ मोहिनी केसरवानी ने तय समय में कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।

### पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन


खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्राचार्य। • अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने अंतर विश्वविद्यालयीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के बीए षष्ठम सेमेस्टर के छात्र अवधेश कुशवाहा ने डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए नॉर्थ जोन पुरुष खो-खो टीम में प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित हुई, जहां उन्होंने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में बीए षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा शिवानी रावत ने भी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, हरियाणा में आयोजित नॉर्थ जोन महिला खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने दोनों खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान डॉ. विवेक कुमार मिश्र, डॉ. रामकुमार सिंह, डॉ. के.पी. सिंह, शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अरविंद यादव व डॉ. संजय तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### एंटी रोमियो टीम ने बढ़ाया सुरक्षा का भरोसा


जांच-पड़ताल करतीं महिला सिपाही। • अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना देवा की एंटी रोमियो टीम में तैनात महिला आरक्षी शीतल सिंह और अनुराधा पाल अपनी सतर्कता और सक्रियता से कस्बे में सुरक्षा का संदेश दे रही हैं। दोनों महिला सिपाहियों ने संयुक्त रूप से कस्बा देवा के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और हालात का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से बाजार, सार्वजनिक स्थलों और शिक्षण संस्थानों के आसपास निगरानी रखी तथा लोगों से संवाद भी किया। दोनों की मुस्तैदी से न सिर्फ मनचलों पर अंकुश लग रहा है, बल्कि आम लोगों, खासकर महिलाओं और छात्राओं में सुरक्षा का भरोसा भी बढ़ा है। स्थानीय लोगों ने भी टीम की सक्रियता की सराहना की।


शपथ लेते जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। • अमृत विचार

### अशोक सिंह तीसरी बार निर्विरोध बने जिलाध्यक्ष

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन शनिवार को सर्वोदय इंटर कॉलेज, विशुनपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि योगेश त्यागी ने शिक्षक एकजुटता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री नरेश कौशिक ने संगठन को शिक्षकों के हितों के लिए प्रतिबद्ध बताया। अधिवेशन में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। अशोक कुमार सिंह लगातार तीसरी बार जिलाध्यक्ष बने, जबकि मो. इखलाक जिला महामंत्री चुने गए। अन्य पदाधिकारियों में विनीत राय (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), सनाउल मुस्तफा, कामराज, मंजुला सिंह, इमामुद्दीन अंसारी, सल्पू राम, अश्विनी कुमार पांडे उपाध्यक्ष, सत्यदेव सिंह मंत्री, अर्चना बैसवार, मो. असलम, हर्षिता पाल, विनोद कुमार वर्मा, शशि बाला सिंह राठौड़, मधु संयुक्त मंत्री, रवि बाला सिंह कोषाध्यक्ष, शत्रुघ्न लाल ऑडिटर, शारदा अकाउंटेंट, डॉ. विकास चंद्र शर्मा मीडिया प्रभारी तथा मायाराम संगठन मंत्री शामिल हैं। अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रेम चंद्र लोधी ने तथा संचालन कमलेश वर्मा ने किया।

## 1.26 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी: अमृत विचार :** एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बाराबंकी की टीम ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सक्रिय तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 630 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 26 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शाने हुसैन पुत्र मो. इमरान निवासी ग्राम सआदतगंज थाना मसौली के रूप में हुई है। यह गिरफ्तारी शुक्रवार को त्रिलोकपुर मोड़, बिन्दौरा पुल के पास थाना मसौली क्षेत्र में की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास से हेरोइन के अलावा एक मोटरसाइकिल, एक एंड्रॉयड मोबाइल और 245 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। इस संबंध में थाना मसौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# हादसों में युवक की मौत, 4 घायल

**बाराबंकी: अमृत विचार :** शनिवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दंपति समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोठी प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र के बीसमील चौराहे के पास पिकअप और बाइक की टक्कर में कमलाबाद गांव निवासी 30 वर्षीय सियाराम की मौत हो गई, जबकि उनके साथी पूरे गौतम गांव निवासी रन बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बिना हेलमेट बाइक से लाखूपुर बाजार जा रहे थे। तेज रफ्तार पिकअप हैदरगढ़ की ओर से आ रही थी और अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई। घायलों को सीएचसी कोठी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सियाराम को मृत घोषित कर दिया। रन बहादुर को जिला अस्पताल रेफर किया गया। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के बड़ी छंदवल गांव में तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा पलटने से 15 वर्षीय अतुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि 17 वर्षीय विक्की को भी चोटें आईं। दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से अतुल की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि विक्की का उपचार जारी है। इसी क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर दिलौना मोड़ के पास एक अन्य हादसे में खड़ी कार का दरवाजा अचानक खुलने से पीछे से आ रही बाइक टकरा गई। हादसे में दरियाबाद थाना क्षेत्र के कोटवा निवासी अमरेश यादव और उनकी पत्नी सुधा देवी घायल हो गए। दोनों को सीएचसी ले जाया गया, जहां से अमरेश को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया।

**घायल की इलाज के दौरान मौत : रामसनेहीघाट :** क्षेत्र में शुक्रवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए साइकिल सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को जैसे ही शव गांव पहुंचा, मातम पसर गया। क्षेत्र के लोधेसिंह पुरवा गांव निवासी राम विलास शुक्रवार रात कोटवा मार्ग से साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में गांव राजपुर के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी। घायल राम विलास को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**हैदरगढ़, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में बांदा-बहराइच मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास शनिवार सुबह एक अज्ञात वृद्ध महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया है। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है।

### डिजिटल युग में फोटोग्राफी-सिनेमैटोग्राफी पर कार्यशाला


कार्यशाला में मौजूद मुख्य वक्ता व अन्य। • अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन संस्थान द्वारा पिक्सल्स टू परसेप्शन : मास्टरिंग फोटोग्राफी एंड सिनेमैटोग्राफी इन द डिजिटल रिवोल्यूशन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग में फोटोग्राफी एवं सिनेमैटोग्राफी के आधुनिक तकनीकी और रचनात्मक पहलुओं से परिचित कराना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता अमित सक्सेना रहे, जिनके पास कॉर्पोरेट फोटोग्राफी के क्षेत्र में 15 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वे पिछले तीन वर्षों से कैनन से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अपने सत्र में हाइब्रिड शूटिंग तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी तथा तकनीकी दक्षता, रचनात्मक दृष्टिकोण और एडवांस एडिटिंग तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. रजाउर रहमान ने अतिथि का स्वागत एवं सम्मान किया। सह-संयोजक संदीप सिंह ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस कार्यशाला में मीडिया स्टडीज, क्रिएटिव राइटिंग एवं एग्रीकल्चरल जर्नलिज्म के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## भाजपा का मंडल प्रशिक्षण वर्ग शुरू

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर-फतेहपुर मार्ग स्थित ग्राम किसुनपुर के एक पैलेस में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कहा कि संगठन की असली ताकत समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कमलेश अवस्थी ने की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय प्रकाश मिश्रा, मंडल वर्ग प्रभारी अजीत वर्मा 'गुड्डू', पूर्व महामंत्री लालता प्रसाद, महामंत्री रवि शर्मा, इंद्रमणि उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार

### हर्बल गार्डन कार्यशाला में औषधीय पौधों की दी जानकारी

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** साईं ग्रुप ऑफ कॉलेज, बेलहरा रोड फतेहपुर में राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) के सहयोग से स्थापित हर्बल गार्डन में औषधीय पौधों की पहचान एवं उपयोगिता पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में आयुर्वेदाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी ने छात्रों को औषधीय पौधों के महत्व और आयुष आधारित प्राचीन चिकित्सा पद्धति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों के ज्ञान के अभाव में ये धीरे-धीरे लुप्त हो रहे हैं, जिन्हें संरक्षित करना आवश्यक है। संस्था अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने गार्डन में मौजूद ब्राह्मी, तुलसी, घृतकुमारी, वच, शतावर, हड़जोड़, अमृता, निर्गुण्डी, कचनार, हरसिंगार, कालमेघ सहित करीब 25 औषधीय पौधों का परिचय दिया और उनके औषधीय उपयोग बताए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक विपिन राठौर, उप प्रबंधक विक्रांत राठौर, प्राचार्य डॉ. दिनेश शुक्ला सहित अन्य शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता का तख्त जलाने वालों पर केस

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बारा टोल प्लाजा कर्मियों की पैरवी करने पर वकील के तख्त पर तोड़फोड़ कर आग के हवाले करने के मामले ने गंभीर मोड़ ले लिया है। न्यायालय कर्मी की ओर से अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बताते चलें कि हैदरगढ़ के बारा टोल प्लाजा पर कर्मियों व वकीलों के मध्य विवाद हुआ था। जिसके बाद कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर इन्हे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने कचहरी के वकील मनोज शुक्ल का सहारा लिया। गत 5 फरवरी को नारेबाजी करते हुए कुछ लोग मनोज शुक्ल के तख्त पर पहुंचे और बेंच तख्त में आग लगा दी। पुलिस ने तहरीर के अनुसार संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।


शिलान्यास करते विधायक साकेंद्र वर्मा। • अमृत विचार

### गौशाला का शिलान्यास, छुट्टा मवेशियों से मिलेगी राहत

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र के मियापुर में वृहद गौशाला निर्माण के लिए विधायक साकेंद्र वर्मा ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। करीब 2 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह गौशाला क्षेत्र में छुट्टा मवेशियों की समस्या के समाधान में अहम भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि गौवंश संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है और निराश्रित पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक गौशालाओं का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्रों में विकास कार्यों को शहरों की तर्ज पर आगे बढ़ाया जा रहा है। ईओ संध्या मिश्रा ने बताया कि गौशाला में पशुओं के लिए चारा, स्वच्छ पेयजल और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा रखरखाव का विशेष ध्यान रखा जाएगा। कार्यक्रम में चेयरमैन इरशाद अहमद कमर, करुणा शंकर शुक्ल, महंत हेमंत दास, सभासद टीनू जैन, अंशुमान मिश्र, अंकित जोशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पॉक्सो एक्ट पर कार्यशाला आयोजित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ताराश्री फाउंडेशन द्वारा व्यवहार संबंधी सावधानी एवं सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणा गीत के साथ हुई। संस्थापिका विभा जी ने विषय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं के लिए सुरक्षित व्यवहार और सुरक्षित वातावरण के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है। मुख्य रिसोर्स पर्सन इप्शा ने प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान फाउंडेशन के सह-संस्थापक राजीव गुप्ता, डॉ. स्नेह लता, संप्रिया, श्रीकांत और कुसुम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उदयन शीलिनी फेलोशिप और डिजिटल लिटरेसी प्रोग्राम के अंतर्गत चयनित 92 युवाओं ने भाग लिया।

### केन्द्रीय टीम ने किया निरीक्षण


निरीक्षण करती टीम। • अमृत विचार

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड निन्दूरा में शनिवार को नीति आयोग के अतिरिक्त निदेशक महेन्द्र कुमार ने विभिन्न विभागों की योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। दौरे की शुरुआत कंपोजिट विद्यालय बहरौली से हुई, जहां बच्चों से संवाद किया। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र बहरौली (तृतीय) और सीएचसी घुंघटेर का निरीक्षण किया गया। । सीएम फेलो डॉ. अलकमा ने बताया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत छह में से चार इंडिकेटर पूरे कर लिए गए हैं। इस दौरान खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला की पिटाई कर छत से फेंका, ट्रामा सेंटर रेफर

**दहेज उत्पीड़न**

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का शिकार महिला की ससुराल में जमकर पिटाई की गई, इसके बाद जान लेने की नीयत से छत से नीचे फेंक दिया गया। गंभीर दशा में महिला को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखपुर अलीपुर की रहने वाली जेबा परवीन ने तहरीर में बताया कि उसका निकाह 25 मार्च 2022 को महमूद आलम निवासी ग्राम गदिया के साथ हुआ था, रुखसती 21 नवंबर 2024 को हुई। रुखसती के कुछ समय बाद ही उसका पति सऊदी अरब चला गया।

ससुराल वालों ने एक लाख रुपये की मांग को लेकर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती और पति भी फोन पर तलाक देने की धमकी देता रहा। आरोप है कि 30 मार्च को दोपहर सास, ननद और अन्य परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर जेबा के साथ बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने की नीयत से उसे छत से नीचे फेंक दिया। जिससे उसका एक पैर व कई दांत टूट गए और शरीर पर गंभीर चोटें आईं।

उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। आरोप है कि ससुराल वाले उसे अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**प्रतिभा सम्मान समारोह** | प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में 530 मेधावियों को किया गया सम्मानित

# मेहनती छात्रों को अवश्य मिलती है सफलता

**देवा, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज नरैनी में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने विद्यालय के 530 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता और मेहनती छात्रों को सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि मंच पर सम्मानित हो रहे छात्र-छात्राएं दूसरों के लिए प्रेरणा हैं, वहीं जो छात्र इस बार मंच तक नहीं पहुंच सके, वे भी भविष्य में कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल कर सकते हैं।



कार्यक्रम में मेधावियों को सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि। • अमृत विचार

प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को प्रेरणा मिलती है और वे अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक गंभीर होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम कुमार गिरि ने की। उन्होंने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान निरंतर माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की वरीयता सूची में स्थान बनाता रहा है और आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखेगा। कार्यक्रम का संचालन आशीष पाठक ने किया, जबकि अंत में प्रधानाचार्य इन्द्र कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

### महात्मा फुले जयंती पर सपा कार्यालय में गोष्ठी


पुष्पांजलि अर्पित करते सपा जिलाध्यक्ष व अन्य। • अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में ज्योतिबा राव फुले की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि महात्मा फुले के अनुसार शिक्षा वही है जो सही और गलत में अंतर करने की क्षमता विकसित करे। उन्होंने कहा कि फुले ने शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने तथा शिक्षा के माध्यम से समाज में समान अवसर दिलाने का कार्य किया। कार्यक्रम में हुमायूं नईम खान, सपा प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी वीरेन्द्र प्रधान जितेंद्र पटेल, सुरेश चंद्र गौतम, अजय वर्मा बबलू, राजेश वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने 186 भक्तों को अयोध्या के लिए किया रवाना


**उन्नाव, अमृत विचार।** सदर विधायक पंकज गुप्ता ने श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के तहत करीमाबाद से श्रद्धालुओं के जत्थे को अयोध्या रवाना किया। निजी संसाधनों से संचालित इस यात्रा में विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के गांव करीमाबाद से 186 श्रद्धालुओं को सदर विधायक ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। इस अवसर पर उन्होंने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और कहा कि यह आयोजन उनके जीवन का सबसे अमूल्य अनुभव है। कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा है कि मुझे देवतुल्य बुजुर्गों व मातृ-शक्ति को पावन धाम की यात्रा कराने का सौभाग्य मिला। बसों के रवाना होते ही क्षेत्र जय श्री राम के उद्घोष से सराबोर हो गया। इसमें जिला कोषाध्यक्ष अमित त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष सर्वेश लोधी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुरुचरण लोधी, प्रधान कमल किशोर, दीपू, अनिल, संजीत, पूर्व प्रधान लउवा महराज, दिनेश तिवारी, मनीष, मुन्नीलाल रावत, सुधीर राजपूत आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर घायल

**सफीपुर, अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत खादिम अली खेड़ा गांव निवासी मुन्ना (55) पुत्र मैकू मजदूरी करता है। शनिवार सुबह वह घर से पैदल काम पर जा रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कस्बे स्थित एक गेस्ट हाउस के सामने अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर से घायल हो गया। लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी पर ट्रैफिक दरोगा संजय पांडेय ने घायल युवक से घटना की जानकारी ली है।

# सर्वोदय नगर में बनेगी 23 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी

## अमृत पेयजल योजना के तहत घरों में पहुंचेगा पानी, 25 हजार लोग होंगे लाभान्वित





सर्वोदय नगर में पानी की टंकी बनवाने के लिये जेसीबी से होता काम। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** अमृत पेयजल योजना के तहत शहर में घर-घर स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए जल निगम द्वारा कार्य तेज कर दिया गया है। अब जोन 4 की प्रस्तावित पानी की टंकी गोपीनाथपुरम के स्थान पर सर्वोदय नगर में बनेगी। करीब 2 करोड़ की लागत से बनने वाली इस टंकी का निर्माण शनिवार से शुरू हो गया है।

23 लाख लीटर क्षमता वाली यह पानी की टंकी आसपास के कंचन नगर ए, कंचन नगर बी, गायत्री नगर, डाकतार कॉलोनी, अवधपुरी, झंडा चौराहा, आदर्श नगर, मंशा खेड़ा व सर्वोदय नगर आदि मोहल्लों को जलापूर्ति करेगी। इससे करीब 25 हजार की आबादी को लाभ मिलेगा। अमृत योजना के तहत यह परियोजना सितंबर 2023 में शुरू हुई थी। जिसकी डेडलाइन वर्ष 2025 निर्धारित की गई थी, लेकिन कार्य की व्यापकता को देखते हुए इसे बढ़ाकर 2027 कर दिया गया है।

जल निगम के अधिकारियों के अनुसार समय से कार्य पूर्ण कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहर में पहले ही चंपापुरवा, श्रीनगर, सीताराम, ऋषि नगर और गायत्री नगर में पानी की टंकियां बनकर तैयार हो चुकी हैं। अब सर्वोदय नगर में नई टंकी बनने से जलापूर्ति व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

**सब्जी मंडी के लिए नई जगह की तलाश:** जिस स्थान पर अब पानी की टंकी बनाई जा रही है, वहां पहले सब्जी मंडी प्रस्तावित थी। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने बताया कि योजना में बदलाव के बाद अब सब्जी मंडी के लिए नगर में किसी अन्य उपयुक्त स्थान की तलाश की जाएगी।

**मुख्य पाइपलाइन से जोड़ने का काम शुरू:** अमृत योजना के तहत फोरलेन पर बिछी मुख्य पाइप लाइन को नगर पालिका की पाइप लाइन से जोड़ने का कार्य तेजी से चल रहा है। शनिवार को पालिका के सामने खुदाई कर कनेक्शन जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई, जिससे आगे जलापूर्ति सुचारू होगी।

### महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**उन्नाव, अमृत विचार।** गदनखेड़ा स्थित बौद्ध विहार पार्क में महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर एक समारोह आयोजित हुआ। संयुक्त श्रीमाली महासंघ एवं गौतम बुद्ध जन सेवा चेतना समिति के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शुरुआत में सदर विधायक ने भगवान बुद्ध, महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्री बाई फुले के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। आयोजकों ने विधायक को बड़ी माला व अंगवस्त्र पहनाया। विधायक ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन समानता व न्याय का पर्याय है। इस दौरान अनुराग अवस्थी, आनंद अवस्थी, सोहनलाल श्रीमाली, छोटेलाल श्रीमाली, उत्तम शुक्ला, अश्वनी सैनी व मुकेश सैनी आदि रहे।

### नवाबगंज टोल प्लाजा पर कैश लेन-देन बंद, यूपीआई से भुगतान पर लगेगा 25% अतिरिक्त चार्ज

**नवाबगंज, उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सफर करने वालों के लिए बड़ी खबर है। डिजिटल इंडिया अभियान को गति देने व टोल पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए नवाबगंज टोल प्लाजा पर नकद (कैश) भुगतान की व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। एनएचएआई के निर्देशानुसार शनिवार से टोल प्रबंधन ने कैश काउंटर बंद कर दिए हैं। अब टोल बूथों पर तैनात कर्मचारी नकद राशि स्वीकार नहीं कर रहे हैं। वाहनों को निकलने के लिए केवल दो ही विकल्प दिए जा रहे हैं। टोल मैनेजर दीपक यादव ने बताया कि जिन वाहनों पर फास्टैग नहीं लगा है, खराब है या ब्लैकलिस्ट है उन्हें यूपीआई से भुगतान करना होगा। यूपीआई से भुगतान करने वाले चालकों को 25% अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा। प्रबंधन के अनुसार नकद लेन-देन से टोल पर जाम लगता था और पारदर्शिता भी कम रहती थी। इस नई व्यवस्था से वाहन बिना रुके निकल सकेंगे। समय व ईंधन की बचत होगी। लेनदेन पूरी तरह पारदर्शी व डिजिटल होगा। टोल प्रबंधन ने यात्रियों से अपील की कि असुविधा व अतिरिक्त जुर्माने से बचने के लिए अपने फास्टैग को हमेशा रिचार्ज रखें।

### मजदूरी कर लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में गई जान

**हसनगंज, उन्नाव।** मजदूरी पर थ्रेसरिंग कराकर लौट रहे मजदूर को गांव के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के सूबेदार खेड़ा गांव निवासी सर्वेश रावत (40) पुत्र स्व. राम चरन मजदूरी कर परिवार पालता था। बीती देररात वह गांव के गेहूं की थ्रेसरिंग करवा कर पैदल लौट रहा था। तभी हसनगंज-मुंशीगंज मार्ग पर गांव के सामने बने पंचायत भवन के पास अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारता हुआ भाग निकला। लोगों की सूचना पर जब तक परिजन पहुंचे उसकी मौत हो गई। चाचा बलवीर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। छोटे भाई बृजेश ने बताया कि वह 5 भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसके 4 र बेटियों में अंजलि, शिवानी, विनीता व सुनीता हैं। पति की मौत से पत्नी नन्नकी रो-रोकर बेहाल है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश में सीसीटीवी खंगालने की बात कही है। लेकिन ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे सोलर पैनल से संचालित हैं। जो रात में बंद हो जाते हैं।



### परिषदीय स्कूलों में दिए जाते हैं अच्छे संस्कार



बच्चों के साथ शिक्षक विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** विकं बिछिया के पूर्व मावि कोरारी कला कंपोजिट में प्रभारी प्रधान शिक्षक व जिलाध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ अनुपम मिश्र के संयोजन में स्कूल चलो अभियान, शिक्षा चौपाल व मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम हुआ। इसमें शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में संदेश जाता है कि परिषदीय विद्यालयों में अच्छे संस्कार मिलते हैं। भाजपा जिलाअध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि अभियान चलाकर बच्चों का नामांकन कराया जाए। भाजपा नेता सिद्धार्थ दीक्षित ने कहा कि यह बच्चे ही भारत का भविष्य हैं। इस मौके पर बीईओ संजय कुमार, ग्राम प्रधान वरुणा देवी, सुरेश कुशवाहा, राघवेंद्र सिंह, रामजन्म सिंह, सूर्य प्रसाद, विद्या भास्कर द्विवेदी, अनूप शुक्ला, उमेश मिश्रा, शशिराज सिंह, राजेश कुशवाहा, विवेक सिंह, बउआ अवस्थी, सत्यनारायण पटेल, एआरपी विनोद अज्ञानी आदि मौजूद रहे।

### महिला श्रमिकों को किया गया जागरूक



महिला श्रमिकों को जानकारी देतीं एसओ। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** एसएसपी जयप्रकाश सिंह के निर्देश पर जारी मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत शनिवार को सदर कोतवाली अंतर्गत फैक्ट्री की महिला श्रमिकों को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। उन्हें शासन की महिलाओं के लिए जारी योजनाओं को भी बताया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा सिंह, परिवार परामर्श केंद्र समिति प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने टीम सदस्य पूजा व अंजुला त्रिपाठी के साथ मगरवारा में 200 महिला श्रमिकों को जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इसके साथ महिलाओं को अफसरों के सीयूजी नंबर भी दिये गए। एसओ रेखा सिंह ने महिलाओं को आत्मनिर्भर, निडर बनने के लिए प्रेरित कर कहा कि किसी प्रकार की समस्या आने पर वे तत्काल सहायता ले सकती हैं।

### स्वच्छता के दावे हवा-हवाई, आंदोलन की धमकी



शहर की गलियों में फैला कूड़ा। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता तन्मय श्रीवास्तव के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया जहां नपा की लापरवाही उजागर हुई। भ्रमण के दौरान मिला कि शहर की मुख्य सड़कें व फुटपाथ कूड़े के ढेरों से पटे पड़े हैं। तन्मय ने कहा कि नगर पालिका ने फुटपाथों का निर्माण शायद जनता के चलने के लिए नहीं बल्कि कूड़ा डंप करने के लिए किया है। पदाधिकारियों ने छोटा चौराहा, लोक नगर, मोती नगर व दरोगाबाग जैसे घने क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान मीशम रज़ा, अरविंद सोनी, सुरेंद्र रावत, बंसीलाल, विजय, विवेक आदि रहे। प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष शाश्वत बाजपेई ने कहा यदि 48 घंटों में गंदगी व अव्यवस्था को नहीं सुधारा गया तो संगठन सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा और सो रही नगरपालिका को जगाने का काम करेगा।

### कथावाचक से मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज, उन्नाव।** गांव कुंजपुर निवासी कथावाचक अवधेश चंद्र लोधी व मौरावां थानाक्षेत्र के चिलौला गांव निवासी सहयोगी धीरज कोरी रसूलपुर में कथा का वाचन कर रहे थे। अवधेश ने आरोप लगाया कि उन्होंने कथा के लिए तय धनराशि मांगी तो मनीष पांडेय व अनुपा द्विवेदी भड़क गए। आरोप है कि दोनों कथावाचक व इसके सहयोगी को जातिसूचक गालियां देने के साथ जबरन कार में बैठाकर लखनऊ ले गए जहां उनकी बेरहमी से पिटाई की। मारपीट के बाद किसी तरह जान बचाकर पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसकी सूचना पर मोहान से सपा प्रत्याशी रहीं डॉ. आंचल वर्मा मोहान विधानसभा संगठन के पदाधिकारियों के साथ पीड़ितों व उनके परिजनों को लेकर सोहरामऊ थाने पहुंच गईं। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर रोष जताते हुए थानेदार से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने व एससीएसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

## आयुषी मीना मंच की अध्यक्ष, रोली बनीं सचिव



नव निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के यूपीएस जुड़ापुरवा में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये गठित मीना मंच की कार्यकारिणी सत्र 2026-27 का निर्वाचन किया गया। निर्वाचन अधिकारी अध्यापक प्रवीण कुमार व अमित मिश्रा की देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। जिसमें छात्राओं के लिए आरक्षित अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व सक्रिय सदस्य के दो पदों हेतु नामांकन पत्र दाखिल हुए। अध्यक्ष पद में केवल एक नामांकन कक्षा 8 की आयुषी ने दाखिल किया। जिससे वह निर्विरोध मीना मंच के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुईं। सचिव पद पर दो नामांकन होने से मतदान हुआ। जिसमें कक्षा 6 की रोली को 14 व कक्षा 6 की ही मानवी को 13 मत मिले। जिससे सचिव रोली चुनी गईं। मीना मंच के कोषाध्यक्ष पद पर सृष्टि व सक्रिय सदस्य के दो पदों पर धीरज व प्रांशी निर्वाचित हुईं। पॉवर एंजिल के रूप मे कक्षा 8 में करिश्मा, कक्षा 7 में शिवानी व कक्षा 6 में नैन्सी को चुना गया। निर्वाचित मीना मंच की कार्यकारिणी को बधाई देते हुए शिक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि मीना मंच के पदाधिकारी बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने का कार्य करेंगी। विद्यालय आने के लिए बालिकाओं को प्रेरित करने के साथ स्वास्थ्य, पोषण व स्वच्छता, बाल अधिकारों की जानकारी भी देंगी। इस पर करिश्मा, संध्या, दीपाली, हिमांशु, नैना, आयुष, चांदनी, अनुराधा, रूबी, मानवी, शिवम व शनि आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर किया माल्यार्पण

**शुक्लागंज, उन्नाव।** नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के तत्वावधान में इंदिरा नगर में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती शनिवार को धूमधाम से मनी। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और मिष्ठान वितरण किया। कांग्रेस नेता मयंक बाजपेयी ने कहा कि फुले ने अपना जीवन महिला शिक्षा, जाति प्रथा के विरोध व दलितों के उत्थान के लिए समर्पित किया। इस दौरान वृंदावन में नाव पलटने की घटना में मृत तीर्थयात्रियों की आत्मा शांति के लिए मौन रखा गया। इस दौरान दूधनाथ वर्मा, दयाशंकर शुक्ल, रामकिशोर पाल, बाबूलाल गुप्ता समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दोबारा पोस्टमार्टम कराने पर अड़े परिजन, पुलिस ने समझाया

**उन्नाव, अमृत विचार।** प्रतापगढ़ जेल में संदिग्ध परिस्थिति में बंदी की आग से जलकर हुई मौत के बाद शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों में चीखपुकार मच गई। दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग कर परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। अफसरों के समझाने के बाद परिजन शांत हुए। तब पुलिस की मौजूदगी में उसका संस्कार हुआ। बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के पुरवा गांव निवासी दीपक उर्फ राहुल (22) पुत्र सत्ती प्रसाद का प्रतापगढ़ की एक युवती से फोन पर संपर्क हो गया था। बाद में उसी गांव की युवती ने अपनी चाची को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने व उसकी नाबालिक बेटी से छेड़छाड़ करने के आरोप दीपक पर लगाए थे। इस पर प्रतापगढ़ जिला के कंधई थाना में 13 फरवरी-2024 को रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

एक नवंबर-2025 को पुलिस ने दीपक को पकड़कर प्रतापगढ़ जेल भेजा था। तब से वह वहीं बंद था। शुक्रवार को जेल में आग लगने से संदिग्ध परिस्थिति में उसकी मौत हो गई थी। वृद्ध पिता ने बताया कि 3 बजे फोन पर सूचना मिली कि बेटे की मौत हो गई है जल्दी आओ पंचायतनामा भरना है। शाम को उसका बड़ा भाई रोहित उर्फ रंगीलाल प्रतापगढ़ पहुंचा।



विजयी टीम के साथ मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

### अंशराज के शतक से डीसीए-ए ने जीता मैच

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-14 जनपदीय क्रिकेट लीग में शनिवार को अंशराज मोहन की बल्लेबाजी के दम पर डीसीए-ए ने डीसीए-डी को 5 विकेट से शिकस्त दी। अंशराज ने 58 गेंदों में 109 रनों की शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। मैच की शुरुआत में डीसीए-डी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 30 ओवरों में 7 विकेट खोकर 194 रनों का स्कोर बनाया। टीम की ओर से युवराज उपाध्याय ने 58 व कृष्ण यादव ने 50 रनों की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। वहीं, अनिरुद्ध तिवारी व आदित्य ने 20-20 रनों का योगदान दिया। 195 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए-ए की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। बल्लेबाज अंशराज मोहन ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और 58 गेंदों में 11 चौकों व 8 छक्कों की मदद से 109 रन बनाए। उनकी इस पारी ने मैच एकतरफा कर दिया।

### जनरेटर की चपेट में आने से युवक की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** पड़ोसी के टेंट हाउस में वेल्डिंग के लिए चल रहे जेनरेटर की पुली की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी में रखवा कर पुलिस सूचना दी गई है। दही थानाक्षेत्र के गौरा गांव निवासी कैलाश (20) पुत्र स्व. मेवालाल मजदूरी करता था। शनिवार को पड़ोसी अमित के टेंट हाउस में वेल्डिंग कार्य के लिए जेनरेटर चल रहा था। सर्वेश वहीं पर वेल्डिंग मिस्त्री के सहयोग के लिए मौजूद था। करीब 11 बजे वह कुछ सामान रख रहा था। उसकी बटनें खुली होने से शर्ट जेनरेटर की पुली में फंस गई और वह उसकी चपेट में आकर गंभीर घायल हो गया। शोर सुन लोग दौड़े और उसे घायल हालत में अमित बिछिया लाया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। वहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर से परिजनों में चीख पुकार मच गई।



फीता काटकर जीर्णोद्धार सौंदर्यीकरण का लोकार्पण करतीं नगरपालिका अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

### आंबेडकर पार्क के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण

**उन्नाव, अमृत विचार।** कचहरी तिराहा स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क के जीर्णोद्धार वंसौंदर्यीकरण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में लोकार्पण संपन्न हुआ। इसका शुभारंभ अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा भानू ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश में बाबा साहेब के सपनों को धरातल पर उतारा जा रहा है। पार्क में घास व विभिन्न प्रकार के छायादार पौधों का रोपण हुआ। बैठने के लिए नई बेंचें व धूप-बारिश से बचाव हेतु टीन शेड का निर्माण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था व स्वच्छ पेयजल के लिए सबमर्सिबल पंप की स्थापना भी हुई। इस मौके पर पूर्व विधायक सुंदर लाल कुरील, ईओ संजय गौतम, बार अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, समाजसेवी निम्मी अरोड़ा, हर्षवर्धन, डीजी कुरील, वीएल गौतम, चेतराम भारती, शिवराम भारती, अनूप गौतम आदि रहे।



रक्तदान करते शिक्षक नेताओं के साथ मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### रक्तदान करने वाले कर्मचारियों को दिलाएंगे विशेष अवकाश

**उन्नाव, अमृत विचार।** संकल्प सेवा समिति व उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में चंद्रलोक गार्डन में शनिवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर की डॉक्टरों की टीम ने रा रक्तदान शिविर संपन्न कराया। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग के 50 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी कर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष के निजी सचिव बिंदा प्रसाद शास्त्री, गणेश प्रसाद, बच्चू लाल रावत ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया ने रक्तदान को जीवन का सर्वोत्तम उपहार बताया। जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र ने कहा कि रक्तदान केवल एक नैतिक कार्य नहीं, बल्कि एक सशक्त सामाजिक उत्तरदायित्व है। प्रांतीय संयुक्त मंत्री अक्षय कटियार ने केंद्र सरकार की भांति रक्तदान देने वाले कर्मियों को सदर विधायक पंकज गुप्ता से विशेष अवकाश दिलाने की मांग की। इस पर सदर विधायक ने शासन स्तर से शीघ्र अवकाश दिलवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान आई क्यू हॉस्पिटल कानपुर की टीम ने सभी रक्तदाताओं व अतिथियों की निशुल्क आंखों की जांच की। इस दौरान जितेंद्र सिंह चंदेल, दीपक वर्मा, दिलीप अवस्थी, विनीत बाजपेई, अमित शर्मा, वीरेंद्र कुमार, अर्पित मिश्र, गणेश शंकर गुप्ता, शैलेंद्र पटेल, अविनाश पाल आदि मौजूद रहे।

## आंबेडकर जयंती को लेकर हुई बैठक

**शुक्लागंज उन्नाव।** आगामी अंबेडकर जयंती के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सीओ सिटी दीपक यादव ने की। इसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसमें जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, ध्वनि नियंत्रण व आपसी सौहार्द बनाए रखने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। सीओ ने सभी से प्रशासन का सहयोग करने, अफवाहों से दूर रहने व किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।



कार्यक्रम में मौजूद एबीवीपी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शुक्लागंज, उन्नाव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शनिवार को पोनी रोड स्थित दयानंद इंटर कॉलेज में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम् का गायन प्रस्तुत कर परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। वक्ताओं ने बताया कि वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय हैं और यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में नई चेतना का संचार करने वाला रहा है। यह मातृभूमि के प्रति सम्मान, समर्पण व राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। इसमें अभिषेक तिवारी, सुधीर सिंह, अनंत शुक्ला, विपिन रावत, आशुतोष व वैभव सहित कई पदाधिकारी रहे।



# ग्रामीणों की तत्परता से जलने से बची गेहूं की फसल

संवाददाता भरखनी, हरदोई

अमृत विचार। पचदेवरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखनौर में शनिवार शाम एक बड़ी लापरवाही के चलते गेहूं के खेत में आग लग गई। गनीमत यह रही कि ग्रामीणों ने समय रहते तत्परता दिखाई और अपनी एकजुटता के बल पर आग पर काबू पा लिया, जिससे आसपास के दर्जनों खेत खाक होने से बच गए। चूँकि फसल पहले ही कटी हुई थी, इसलिए नन्हे त्रिवेदी का कोई आर्थिक नुकसान नहीं हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब 4:00 बजे लखनौर गांव के बाहर कंबाइन से कटे हुए गेहूं के खेत में कुछ लड़के शीला (बची हुई बालियां) बीन रहे थे। बताया जा रहा है कि लड़कों ने बीड़ी पीने के बाद जलती हुई चिंगारी खेत में ही छोड़ दी। सूखे डंठल होने के कारण आग ने तुरंत विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते करीब 5 बीघा खेत आग की लपटों की चपेट में आ गया। खेत से धुआं और लपटें उठती देख गांव में हड़कंप मच गया। शोर मचते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण हाथों में लाठी-डंडे और पानी के साधन लेकर मौके की ओर दौड़ पड़े। आग की लपटें तेजी से बगल के उन खेतों की ओर बढ़ रही थीं जहाँ फसल अभी खड़ी थी। ग्रामीणों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आग को चारों तरफ से घेर लिया और मिट्टी व पानी की मदद से उसे आगे बढ़ने से रोक दिया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर पूरी तरह काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि ग्रामीण समय पर इकट्ठा न होते तो आसपास के कई किसानों की साल भर की मेहनत जलकर राख हो जाती। चूंकि जिस खेत में आग लगी थी, वहां फसल कंबाइन से पहले ही कट चुकी थी, इसलिए अनाज का नुकसान नहीं हुआ है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सामूहिक प्रयास से बड़े से बड़े संकट को टाला जा सकता है।


फसल को जलने से बचाने का प्रयास करते ग्रामीण। अमृत विचार

## खेतों में लगी आग से गेहूं की फसल व नरई जली

अतरौली, हरदोई। थाना क्षेत्र के बलाखेड़ा गांव के पास खेतों में अचानक आग लगने से कई किसानों की गेहूं की फसल और नरई जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।गोड़वा गांव के किसानों के खेत बलाखेड़ा के पास स्थित हैं। इन्हीं खेतों में पड़ी गेहूं की नरई में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे आग तेजी से फैल गई। आग की चपेट में आकर सहीद, जलील अहमद और निसार की करीब 15 बीघा नरई जल गई, जबकि साकिब की 6 बीघा, मूलचंद्र की 5 बीघा और सुहेल की करीब 2 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे दीवान योगेश मिश्रा ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया।

## भूमिगत लाइन में फाल्ट से घंटों ठप रही बिजली

शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्लागंज सब स्टेशन से शक्ति नगर जाने वाली भूमिगत एचटी लाइन में फाल्ट आने से शक्ति नगर फीडर की आपूर्ति घंटों बाधित रही। शुक्रवार शाम 4 बजे लाइन दगने से शक्तिनगर, मनोहर नगर, प्रेम नगर, सीताराम कॉलोनी सहित दर्जनों मोहल्लों में अंधेरा छा गया। स्थिति देख विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत फीडर 5 से आपूर्ति बहाल की। जिससे लोगों को आंशिक राहत मिली। हालांकि फाल्ट की सही लोकेशन पता न चलने से समस्या पूरी तरह दूर नहीं हो सकी। शनिवार को विभाग ने लोकेटर मशीन से जांच कराई जिसमें आजाद नगर स्थित एक होटल के सामने लाइन में फाल्ट मिला। इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे मरम्मत कार्य शुरू हुआ। इस दौरान सुरक्षा कारणों से शक्ति नगर व मिश्रा कॉलोनी फीडर की आपूर्ति दोपहर से देरशाम तक बंद रखी गई। देरशाम मरम्मत कार्य पूराकर आपूर्ति शुरू हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली आपूर्ति ठप होने से उन्हें काफी कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ा। हालांकि बाद में उन्होंने राहत की सांस ली।

## शटडाउन लेकर बदली केबल

शुक्लागंज, उन्नाव। विद्युत विभाग द्वारा जर्जर एबीसी लाइन बदलने का कार्य तेज किया गया है। शनिवार को राजमार्ग पर 3 घंटे का शटडाउन लेकर एबीसी केबल बदली गई। दोपहर 12 बजे कार्यदायी संस्था के कर्मचारी नगर पालिका के सामने पहुंचे और शटडाउन लेकर पुरानी व जर्जर एबीसी केबल हटाकर नई केबल डालने का कार्य किया। इसके चलते राजमार्ग सहित आसपास के 3 मोहल्लों की आपूर्ति दोपहर 3 बजे तक बाधित रही।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **नि० सूचना संख्या – 29 वर्ष 2026,** कार्य का विवरण : गोरखपुर कैंट–लखनऊ जंक्शन :– लखनऊ जंक्शन डिवीजन के अंतर्गत 20000 से अधिक टीवीयू वाले 6 एलसी गेटों का इंटरलॉकिंग कार्य। (19सी PJ-CM, 25सी CM-ANDN, 26सी CM-ANDN, 91सी BNY-PPW, 52सी SYU-BVN और 166सी GK-BNKJ), अनुमानित लागत : ₹ 3,13,42,992.94, बयाना राशि : ₹ 6,26,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : Rs. 00.00, कार्य समापन अवधि: 06 माह, (1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय : **05.05.2026 को 15.00 बजे।** **नोटः**– इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

वमसिदूई / पूउरे / लखनऊ

मुजाधि / सिगनल - 08

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


## पुण्यतिथि पर याद किए गए केके अवस्थी


श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग। अमृत विचार

हरदोई, अमृत विचार। समाजसेवी सरकारी अधिवक्ता रहे पत्रकार केके अवस्थी की पहली पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में मौजूद लोगों ने स्व. अवस्थी के सौम्य व्यवहार व सभी के लिए उपस्थित रहने को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए मनीष चतुर्वेदी ने कहा कि अवस्थी जी ऐसे व्यक्ति थे जिनकी कोई पीछे भी बुराई नहीं करता था। किसी भी व्यक्ति के कार्य के लिए वह सदैव तत्पर रहते थे। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा शुरू किए गए समाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व सभासद अनीता अवस्थी सहित अनेक समाजसेवी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में एसएसपी ने सुनीं समस्याएं


समाधान दिवस में समस्याएं सुनते एसएसपी। अमृत विचार

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से फरियादी शिकायतें लेकर पहुंचे। इसमें एसएसपी जय प्रकाश सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी दीपक यादव व एसडीएम क्षितिज द्विवेदी मौजूद रहे। इसका संचालन इंस्पेक्टर अजय सिंह की देखरेख में हुआ। इस दौरान 6 शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें 4 चार मामले राजस्व विभाग व 2 पुलिस से संबंधित थे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए। एसएसपी ने मौके पर पुलिस व राजस्व से जुड़े 1-1 मामले का निस्तारण कराया। जिससे फरियादियों को त्वरित राहत मिली। शेष मामलों को संबंधित कर्मियों को शीघ्र निस्तारण के लिए सौंपा गया।

## रेलवे पुल के डाउन लाइन पर डाले गए 45 एचबीम स्लीपर, तेजी से चल रहा काम



रेलवे पुल के डाउन लाइन से गिट्टी हटाते कर्मचारी। अमृत विचार

शुक्लागंज, उन्नाव। रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत कार्य के दसवें दिन शनिवार को अधिकारियों की निगरानी में तेजी से काम हुआ। सुबह से शाम तक चले मेगा ब्लॉक के दौरान 45 एचबीम स्लीपर डाले गए। 2 अप्रैल से शुरू हुए इस कार्य में जर्जर ट्रफ व पुराने स्लीपर हटाकर नए एचबीम स्लीपर लगाए जा रहे हैं। शनिवार को लखनऊ से आए सीएमआई अरुण कुमार, एडीएन फाइव प्रवींद्र कुमार व पीडब्ल्यूआई आदि अधिकारियों की देखरेख में 200 रेल कर्मियों ने काम किया। सुबह 9 :45 से शाम 5 :45 बजे तक चले मेगा ब्लॉक में स्लीपर डालने के साथ पुल के बीच से शुक्लागंज की ओर डाउन ट्रैक पर पड़ी गिट्टियां भी हटाई गई। रेल अफसरों के अनुसार 10 दिनों में 485 स्लीपर डाले जा चुके हैं। कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए लगातार युद्धस्तर पर प्रयास जारी है।

## गंगाघाट स्टेशन के विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार, मंगवाई सरिया

शुक्लागंज, उन्नाव। अमृत भारत रेल स्टेशन योजना के तहत गंगाघाट रेलवे स्टेशन को हाईटेक बनाने का कार्य तेजी पकड़ रहा है। शनिवार को लखनऊ से 150 टन सरिया 3 ट्रालों से स्टेशन परिसर पहुंचाई गई। हालांकि रेलवे क्रॉसिंग मार्ग से ट्रालों को निकालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह परियोजना वर्ष-2023 में शुरू हुई थी और प्रारंभिक लक्ष्य 2025 तय था। लेकिन बजट की कमी व विभागीय अड़चनों के चलते कार्य लंबे समय तक बाधित रहा। हाल ही में डीआरएम सुनील वर्मा के निरीक्षण के बाद काम में तेजी आई है। कार्यदायी संस्था के सुपर वाइजर तेजवीर चौहान के अनुसार बजट स्वीकृत होने के बाद अतिरिक्त मजदूर व मशीनरी लगाकर रिटेनिंग वॉल का कार्य पूरा किया गया है। अब भूमि समतलीकरण, भराव व भवन निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। स्टेशन पर दो मंजिला भवन बनाया जाएगा, जिसमें जीआरपी और आरपीएफ चौकियां एक साथ संचालित होंगी। अब परियोजना को वर्ष 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिससे लोगों को राहत मिल सके।

## किसान ने जला दी पराली, तीन बीघा फसल जली

पुरवा उन्नाव, अमृत विचार। मशीन से खेत कटवाने के बाद किसान द्वारा पराली जलाने के दौरान चली तेज हवाओं से पड़ोस के किसानों की 3 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जल गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव टोपरा के किसान रामलखन, ईश्वर दीन व वंश बहादुर ने अपनी गेहूं की फसल कंबाइन मशीन से कटवा ली थी। इसके बाद खेतों में बचे अवशेष को शनिवार दोपहर जला दिया। इस दौरान तेज हवाएं चलने से आग बगल के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में पहुंच गई और देखते ही देखते बदरुनिशा निशा की 10, सत्य नारायण की 14, गणेश की 15, कल्लू की 8, विनोद की 7, संतोष की 2 बिसुआ व शिव दुलारी की 4 बिसुआ खेतों में खड़ी फसल ने देखते ही देखते आग पकड़ लिया। इससे आसपास के किसान आग बुझाने का प्रयास करने लगे। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद किसानों ने राहत की सांस ली।


एलसीडी वैन को देखते बच्चे। अमृत विचार

## नशामुक्त भारत अभियान के तहत ब्रह्माकुमारीज ने नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के निर्देश पर ब्रह्माकुमारीज माउंट आबू द्वारा संचालित नशामुक्त जागरूकता अभियान का शनिवार को क्षेत्र में सफलतापूर्वक समापन हुआ। अभियान के अंतिम दिन एचडी एलसीडी टीवी वैन से एक दर्जन शिक्षण संस्थानों व गावों में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया गया। वैन ने उच्च प्राथमिक विद्यालय जगत नगर सहित मदार नगर, खैरुद्दीनपुर, फरीदपुर कट्टर व उमरिया भगवंतपुर जैसे क्षेत्रों का भ्रमण किया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षक व छात्र मौजूद रहे। संबोधित करते हुए बीके सरला बहन व बीके पंकज ने जनसमूह से मद्यपान, बीड़ी व सिगरेट जैसे जानलेवा दुर्गुणों को त्यागने की अपील की। वक्ताओं ने बताया कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा भारत सहित विश्व के 150 देशों में राजयोग केंद्र संचालित हैं। जहां नि:शुल्क योग प्रशिक्षण दिया जाता है। इस दौरान बीके महेश फौजी व गोपी रस्तोगी ने ग्रामीणों को राजयोग से संबंधित आध्यात्मिक साहित्य बांटा। ताकि वे मानसिक शक्ति के जरिए व्यसनों से दूर रह सकें। अभियान से प्रेरित होकर दर्जनों ग्रामीणों और युवाओं ने सार्वजनिक रूप से नशा छोड़ने का संकल्प लिया।

## खेत से लौटते समय वृद्ध पर जानलेवा हमला

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के दरौली गांव निवासी सैफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 अप्रैल की शाम 6 बजे उसके पिता आजाद (60) पुत्र मुंशी खेत से लौट रहे थे। तभी पुरानी रंजिश में गांव के अर्जुन पुत्र केशन, संजय पुत्र छोटेलाल, बब्बन पुत्र पच्चू, केशन पुत्र रोहन उनके साथ मौजूद अज्ञात लोग उन्हें रोककर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से पिता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुन आसपास के लोग दौड़े तो हमलावर भाग निकले। जानकारी पर पहुंचे परिजन अचेत हालत में वृद्ध को सीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। बेटे का आरोप है आरोपियों ने 5 अप्रैल को भी पिता से मारपीट की थी। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## युवक ने की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। ग्राम अनुजपुर मजरा कुकरा में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक उस्मान 24 वर्ष के पिता साकिर अली निवासी बरौली मजरा भरावन ने थाने पर सूचना देते हुए बताया कि उसका पुत्र उस्मान ने ग्राम अनुजपुर मजरा कुकरा में बने उसके दूसरे मकान में शुक्रवार की रात पंखा के हुक में रस्सी से लटक फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं0 | 1215–वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता – उत्तर रेलवे– लखनऊ दिनांक – 09.04.2026 |
| 2. | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अंतर्गत बैलास्ट डिपो में प्रकाश व्यवस्था के संबंध में विधुत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 65,68,773.47 (पैंसठ लाख अरसठ हजार सात सौ तिहत्तर रूपये एवं सैंतालीस पैसे मात्र |
| 4. | ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 1,31,400/– (एक लाख इकतीस हजार चार सौ रूपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 04 माह। |
| 7. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 04.05.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

नं. 1215–वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता – उत्तर रेलवे– लखनऊ दिनांक – 09.04.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1193/26



**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153

Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in

For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management

**Application Fee**

- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India

For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in

(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)


## शिक्षा चौपाल में बच्चों को बांटे उपहार, निपुण भारत मिशन की सफलता पर जोर

बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार। विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय साढ़े मऊ में न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन हुआ। इसमें शिक्षा जगत की विभूतियों व सफल युवाओं ने शिरकत कर बच्चों का मार्गदर्शन किया। शुभारंभ विद्यालय एसएमसी अध्यक्ष ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। चौपाल को संबोधित करते हुए राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा त्रिवेदी व रूबी वर्मा ने शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर दिया। एआरपी दुर्गेश शुक्ला व संदीप शुक्ला सहायक शिक्षक, गिरिजा नगर ने निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु शिक्षकों व अभिभावकों के समन्वय को जरूरी बताया।

जूनियर शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष राजकिशोर गौतम, रामप्रताप सिंह इंचार्ज शिक्षक अधुर्जपुर व विनय पांडेय पांडेयपुर ने भी विचार रखे। इसमें विशेष आकर्षण दीपक यादव रहे। जिन्होंने हाल ही में एसएससी, सीजीएल व समीक्षा अधिकारी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं। इसमें छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से पेन, रजिस्टर व पानी की बोतल देने के साथ रिजल्ट कार्ड भी बांटे गए। कहा गया कि हर अभिभावक को अपने बच्चे को हर हाल में स्कूल भेजना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेंद्र कुमार, सहायक शिक्षक राम प्रसाद ,शिक्षामित्र प्रियंका देवी, रानी देवी व अशोक यादव आदि रहे।


**कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद-रायबरेली**

पत्रांकः 756 / अधि0अधि0न0प0स0 /ई–टेण्डर / 2026–27 दिनांक– 09/04/2026

**ई– निविदा सूचना**

एतद्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निदेशक स्थानीय निकाय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0–8/807/320 (6) / 15वां वि0 आ0/2025–26 दिनांक 18 नवम्बर, 2025 व पत्र सं0–8/1058/320 (6)/15वाँ वि0आ0/2025–26 दिनांक 22.01.2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में 15वें वित्त आयोग की बुनियादी अनुदान (अनटाइड ग्रान्ट) की प्रथम व द्वितीय किस्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सलोन में निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स कान्ट्रैक्टर्स / बेन्डर्स से दिनांक 10/04/2026 से... 29/04/2026 सांय 05: 00 बजे तक ई–निविदाएं आमन्त्रित की जाती है, जिसकी समस्त कार्यवाही WWW.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक 3.0/04/2026 को अपरान्ह 11.00 बजे निविदाएँ कार्यालय नगर पंचायत सलोन में खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरूप जी. एस.टी. भी मान्य होगी। ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)

| क0सं0 | नगर पंचायत | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | | 10/04/2026 | - |
| 02 | – | Tender Download | 13/04/2026 प्रातः 10.00 बजे से | 29/04/2026 सांय 05.00 बजे से |
| 03 | – | Bid Submission | 13/04/2026 प्रातः 10.00 बजे से | 29/04/2026 सांय 05.00 बजे से |
| 04 | . Bid Opening | | 30/04/2026 प्रातः 11.00 बजे से | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सलोन रायबरेली।**

**प्रशासक**
**नगर पंचायत सलोन रायबरेली।**



**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुराने आधार कार्ड नं0–822803382192 पर मेरा नाम त्रुटिवश सोनी पाण्डेय अंकित हो गया था, जो कि गलत है। जबकि मेरा वास्तविक नाम खुशबू पाण्डेय है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा समस्य शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। उपरोक्त खुशबू पाण्डेय एवं सोनी पाण्डेय दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे हैं। भविष्य में मुझे खुशबू पाण्डेय के नाम से जाना व पहचाना जाये। **खुशबू पाण्डेय पुत्री श्री प्यारे लाल पाण्डेय पता– तपोवन नगर निकट बंधुवा ताल, कानपुर रोड, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं **अरविन्द कुमार पुत्र जोखूलाल ग्राम अतागंज उसरी, पो. रामीपुर, प.त.सलोन जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा नाम पहले उदय सिंह पुत्र जोखूलाल था।आधार कार्ड सहित सभी सरकारी अभिलेखों में भी नाम अरविन्द कुमार करा दिया है, जो कि सही है। दोनों ही नाम मेरे ही हैं।

**सूचना**

मै, **धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 केशर राम निवासी मकान नम्बर 577, आवास विकास–3, कानपुर नगर** मेरे द्वारा दिनांक 17/11/2025 को जो प्रार्थना पत्र मेरी पुत्री के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक उन्नाव को दिया गया था उस घटना से व मेरे व मेरे परिवार से रोहित सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी एम0 774, केशवपुरम् कानपुर का कोई लेना देना नहीं है न भविष्य में होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम VIVEKANAND S/O HOT CHANDRA SATYA था जो कि दिनांक 01/04/2026 को मैंने अपना नाम बदलकर VIVEK SATYA S/O HOT CHANDRA SATYA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **निवासी पुलिस लाइन रोड रायपुर राजा थाना कोतवाली देहात, जनपद बहराइच।**

**सूचना**

I, Sudhir Verma 54/54, Veer Nagar, Chitwapur Bhuiyan, Lucknow, hereby declare that my daughter's name has been changed from Disha to Disha Saxena. Now my daughter should be known as Disha Saxena for all future purposes.

**सूचना**

पूर्व में मेरा नाम आरती सिंह था, जिसे बदलकर मैने मालती देवी कर लिया था, मालती देवी उर्फ आरती सिंह दोनों नाम एक ही महिला / मेरे ही हैं, भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों हेतु मालती देवी के नाम से जाना पहचाना जाये। **मालती देवी पत्नी छत्तर सिंह, निवासिनी– मकान नं0–142/2, ठेला ग्राउन्ड (सेना आउट्रम लाईन) सदर कैन्ट लखनऊ।**

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री का नाम MAHEERA MOHAMMED RAIS से बदल कर MAHEERA रख लिया है। अब मेरी पुत्री को MAHEERA नाम से जाना व पहचाना जाए। D/O: SAMIRA TAUFIQ R/O: 115/4, BAGH MUNNU ROAD, GHASIYARI MANDI, KAISERBAGH, LUCKNOW

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अनु कश्यप का नाम सुकन्या समृद्धि खाता संख्या 3161483538 डाक घर तेरवा सिधौली में गलती वश अनु हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम अनु कश्यप है। **रमेश कुमार निवासी–बराती लाल प्लॉट नं0 859 खसरा नं0 1415 जेहता बरवां कलान लखनऊ।**

**सूचना**

मेरे बेटे का नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश यशराज तिवारी दर्ज हो गया है, जबकि वास्तविक नाम आदित्य तिवारी है, उसे आदित्य तिवारी के नाम से ही जाना पहचाना जाय। **अतुल कुमार तिवारी पुत्र स्व. सभाजीत तिवारी, नई बाजार, बलरामपुर।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम मोहम्मद जैद इस्तेयाक अहमद से बदलकर मोहम्मद जैद इस्तेयाक अहमद अंसारी रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना–पहचाना जाये। मोहम्मद जैद इस्तेयाक अहमद अंसारी पुत्र श्री इस्तेयाक अहमद अब्दुल वहीद निवासी–422, तुरशमपुर, मिल्कीपुर, अयोध्या, उ.प्र.।

न्यूज ब्रीफ

## प्रदर्शन के बाद किसानों को मिला कब्जा

**माधौगंज, हरदोई।** विकासखंड क्षेत्र कुरसठ बुजुर्ग देहात क्षेत्र में पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर परौली सई नदी पुल पर रमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता संदीप पाण्डेय व समाजसेवी अभिषेक पटेल के नेतृत्व में पट्टे धारकों सहित धरना-प्रदर्शन जारी रहा, जिसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश कर मेडबंदी कराई और पट्टेधारियों को जमीन पर कब्जा दिलाया। दूसरे दिन भी संजीत, रंजीत, सुजीत पुत्र सतीराम, विजयपाल, रामस्वरूप, बाबू पुत्र छुट्टा, सुरेन्द्र पुत्र मैकू सहित सात लोगों को नायब तहसीलदार अनेक सिंह, कानूनगो शिवसिंह, कानूनगो अहिबरनलाल, लेखपाल कपिल, क्षेत्रीय लेखपाल जमाल अहमद सहित राजस्व टीम व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई कर पट्टाधारकों को पैमाइश कराकर जमीन पर कब्जा दिलाया गया। कानूनगो अहिबरनलाल ने पुलिस को निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति पट्टाधारकों को परेशान करता है तो उसके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।

## गन्ने की उपज को लेकर किया प्रेरित

**मल्लावां, हरदोई।** तेज बारिश और ओलावृष्टि से गेंहू और मक्के की फसलों के नुकसान को लेकर अनिल कुमार राठौर मुख्य गन्ना प्रबंधक डालमिया भारत सुगर एंड इंडस्ट्री लिमिटेड गंगापुर के द्वारा आंकलन कर किसानों से गन्ना की उपज को लेकर प्रेरित किया ताकि किसानों का प्राकृतिक नुकसान न हो। उन्होंने किसानों से उनकी मदद के लिए गन्ने के बीज के प्रबंध को लेकर भी सहूलियत देने की बात कही। इस दौरान उपेंद्र पाठक, राहुल सिंह रहे।

# टायर फटने से पलटी पिकअप सब्जी कारोबारी की गई जान

## जदीशपुर चौराहे के पास आधी रात के बाद हुआ हादसा, चालक घायल

रफ्तार की मार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पीलीभीत का कारोबारी कानपुर की मण्डी से सब्जी खरीद कर पिकअप से जा रहा था, आधी रात में सवायजपुर रोड पर जगदीशपुर चौराहे के पास पहुंचते ही टायर फटने से पिकअप पलट गया, उसके नीचे दबे सब्जी कारोबारी को खींच कर बाहर निकाला गया, उसे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां 2: 55 बजे उसकी मौत हो गई, जबकि ड्राइवर के चुटहिल होने की बात कही गई है।



नूर मोहम्मद।

बताया गया है कि शुक्रवार की आधी रात में सवायजपुर रोड पर लोनार थाने के जगदीशपुर चौराहे के पास अचानक टायर फटने से सब्जी से लदा पिकअप पलट गया, जिसमें 28 वर्षीय सब्जी कारोबारी नूर मोहम्मद निवासी पूरनपुर ज़िला पीलीभीत उसके नीचे दब गया, हादसे में चुटहिल हुए पिकअप ड्राइवर सुमेर के चिल्लाने की आवाज़ पर आस-पड़ोसी दौड़ पड़े, पिकअप के नीचे दबे नूर मोहम्मद को खींच कर बाहर निकाला और एम्बुलेंस-108 की मदद से मेडिकल कालेज पहुंचवाया, वहां आधी रात 2:55 बजे सब्जी कारोबारी की मौत हो गई।



पिकअप पलटने से बिखरी सब्जियां। अमृत विचार

बड़े भाई अकील ने बताया कि नूर मोहम्मद सब्जी का कारोबार करता था, वह शुक्रवार को कानपुर की मण्डी से सब्जी खरीद कर पीलीभीत जारहा था। उसके परिवार में पत्नी रीना और एक ढ़ाई साल का बेटा मोहम्मद हुसैन है।

**सब्जी को पुलिस ने किनारे लगवाया:** पिकअप पलटने से उस पर लदे सब्ज़ियों के बोरे सड़क पर इधर-उधर जा गिरे। कई बोरे फटने से उसमें भरे कटहल, मटर, अदरक, हरी मिर्च और टमाटर के अलावा तमाम सब्ज़ी सड़क पर फैल गई। हादसे की खबर पर पहुंची पुलिस ने सब्ज़ी को किनारे लगवाकर रास्ता बहाल कराया।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

**संडीला, हरदोई।** शनिवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब 8 बजे स्टेशन मास्टर सण्डीला द्वारा स्थानीय पुलिस को मेमो भेजकर सूचना दी गई कि सण्डीला से हरदोई की ओर रेलवे पोल संख्या 1123 के पास एक व्यक्ति ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने मृतक की पहचान बृजेश (36) पुत्र छेदीलाल निवासी बेहसरी, थाना सण्डीला, जनपद हरदोई के रूप में की। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने नोएडा से ढूंढ़ निकाली किशोरी

**हरदोई/सुरसा अमृत विचार।** एक 15 साल की किशोरी 9 अप्रैल को लापता हो गई थी। मामले में गांव के दो युवकों पर केस दर्ज कराया गया था। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से किशोरी को नोएडा से बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सुरसा थान के एक गांव का है। किशोरी कहीं लापता हो गई। उसे ढूंढते घूम रहे घर वालों को पता चला कि किशोरी को उसी गांव निवासी सलमान पुत्र अली शेर व गुलफाम पुत्र अली मोहम्मद अपने साथ बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गए। किशोरी के अधेड़ पिता ने अगले दिन पुलिस को तहरीर देते हुए दोनों आरोपियो.के खिलाफ बीएनएस की धारा 87/137(2) के तहत केस दर्ज कराया। पुलिस की टीमें एसएचओ सुरसा सुनील कुमार मिश्रा की गाइडलाइन पर किशोरी को बरामद करने के लिए जुट गई।

# होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति सबसे बेहतर

**हरदोई, अमृत विचार।** होम्योपैथिक के जनक डा. सैमुअल हैनिमैन की जयंती पर विश्व होम्योपैथिक दिवस के दौरान जिला होम्योपैथिक एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डा. एपी सिंह, डा. केके वर्मा, डा. सरल कुमार व डा. रामप्रसाद ने दीप प्रज्वलन कर किया। उसके बाद डा. एपी सिंह ने डा. सैमुअल हैनिमैन के चित्र का अनावरण कर नमन किया। साथ ही डा. अमरेंद्र सिंह, डा. विनोद यादव, डा. पवन यादव डा. शिवेंद्र प्रताप, डा. एके कपूर, डा. मयंक सिंह व डा. प्रखर वर्मा आदि ने डा. हैनीमैन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कोषाध्यक्ष डा. ज्योति त्रिवेदी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। शहर के स्टेटस क्लब में हुए आयोजन के मुख्य अतिथि डा. एपी सिंह ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति विकसित और विकासशील देशों में एक विकासशील चिकित्सा पद्धति के रूप में तेज़ी से उभर रही है। डा. केके वर्मा ने हैनीमैन के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला, डा.सरल ने अपने चिकित्सा अनुभव साझा किया साथ ही साथ अन्य वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। आयोजन की मुख्य कड़ी रहे डा. इकराम ने कहा कि कहना लाज़िम है कि इस हाईटेक दौर में भी होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति सबसे बेहतर है। महामंत्री डा. मयंक सिंह ने वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। संचालन डा. विनोद यादव व डा. अमरेंद्र सिंह ने किया। संगठन के अध्यक्ष डा. प्रखर वर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार जताया।



कार्यक्रम में मौजूद होम्योपैथिक चिकित्सक। अमृत विचार

# बेहतर जीवन जीने के लिए योग है जरूरी

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के गांधी भवन में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी हरिबंश सिंह द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क पतंजलि योग शिविर के 29 वें दिवस पर श्री सिंह ने कहा कि जिस लग्न भाव से सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी ने स्वयं योगाभ्यास किया और दूसरों को भी प्रेरित किया। यह बहुत बड़ी बात है, वास्तव में " सर्वे भवन्तु सुखिना " की भावना परिलक्षित होती है। इसी भावना से जुङ कर सभी लोग स्वयं योग करें और दूसरों को भी प्रेरित करें तो बहुत शीघ्र ही हमारा राष्ट्र स्वस्थ और समृद्धशाली हो जाएगा। उन्होंने कहा कि डाक्टर्स भी योग करने के लिए अपने मरीजों को भी प्रेरित करते हैं।योग शिक्षक श्री सिंह ने कहा कि अच्छा जीवन जीवन जीने के लिए सभी को योग को अवश्य अपनाना चाहिए। जिससे स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन होता है। निगेटिव सोच समाप्त होती है और पोजिटिव सोच पैदा होने लगती है।

## हरदोई येलो टीम ने 69 रनों से जीता मैच



हरदोई येलो टीम के विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** यूपीसीए ट्रायल मैच के तहत हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कराए गए अंडर-23 की तीन टीमें बनाई गई। जिनके आपस में मैच कराए जा रहे हैं। शनिवार को दूसरा मैच एचडीसीए येलो व एचडीसीए रेड के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अतुल मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। हरदोई येलो टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 236 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरदोई रेड टीम 167 रनों पर ढ़ेर हो गई। 69 हरदोई येलो की टीम ने मैच रनों से जीत लिया। मैच के दौरान हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा मौके पर मौजूद रहे। मैच में निर्णायक की भूमिका कुलदीप यादव व मोहम्मद इस्माइल ने निभाई स्कोरिंग की। भूमिका सोनेन्द्र त्रिपाठी ने निभाई। अगला मैच आज एचडीसीए येलो व एचडीसीए सीनियर वर्ग के बीच खेला जाएगा।

# एक बार नहीं, कई बार सिर पर किया ताबड़तोड़ वार

फॉलोअप

**हरदोई, अमृत विचार।** नशे की हालत में घर पहुंचा पति इतना बेरहम निकला कि उसने रत्ती सी बात के लिए दो जिस्म और एक जान की तरह 13 सालों से उसके साथ रह रही पत्नी को बेरहमी से पीट-पीट कर उसे ठिकाने लगा दिया। हालांकि पहले तो धोखे से सिर पर डंडा लगने की दुहाई दी जा रही थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट नए साफ कर दिया कि धोखे से नहीं, बल्कि सिर पर दो बार वार किया गया, साथ ही दोनों जांघें बेरहमी की साफ-साफ गवाही दे रहीं है। इधर पुलिस ने हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। बताते चलें कि बिलग्राम कोतवाली के ग़नीपुर निवासी जितेंद्र पुत्र शिवचरण गुरुवार की रात नशे की हालत में घर पहुंचा, जहां सामने दाल-चावल देख कर उसे ऐसा गुस्सा आ गया कि उसने 13 सालो.से उसकी ज़िंदगी का हिस्सा बन कर रह रही पत्नी गुड़िया कि इतनी बेरहमी से पिटाई कर दी कि सीएचसी बिलग्राम पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। गुड़िया के पिता रामकिशोर निवासी खंदेरिया खंजानपुर थाना माधौगंज ने दामाद जितेंद्र के ऊपर गुड़िया की पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी, हालांकि उस बीच दुहाई दी जा रही थी कि धोखे से गुड़िया के सिर पर डंडा लग गया था, लेकिन उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि गुड़िया के सिर पर एक नहीं दो गहरे घाव थे।

# कॉन्सेप्ट-11 के सिर बंधा जीत का सेहरा

क्रिकेट टूर्नामेंट

संवाददाता, हरदोई


**अमृत विचार।** सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को अखिलेश अग्रवाल मेमोरियल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट मे पूल-ए का चौथा मैच परफेक्ट मोबाइल्स-11 और कॉन्सेप्ट-11 के बीच खेला गया। टॉस कॉन्सेप्ट-11 ने जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय किया। बल्लेबाज़ी करते हुए कॉन्सेप्ट-11 की टीम ने निर्धारित 40 ओवर से पहले ही 32 ओवर में सभी विकेट खोकर 175 रन बनाए।

कॉन्सेप्ट-11 की तरफ से बल्लेबाज़ी करते हुए अभिषेक यादव ने 73 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 67 रन बनाए। सूर्यांश ने 18 रनों का योगदान किया। परफेक्ट मोबाइल्स-11 की तरफ से गेंदबाज़ी करते हुए सुंदरम 5 विकेट, अभिषेक 3 विकेट, सत्यम व चैतन्य ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी परफेक्ट मोबाइल्स-11 की टीम 28.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। परफेक्ट मोबाइल्स-11 की तरफ से बल्लेबाज़ी करते हुए अभिषेक कुमार ने सर्वाधिक 24 रनों का योगदान किया। कॉन्सेप्ट-11 की तरफ से गेंदबाज़ी करते हुए अमन पाल व सूर्यांश ने चार-चार विकेट, तेजस व राज पाल ने एक-एक विकेट लिया। कॉन्सेप्ट-11 ने 70 रनों से शानदार जीत दर्ज की। अमन ने बल्लेबाज़ी करते हुए 9 रन व गेंदबाज़ी करते हुए 7 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का अगला मैच कल परफेक्ट मोबाइल्स-11 और मधुवन एनक्लेव-11 के बीच रविवार की सुबह 11 बजे से खेला जाएगा। मैच के दौरान अर्जित मित्तल व राधा कृष्ण गुप्ता आदि मौजूद रहे। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा, अरुणेश वर्मा और स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की।



बल्लेबाजी करते खिलाड़ी। अमृत विचार

## भाजपा ने लाभार्थियों से किया सीधा संवाद



जनसंपर्क के दौरान मुख्य अतिथि जिपं प्रतिनिधि पीके वर्मा व अन्य। अमृत विचार

**पिहानी, हरदोई।** भाजपा के "गांव बस्ती संपर्क अभियान" के तहत पिहानी विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चठिया वुजुर्ग के पतवन मिश्र गांव में सघन जनसंपर्क किया गया। अभियान का उद्देश्य केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी हर घर तक पहुंचाना और लाभार्थियों से सीधा संवाद भी होता रहे। गांव वस्ती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पीके वर्मा उपस्थित हुए।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का असर सीधे धरातल पर दिखाई देता है। सरकार के द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है जैसे प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि और मुफ्त राशन योजना आदि का सीधा लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है। मंडल अध्यक्ष पिहानी ग्रामीण अमित त्रिवेदी ने अपने संम्बोधन में कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी दी जाए। आयोजक नम्रता गोपाल मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि व मंडल उपाध्यक्ष पिहानी ग्रामीण ने सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# भारत की आत्मा है 'वंदे मातरम' : पुनीत

**हरदोई, अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने "वंदे मातरम" के 150 वें वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को ज़िले भर में भव्य आयोजन किया। जिला संयोजक पुनीत सिंह 'भोलू' के नेतृत्व में 9 नगर इकाइयों के 25 विद्यालयों में एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिले के 25 चयनित विद्यालयों में राष्ट्रगीत का गायन शुरू हुआ। 40 छात्र कार्यकर्ताओं ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में सरकारी और निजी विद्यालयों के लगभग 10 हज़ार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए। प्रत्येक विद्यालय में प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने भी छात्रों के साथ सुर में सुर मिलाया। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व और स्वतंत्रता संग्राम में इसके योगदान से जोड़ना था।



वंदे मातरम का सामूहिक गान करते लोग। अमृत विचार

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक पुनीत सिंह 'भोलू' ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। इसके 150 वर्ष पूरे होना हर भारतीय के लिए गर्व का पल है। विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही राष्ट्रहित और छात्रहित में कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। आज 10 हज़ार छात्रों ने एक साथ वंदे मातरम गाकर यह साबित कर दिया कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना पहले से और मज़बूत हुई है। वंदे मातरम गीत की रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 1875 में अपने उपन्यास 'आनंदमठ' में की थी। यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान क्रांतिकारियों का प्रेरणा-स्त्रोत बना और 1950 में इसे भारत का राष्ट्रीय गीत घोषित किया गया।

# एक ही रात पांच घरों में चोरी लाखों के गहने व नकदी पार

**हरदोई, अमृत विचार।** गौरी खालसा में घुसे चोरों ने एक के बाद एक कर पांच घरों को अपना निशाना बनाते हुए वहां ताले तोड़ कर लाखों के ज़ेवर-गहने और लाखों का कैश समेट कर फरार हो गए। इसका पता होने पर पूरा इलाका सन्न रह गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि बहुत जल्द ही खुलासा कर चोरों को जेल पहुंचाया जाएगा। बताया गया है कि कासिमपुर थाने के गौरी खालसा में मोहम्मद पुत्र इब्ने अब्बास, नौशाद पुत्र ज़ाकिर अली, शमशाद हैदर पुत्र मोहम्मद इस्माइल, बदरुल हुसैन पुत्र शबाहत हुसैन व फैज़ अब्बास उर्फ करन पुत्र कामिल अब्बास के अगल-बगल मकान है। शुक्रवार की रात पूरे गांव में सन्नाटा था, उसी बीच वहां पहुंचे चोरों ने एक-एक कर उन पांचों घरों को अपना निशाना बनाया, घरों में लगे ताले और अलमारी के लाकर तोड़ कर उसमें रखा लाखों के ज़ेवर-गहने और लाखों का कैश समेट ले गए। शनिवार की सुबह इसका पता होते ही पूरा इलाका सन्न रह गया। बीच गांव में ऐसा कैसे हो गया, हर कोई इसी में उलझा हुआ दिखाई दिया।



चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान। अमृत विचार

## 23 मई को वरदान चैरिटेबल की रजत जयंती पर आयोजित होगा रोजगार मेला

**हरदोई, अमृत विचार।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की अति महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय गांधी भवन में ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी डा. एपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। डा. सिंह ने बताया कि वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपने स्थापना के 50 वर्ष पूरे कर लिए है, इसलिए ट्रस्ट के सभी सहयोगियों का दायित्व बनता है कि रजत जयंती के अवसर पर वर्ष भर में कम से कम चार भव्यता पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। ट्रस्ट के सचिव अतुल कांत द्विवेदी ने बताया कि चार कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहला कार्यक्रम रोजगार मेले के रूप में आयोजित किया जाएगा। इस हेतु ट्रस्ट के ट्रस्टी करुणा शंकर द्विवेदी के साथ जाकर जिला सेवायोजन अधिकारी राजवीर सिंह के साथ बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा चुकी है। सचिव ने बताया कि रोजगार मेले का आयोजन 23 मई दिन शनिवार को होगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी भुवन चतुर्वेदी वर्चुअल उपस्थित रहकर सभी सहयोगियों को दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में ट्रस्टी अविनाश चंद्र गुप्त, सुयश बाजपेई सहयोगी, अनिल मेहरोत्रा, श्रवण कुमार राही, केके सिंह, गिरीश मिश्रा, श्रवण दीक्षित, सत्यम मिश्र, अनुराग, अशोक श्रीवास्तव, आलोकिता श्रीवास्तव चेतना शुक्ला सरिता अग्रवाल रूपाली मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# नई ट्रेनों और सुविधाओं पर सांसद ने दिया जोर

प्रस्ताव किया तैयार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आगामी दिनों में नई दिल्ली में होने वाली रेल अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक से पहले हरदोई से सांसद जयप्रकाश रावत ने रेलवे से जुड़ी कई अहम मांगों का प्रस्ताव तैयार कर स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से भेजा है। इस प्रस्ताव में उन्होंने क्षेत्र के यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों के ठहराव, नई रेल सेवाओं और स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया है। सांसद ने सबसे पहले हरदोई रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि श्रमजीवी एक्सप्रेस (12392) का यहां स्टॉपेज होने से बिहार के राजगीर जैसे महत्वपूर्ण बौद्ध तीर्थ तक जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इसी तरह अजमेर जाने वाली ट्रेन (15715) के ठहराव की मांग करते हुए उन्होंने क्षेत्र में बड़ी संख्या में रहने वाले जायरीनों की सुविधा का मुद्दा उठाया। इसके अलावा माउंट आबू जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 19601/19602 ट्रेन के ठहराव की भी जरूरत बताई गई है।प्रस्ताव में पहले से बंद पड़ी जबलपुर-हरिद्वार साप्ताहिक ट्रेन (02191) को फिर से शुरू करने की मांग भी शामिल है। सांसद का मानना है कि यह ट्रेन दूर-दराज के यात्रियों के बीच काफी लोकप्रिय थी और इसके दोबारा संचालन से क्षेत्र को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं कानपुर से सीतापुर के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन (54326) की धीमी गति पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने इसे आधुनिक जरूरतों के अनुसार तेज चलाने की बात कही है।



## मिश्रिख व सीतापुर के लिए भी ट्रेन चलाने का प्रस्ताव

**हरदोई, अमृत विचार।** सांसद ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए एक नई सर्कुलर या मेमो ट्रेन चलाने का सुझाव भी दिया है, जो बालामऊ से शुरू होकर नैमिषारण्य, मिश्रिख, सीतापुर और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ते हुए फिर वापस बालामऊ पहुंचे। उनका कहना है कि इससे तीर्थ स्थलों तक पहुंच आसान होगी और स्थानीय यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। इसके अलावा शाहजहांपुर से बालामऊ के बीच चल रही ट्रेन (54330) को उन्नाव तक बढ़ाने, लखनऊ-शाहजहांपुर के बीच एक अतिरिक्त मेमो ट्रेन चलाने और दिल्ली-अयोध्या ट्रेन (14206) के हरदोई समेत आसपास के स्टेशनों पर ठहराव की भी मांग की गई है। वंदे भारत और अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों का स्टॉपेज देने की भी बात प्रस्ताव में शामिल है।स्टेशन पर सुविधाओं की बात करें तो सांसद ने कोच गाइडेंस सिस्टम को जल्द चालू कराने, दिव्यांगों के लिए अंडरपास बनाने और माल गोदाम की लाइनों को हटाकर वहां मल्टी स्टोरी पार्किंग व फूड प्लाजा विकसित करने का सुझाव दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर हरदोई क्षेत्र के लोगों को जल्द ही बेहतर रेल सुविधाओं का लाभ दिलाएंगे।

# चार लाख लोग मतदाता बनने से वंचित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** एसआईआर में लाजिकल इरर के चलते जिले में तीन लाख 96 हजार लोग मतदाता बनने से वंचित रह गए। इनको मतदाता सूची में जोड़ा जाए। यह बात सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली ने एक प्रेसववार्ता के दौरान कही। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले में लगभग 26.22 लाख मतदाता बन चुके हैं। एसआईआर की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनाने में सपा के 3548 बूथ लेविल एजेंटों का विशेष सहयोग रहा। जिला प्रशासन ने भी सपा के सुझावों को वरीयता दी। उन्होंने इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी को धन्यवाद दिया। साथ यह भी कहा कि लाजिकल इरर से छूटे मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा जाए। उन्होंने बरसात व ओला वृष्टि से पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलवाने, गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने इंग्लिश मीडियम स्कूलों की मनमानी फीस कम करने तथा निश्चित दुकानों से महंगा कोर्स लेने के लिए बनाए जा रहे दबाव पर रोक लगाने की मांग की। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि हाफ काउंटर कर समाज में भय का वातावरण पैदा किया जा रहा है। भाजपा सरकार में जिले में कोई बड़ा विकास कार्य नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव समय से कराकर जनता के विश्वास को कायम रखा जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के किसी नेता से कोई लेना देना नहीं है। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व सांसद ऊषा वर्मा, मीडिया प्रभारी अजय सिंह पाल मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता में जानकारी देते सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली। अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### टूरिस्ट बस और कार की टक्कर, 25 यात्री घायल

**सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र के सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर सुबह एक टूरिस्ट बस और कार के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के वक्त बस में लखनऊ की सचिवालय कॉलोनी के करीब 25 यात्री सवार थे, जो नैमिष धाम के दर्शन के लिए जा रहे थे। गनीमत रही कि इस टक्कर में सभी यात्री सुरक्षित हैं, जबकि बस चालक को मामूली चोटें आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, रालामऊ गांव के पास सुबह करीब 11 बजे मिश्रिख की ओर से आ रही डिजायर कार और लखनऊ से आ रही टूरिस्ट बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में घायल बस चालक चंदन शर्मा निवासी एलडीए कॉलोनी, लखनऊ को प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार कटिया ने बताया कि यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, कोई गंभीर हताहत नहीं है। फरार कार चालक की तलाश की जा रही है और विधिक कार्रवाई जारी है।

### एबीवीपी की समीक्षा बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

**लहरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी नगर इकाई की समीक्षा बैठक स्थानीय आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ला, विभाग संयोजक अमन शांडिल्य और जिला संयोजक दिव्यांशी बंगाली ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। कार्यकारिणी सदस्य अमित नाग, नगर मंत्री अभिजीत गौड़, नगर सहमंत्री शिवांश दीक्षित, करन कुमार, विकास कुमार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जमीन से जुड़े विवादों का मौके पर जाकर करें निस्तारण: डीएम

**सीतापुर।** शनिवार को आयोजित 'सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस' के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना अटरिया में जनसुनवाई की। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निस्तारण के आदेश दिए। डीएम ने राजस्व व पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि जमीन से जुड़े विवादों के समाधान के लिए संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला संबंधी अपराधों, भूमि विवाद और अवैध कब्जों जैसे मामलों को प्राथमिकता पर रखा जाए। साथ ही, संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्रवाई करने व थाना रजिस्टर में निस्तारण का पूर्ण विवरण दर्ज करने के भी निर्देश दिए गए। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती की मौत

**सीतापुर/खैराबाद।** थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में शुक्रवार को एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका मोहिनी अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली थी। परिजनों के अनुसार, प्रसव पीड़ा होने पर उसे सीएचसी खैराबाद और फिर निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही मोहिनी ने दम तोड़ दिया। मृतका के पति सतीश ने बताया कि अचानक तबीयत बिगड़ने से यह हादसा हुआ।

# जितना वजन नहीं उससे अधिक पढ़ाई का बोझ

**तेजी से स्वास्थ्य पर पड़ रहा है असर**
**बीमारी के साथ-साथ मानसिक दबाव बढ़ा**
**अमृत विचार खास**

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** तंदरुस्ती हजार नियामत है, कभी बुजुर्ग अपने बच्चों के पढ़ने साथ उनके सेहत का ध्यान रखते हुए कुछ ऐसी ही बाते बताया करते थे। समय बदला तो निजीकरण की तस्वीर ने विद्यालयों में कापी-किताबों का बोझ ही बढ़ा दिया, ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य पर तेजी से असर पड़ रहा है।

जनपद में कक्षा 8 तक के स्कूलों में कुल 9,29,334 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। इसमें 4,87,861 छात्र और 4,41,473 छात्राएं शामिल हैं, इनमें परिषदीय, सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय शामिल हैं। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इन्द्र सिंह के मुताबिक, डॉ. राकेश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार और डॉ. एसएन त्रिपाठी बताते हैं कि इन दिनों में बच्चों में कमर और पीठ दर्द के साथ कमजोरी की शिकायतें अधिक आ रही है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इसमें वृद्धि है। ऐसे में अभिभावकों को आराम के साथ बच्चों को फलों के सेवन और खेलकूद की सलाह दी जा रही है।


डॉ. इंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल


छुट्टी के बाद टेंपो के बीच में पड़ी लकड़ी की बेंच पर बैठे बच्चे।


स्कूल की छुट्टी के बाद ई रिक्शा में भरकर जाते स्कूली बच्चे।

### बोझ से गिरा बच्चा अभिभावकों ने जताया रोष

शहर सीमा के भीतर एक विद्यालय में कापी-किताबों के बोझ से अनिल कुमार का बच्चा को चक्कर आ गया। व्यापारी पिता बताते हैं कि मनमानी मंगाई जा रही कॉपी-किताबों से बच्चों के शरीर के साथ मन-मस्तिक पर भी असर पड़ रहा है।

### स्कूली वाहन नियमों की कर रहे अनदेखी

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य मार्गों पर नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों रोजाना फर्राटा भर रहे हैं। ऐसे में विभागीय कार्रवाई पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### भेड़-बकरियों की तरह ढोए जा रहे नौनिहाल

एक तरफ बस्ते का बोझ है, तो दूसरी तरफ असुरक्षित सफर। शहर स्थित निजी स्कूलों की छुट्टी के बाद ई-रिक्शा और टेंपो में बच्चों को क्षमता से अधिक, 'भूसे' की तरह भरकर ले जाया जा रहा है। विभागीय अनदेखी के चलते मुख्य मार्गों पर फर्राटा भर रहे ये वाहन किसी बड़ी अनहोनी को दावत दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रबंधन और परिवहन विभाग को ध्यान देना चाहिए।

> निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर निर्देश जारी किए जा चुके हैं किसी भी स्कूल के लेट फीस चार्ज और बच्चों के कोर्स से संबंधित शिकायत मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। – **राजेंद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक**

> 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्कूली वाहनों की फिटनेस को लेकर अभियान चलाया जा रहा है किसी भी स्कूल में अनफिट वाहन पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है जो वाहन अभिभावकों के द्वारा किए बुक किए गए हैं उनमें नियमों की अनदेखी होने पर विभागीय कार्रवाई भी की जा रही है। – **सर्वेश चतुर्वेदी एआरटीओ प्रशासन**

### अभिभावकों पर भारी बुक डिपो का सिंडिकेट और लेट फीस चार्ज

खैराबाद क्षेत्र और शहर स्थित निजी स्कूलों में शिक्षा अब आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है। अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के विद्यालयों द्वारा फीस पर भारी जुर्माना और निश्चित दुकानों से ही कोर्स-यूनिफॉर्म खरीदने के दबाव को लेकर अभिभावकों में गहरा असंतोष है। खैराबाद स्थित जीवन ज्योति विद्यालय के एक अभिभावक ने बताया कि कक्षा 8 की फीस 2560 रुपए और कक्षा 5 की 2100 से अधिक है। नियम ऐसा है कि माह की 25 तारीख के बाद एक दिन की भी देरी होने पर 100 रुपये अतिरिक्त चार्ज वसूल लिया जाता है। यही नहीं, विद्यालय द्वारा निर्धारित लखनऊ हाईवे चुंगी स्थित एक बुक डिपो से ही करीब 8 हजार का कोर्स और 5 हजार की यूनिफॉर्म खरीदना मजबूरी है। अभिभावक के अनुसार, एक बच्चे की साल भर की पढ़ाई का खर्च लगभग 1 लाख के पार जा रहा है। वहीं विजयलक्ष्मी नगर स्थित एक निजी स्कूल में भी यही हाल है। यहाँ नर्सरी की फीस 2 हजार रुपए है, लेकिन 25 तारीख के बाद 100 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जाता है। पड़ताल में आरएमपी चौराहा स्थित एक बुक डिपो ने अपनी बुक रेट लिस्ट दिखाई जिसमें सिंघानिया एजुकेशन स्कूल का कक्षा 1 का कोर्स 9605 रुपये और कक्षा 5 का कोर्स 12 हजार से अधिक का पाया गया। वहीं, लोहारबाग का कक्षा 5 का एक छात्र छुट्टी के बाद जाते हुए मिला जिसने बताया कि बस्ता इतना भारी है कि पीठ में दर्द होने लगता है। सिंघानिया स्कूल की ड्रेस के लिए भी हरदोई चुंगी स्थित एक खास दुकान पर ही भेजा जा रहा है। इस 'कमीशन खेल' से अभिभावक आर्थिक रूप से टूट रहे हैं।

# छात्रा की तबियत सामान्य, उत्पीड़न के आरोप झूठे

महमूदाबाद/सीतापुर।

- **सीसीटीवी फुटेज और सहपाठियों के बयान से खुली पोल, छात्रा पर अनुशासनहीनता की पुष्टि**

**अमृत विचार :** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पहला में छात्रा शिवानी द्वारा लगाए गए उत्पीड़न और भोजन न देने के आरोप जांच में पूरी तरह निराधार पाए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित त्रिस्तरीय जांच टीम एसडीएम महमूदाबाद, एसडीम बिसवां व प्रभारी बीएसए ने विद्यालय पहुंचकर सघन पड़ताल की।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज की जांच से स्पष्ट हुआ है कि छात्रा शिवानी नियमित रूप से भोजन ले रही थी और उससे कोई व्यक्तिगत कार्य नहीं कराया गया। बता दें दरअसल, छात्रा शिवानी की तबीयत बिगड़ने के बाद उसने कॉलेज स्टाफ पर झाड़ू-पोछा कराने और दो दिन तक भूखा रखने का आरोप लगाया था। हालांकि, कॉलेज की अन्य छात्राओं और स्टाफ के बयानों से यह बात सामने आई कि शिवानी द्वारा किए गए दावे झूठे निकले साबित हो रहे हैं, ।अनुशासनहीनता पर जब वार्डन और शिक्षिकाओं ने उन्हें इसके लिए फटकार लगाई, तो शिवानी ने उत्पीड़न के झूठे आरोप लगाए। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि विद्यालय का माहौल प्रभावित न हो, इसके लिए अनुचित व्यवहार करने वाली छात्राओं को साथ रखना प्रतिकूल हो सकता है।

#### दोबारा बिगड़ी तबियत निजी अस्पताल में भर्ती

छात्रा के पिता के अनुसार, शुक्रवार रात सीएचसी से छुट्टी मिलने के बाद देर रात छात्रा की तबीयत फिर बिगड़ गई। पेट में तेज दर्द की शिकायत पर उसे सिधौली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उसे ग्लूकोज चढ़ाया गया। पिता का दावा है कि चिकित्सकों ने भोजन न मिलने के कारण कमजोरी बताई है।

#### जांच टीम में पहुंचीं प्रभारी बीएसए

जांच टीम में शामिल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह के अवकाश पर होने के कारण वह विद्यालय नहीं पहुँचे। उनकी जगह प्रभारी बीएसए प्रियांशी सक्सेना ने मौके पर पहुँचकर एसडीएम के साथ जाँच प्रक्रिया पूरी की।

> "मामले की जाँच रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। तथ्यों का परीक्षण किया जा रहा है। सीसीटीवी और बयानों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो कार्रवाई होगी, लेकिन छात्राओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।" — **डॉ. राजा गणपति आर, जिलाधिकारी, सीतापुर**


अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

### अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, हड़कंप

**सीतापुर।** शहर के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। उजागर लाल स्कूल से जिला अस्पताल जाने वाले मुख्य मार्ग पर नगर पालिका और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। सड़क चौड़ीकरण और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए दोपहर करीब 2 बजे यह अभियान शुरू हुआ। अधिकारियों की मौजूदगी में सड़क के दोनों ओर दुकानों के बाहर बने पक्के चबूतरों, टीन शेड और अस्थायी निर्माणों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति रही ।प्रशासन के अनुसार, इस मार्ग पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण की वजह से आए दिन जाम लग रहा था। कई बार चेतावनी देने के बाद भी जब कब्जा नहीं हटाया गया, तब बलपूर्वक कार्रवाई करनी पड़ी।

### तमंचे के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रामकोट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान रेलवे क्रॉसिंग के पास से एक शातिर को अवैध असलहे के साथ दबोचा है। थानाध्यक्ष पीयूष सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आलम नगर निवासी शिवम कनौजिया को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से 1 नाजायज तमंचा और 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त शिवम एक शातिर अपराधी है।

# फर्जी कागजों पर स्कूल की मान्यता का आरोप

सीतापुर कार्यालय

**अमृत विचार :** खैराबाद स्थित एक एजुकेशन प्वाइंट स्कूल विवादों के घेरे में है। स्कूल संचालक के सगे भाई बृजेश जायसवाल ने प्रबंधकों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि विद्यालय की मान्यता विभाग से फर्जी जमीन के दस्तावेज दिखाकर प्राप्त की गई है। इस मामले में एक भाजपा नेता पर भी मदद का आरोप लगाया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि फर्जी दस्तावेजों की शिकायत संज्ञान में आने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी खैराबाद को जांच सौंपी गई थी।

> 8 अप्रैल को प्राप्त हुई प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के अनुसार, स्कूल की मान्यता के लिए किरायानामा लगाया गया था। वह किरायानामा वैध है या नहीं और संबंधित भूमि पर वास्तविक मालिकाना हक किसका है, इसकी पुष्टि के लिए एसडीएम को पत्र भेजा गया है। – **अखिलेश प्रताप सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी**

बेसिक शिक्षा अधिकारी के मुताबिक, एसडीएम की रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर आने की उम्मीद है। जांच रिपोर्ट के आधार पर यदि फर्जीवाड़ा सिद्ध होता है, तो विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## गेहूं खरीद के लिए 'किसान पहचान पत्र' अनिवार्य

**सीतापुर।** अपर जिलाधिकारी एवं जिला खरीद अधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अब न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिए 'किसान पहचान पत्र' (फार्मर आईडी) अनिवार्य कर दिया गया है। केवल उन्हीं किसानों से खरीद की जाएगी जिनके पास यह आईडी होगी। किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री जनसेवा केंद्र, मोबाइल ऐप, क्षेत्रीय कृषि कर्मचारी या लेखपाल के माध्यम से बनवा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, खतौनी और आधार से लिंक मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी। किसान स्वयं भी वेबसाइट www.upfr.agristack.gov.in पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। क्रय केंद्र पर गेहूं लाते समय किसान अपना पहचान पत्र, पंजीकरण प्रपत्र और आधार कार्ड साथ जरूर रखें।

## फार्मासिस्ट के शरीर में मिलीं दो गोलियां

**अमृत विचार Follow UP**

- **शहर से सटे नेपालापुर चौराहे पर ब्लड बैंक में चली थीं गोलियां**

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** जिस थ्योरी को पहले आत्महत्या बनाने का प्रयास आरोपियों ने किया, वो इतर निकला। ब्लड बैंक की गोली मारकर हुई हत्या के पीछे गहरी साजिश थी, इसी को लेकर पुलिस की बीमार थ्योरी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल कोतवाली देहात के नेपालापुर चौराहे पर सरोज चैरिटेबल ब्लड बैंक में आजमगढ़ के महबरपुर थानाक्षेत्र के अहियाई गांव वासी सतीश यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में ब्लड बैंक संचालक रिटायर्ड मुख्य आरक्षी राजकुमार सिंह चौहान के पुत्र शिवेश सिंह चौहान को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का दावा था कि आरोपी मानसिक रूप से बीमार है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस थ्योरी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारों की मानें, मेडिकल रिपोर्ट में एक गोली सतीश यादव के हाथ से निकलकर पसली में जा फंसी, दूसरी गोली पीछे से मारी गई, जो कूल्हे को भेंदकर कमर में फंस गई, मृतक के साले सुशील यादव का दावा है कि सबकुछ योजना बनाकर किया गया, लेकिन पुलिस आरोपी शिवेश को बीमार बताकर राहत देने में जुटी है। सीओ नेहा त्रिपाठी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी शिवेश से पूछताछ जारी है।

### हाईटेंशन तार से 50 बीघा गेहूं की फसल खाक

**सीतापुर/खैराबाद ।** थाना क्षेत्र के गुरपलिया गांव में शनिवार दोपहर हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से भीषण आग लग गई। इस हादसे में 25 किसानों की करीब 50 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों से खेतों को जोतकर आग को आगे बढ़ने से रोका। पीड़ितों का आरोप है कि सूचना के काफी देर बाद दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक लाखों का नुकसान हो चुका था। किसानों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की है। दूसरी घटना रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के बांसुरा गांव में हुई। बांसुरा पावर हाउस के पास स्थित अहमद सहाब के खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों से एक कौआ टकरा गया। इससे निकली चिंगारी खड़ी फसल पर जा गिरी। अग्निकांड में अहमद सहाब की करीब 8 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

### एएनएम को प्रतिकूल प्रविष्टि, सीएचओ का कटा वेतन

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने शनिवार को सिधौली ब्लॉक के देवीपुर आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में भारी खामियां मिलने पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने वीएचएसएनडी सत्र के निरीक्षण में टीकाकरण, ड्यू लिस्ट और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी रजिस्टर की जांच की। अभिलेख रिकॉर्ड अपडेट न होने पर एएनएम निधि देवी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के आदेश दिए गए। वहीं, जरूरी रिकॉर्ड उपलब्ध न करा पाने पर सीएचओ के वार्षिक वेतन वृद्धि में 5 प्रतिशत कटौती करने की कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मंदिर हटाने के नोटिस पर भड़का हिंदू संगठन

**सीतापुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एनएच-30 के चौड़ीकरण के लिए 56 साल पुराने प्राचीन हनुमान मंदिर को हटाने का नोटिस दिए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। फैसले के विरोध में हिंदू संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के पदाधिकारियों और मंदिर के पुजारी रामदास सेवक ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। संगठन के नेता विकास हिंदू ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास के नाम पर धार्मिक स्थलों को निशाना बनाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले भी एक मंदिर हटाया जा चुका है, लेकिन इस प्राचीन मंदिर को बचाने के लिए वे बड़े आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने हिंदू संगठनों को आश्वासन दिया है कि प्रकरण की गहन जांच कराई जाएगी।

### महात्मा फुले का समाज सुधार में विशेष योगदान

**औरंगाबाद।** क्षेत्र के कादीनगर स्थित सरोजनी सियाराम बाबूराम इंटरमीडिएट कॉलेज में महान समाज सुधारक और शिक्षाविद महात्मा ज्योतिबाराव फुले की जन्म जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार और गणमान्य नागरिकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया ।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महात्मा फुले के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज सुधार और विशेषकर महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर देवेंद्र नंदवंशी एडवोकेट, सुनैना, सुनील, रामकृष्ण रामू, कपिल, सोनू, रोहित, मनोज गौतम, जितेंद्र, पिंकी, पूजा, पलक, आकांक्षा, स्वीटी, मोहिनी, दीपिका, ज्योति, अश्विनी, शैलेंद्र, जूली और दिनकर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# गेहूं तौल प्रक्रिया में न हो देरी समय पर मिले भुगतान: डीएम

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने शनिवार को गल्ला मंडी स्थित गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पारदर्शिता परखने के लिए अपनी मौजूदगी में बोरियों की दोबारा तौल कराई और अभिलेखों के रख-रखाव को लेकर कड़े निर्देश दिए।


गल्ला मंडी में गेहूं तौल को चेक करते डीएम डॉ. राजागणपति आर।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने एफसीआई केंद्र का भी भ्रमण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छाया और बैठने की समुचित व्यवस्था हो। डीएम ने स्पष्ट कहा कि तौल प्रक्रिया में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों का भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर उनके खातों में भेजा जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।

# सीएचसी में सीएमओ का छापा दो डॉक्टर मिले अनुपस्थित

संवाददाता, लहरपुर।

**अमृत विचार :** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार के औचक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। सीएमओ ने प्रसव कक्ष, वार्ड, इमरजेंसी और दवा वितरण कक्ष का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. अरविंद वाजपेई के कक्ष में पहुंचे और उपस्थिति पंजिका की गहन जांच की।


लहरपुर सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार।

उन्होंने आकस्मिक अवकाश सीएल और अर्जित अवकाश ईएल पर गए कर्मचारियों का विवरण मांगा और रजिस्टर की फोटो भी खींची ।जांच में सीएचसी प्रभारी डॉ. अरविंद और फार्मासिस्ट डीसी गुप्ता तो मौके पर मिले, लेकिन सर्जन डॉ. गोविंद गुप्ता और डॉ. विनय भदोरिया अनुपस्थित पाए गए। इस पर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और अनुपस्थित डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रसोई गैस की किल्लत : सहालग में बजा महंगाई का बैंड

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** मांगलिक कार्यक्रम के आयोजनों में आम ही नहीं खास का बजट गड़बड़ा गया है। रसोई गैस की किल्लत के कारण लोग निमंत्रण देने से पहले ही मंहगाई का गुणा- भाग लगा रहे हैं। कैटरर्स ने भी भाव दो गुने कर दिए है। अप्रैल माह में होने वाले विवाह में आमजन की थाली में इसका असर देखने को मिलेगा।

मानपुर क्षेत्र के ग्राम बिरैचा और महसिंहपुर निवासी रामकुमार, सुशील जायसवाल और बिराइचा के ओमप्रकाश गुप्ता कहते हैं कि अप्रैल के अंतिम दिनों में घर में वैवाहिक कार्यक्रम हैं जिसको लेकर अभी से सिलेंडर और हलवाई रेट लिस्ट के गुणा-भाग में लंबी दौड़ लगानी पड़ रही है क्योंकि पहले आसानी से मिल जाने वाले घरेलू गैस सिलेंडर अब बुकिंग समस्या को लेकर समय से नहीं मिल पा रहे हैं ऐसे में शादी के कार्ड पर कमर्शियल सिलेंडर तो मिल रहे हैं लेकिन वह भी जेब खर्चे से अधिक के हैं,एक सिलेंडर 21 सौ से अधिक का है और उसके लिए 24 सौ रुपए की सिक्योरिटी भी जमा करनी पड़ रही है जो की वैवाहिक कार्यक्रम में आने वाले खर्च को असंतुलित कर रही है वही गर्मियों में लकड़ी वाली भट्ठियां जलाने के कारण हलवाइयों ने भी अब अपने दाम बढ़ा दिए हैं।


लहरपुर क्षेत्र में एजेंसी पर सिलेंडर के लिए इंतजार करते उपभोक्ता। अमृत विचार

### दाम बढ़े तो गेस्ट हाउस की बुकिंग हुई कम

बीते 11 मार्च को लखीमपुर से अपनी बिटिया की शादी करने वाले शिवसागर कहते है कि उन्होंने लखमीपुर – सीतापुर रोड स्थित एक गेस्ट हाउस बुक किया था जिसमें सिर्फ दोनों पक्ष के करीब 200 मेहमान पहुंचे थे लेकिन बुकिंग 3 लाख की हुई थी, वहीं शहर स्थित उत्सव गेस्ट हाउस संचालक वैभव बंसल ने बताया कि 2 साल पहले प्रति वर्ष जो शादियों की बुकिंग 40 से 45 होती थी वह अब घटकर 30 से 35 ही रह गई है।



### लकड़ी की भट्ठियों से कैटरर्स की टीम महंगी

कैटरर्स सुरेश कुमार, संजय बाबा, भोलेभाई आदि के अनुसार पहले गैस सिलेंडरों पर आसानी से कार्य कर लिया जाता था लेकिन अब कार्य के लिए बुलाए गए कारीगर लकड़ी की भट्ठी होने के कारण महंगे दाम ले रहे हैं जिसके कारण पहले की अपेक्षा अब ज्यादा खर्च आ रहा है।

### कोयला-लकड़ी और कपड़े-जेवरों के बढ़े भाव


व्यापारी विनय

शहर स्थित कोयला व्यापारी विनय ने बताया कि पिछले माह कोयला 14 रुपए प्रति किलो था अब 18 रुपए प्रति किलो हो गया है। सर्राफ विपिन, आशीष आदि ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष महंगाई बढ़ी है जिसके कारण ग्राहक कम आ रहे हैं जो आ भी रहे हैं वह भी कुछ ही पैसा जमा करके जेवर किस्तों पर खरीद रहे हैं। बताया कि वर्तमान में 24 कैरेट का सोना 1 लाख 54 हजार तीन सौ तीस रुपए प्रति दस ग्राम के हिसाब से है और चांदी 2 लाख 46 हजार प्रति किलोग्राम में है।

### किल्लत में दी गैस वितरण की राहत


ओम प्रकाश

इमलिया इंडेन गैस सर्विस की उपभोक्ता कलावती ,प्रेमा, लक्ष्मी , फूलमती,लता आदि ने बताया एजेंसी के संचालक आलोक कुमार ने बेहतर प्रबंधन करते हुए बुकिंग होने पर घर घर गाड़ी पहुंचाकर सिलेंडर दिए हैं और उपभोक्ता ओमप्रकाश संतोष कुमार सुरेश आदि ने बताया कि खैराबाद की राधाकृष्ण गैस एजेंसी सीज होने के बाद उसके उपभोक्ताओं को इमलिया गैस एजेंसी ने ईमानदारी पूर्वक समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए।

### गैस सिलेंडर की फेक बुकिंग पर उठे सवाल , सौंप ज्ञापन

**सांडा।** गैस की समस्या को लेकर किसान संगठन ने सौंपा ज्ञापन समस्या का निस्तारण न होने पर बेमियादी धरना की चेतावनी। सकरन क्षेत्र में केएस इण्डियन गैस एजेंसी के प्रबंधक को भारतीय किसान यूनियन संगठन ने ज्ञापन सौंपा है। बताया कि रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से गैस ऑनलाइन बुकिंग की जाती है जिसका डीएसी नम्बर हप्तों प्राप्त नहीं होता है केवाईसी के नाम आर्थिक शोषण किया जाता है,जानकारी लेने पर कर्मचारियों द्वारा अभद्रता की जाती है जिस कारण उपभोक्ता परेशान हैं। ब्लॉक अध्यक्ष सुशील राज ने बताया ज्ञापन सौंपा गया है अगर तीन दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन धरना किया जाएगा।

> गैस सिलेंडर वितरण को लेकर लगातार एजेंसीयों को निर्देश दिए जा रहे ।शादी समारोह वालों को शादी का कार्ड दिखाने पर खर्च के हिसाब से एक साथ कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराये जा रहे हैं जिसकी सिक्योरिटी फीस भी देनी होती है। – **अखिलेश श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी**

## न्यूज ब्रीफ

### साधन सहकारी समिति में जबरन काट डाले नीम के पेड़

**ऊंचाहार :** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत खुर्रमपुर स्थित बी. पैक्स (साधन सहकारी समिति) परिसर में दबंगई और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। यहां समिति की सुरक्षित भूमि पर वर्षों से खड़े एक हरे नीम के पेड़ को अवैध रूप से काट लिया गया। समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा पुलिस को दी गई लिखित शिकायत के अनुसार, शनिवार को दिनदहाड़े एक ग्रामीण ने समिति की जमीन पर लगे नीम के पेड़ को जबरन काट कर लकड़ी भी चोरी-छिपे वहां से गायब कर दी। अभद्रता व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। ऊंचाहार कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले में जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### चूहा मार दवा खाने से किशोर गंभीर

**ऊंचाहार :** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मदारीगंज (मजरे ऊंचाहार देहात) निवासी रमेश का 16 वर्षीय पुत्र आर्यन घर में मौजूद था। इसी दौरान उसने धोखे से चूहा मारने वाली दवा खा ली। हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उसे ऊंचाहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

### बाइक सवारों ने महिला की छीनी चेन

**अमावा :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर निवासी सरोज वाजपेई पत्नी सुशील कुमार वाजपेई (55) शुक्रवार देर शाम आईटीआई बाजार से सब्जी खरीदकर अपने घर जा रही थीं। तभी पीछे से बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे और झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चैन छीन ली। महिला जब तक कुछ समझ पाती, तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को जांच में लगाया गया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद निवासी अमित कुमार पुत्र रामदयाल अपनी बाइक पर सवार होकर चुरुवा सेहगो मार्ग होते हुए चुरूवा की तरफ आ रहा था। जैसे ही वह विनायकपुर गांव के निकट पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार किया गया।

### समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**बछरावां :** शनिवार को स्थानीय थाने में आयोजित समाधान दिवस पर नायब तहसीलदार सत्या राजा के नेतृत्व में फरियादियों की फरियाद सुनी गई। इस दौरान राजस्व संबंधी 11 मामले आए, जिनको राजस्व लेखपाल एवं पुलिस टीम को निस्तारित करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान ज्यादातर राजस्व संबंधी विवादों में खेतों में अवैध कब्जे एवं फसलों की दूसरे के द्वारा काटने की शिकायत की गई थी। थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि पुलिस टीम की मदद से मौके पर क्षेत्रीय लेखपालों को भूमि संबंधी विवाद निस्तारित करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर कानूनगो उमेश कुमार दीक्षित, कानूनगो रज्जनलाल, लेखपाल संदीप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# डॉक्टर पर मृत वृद्ध को रेफर करने का आरोप, परिजनों में आक्रोश

**खीरों (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बकुलिहा गांव निवासी 75 वर्षीय शिव प्रसाद सोनी शुक्रवार दोपहर अचानक अपने दरवाजे के चबूतरे से गिरकर बेहोश हो गए। परिजन उन्हें तत्काल ई-रिक्शा से पहले एक निजी चिकित्सक और फिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरी लेकर पहुंचे।

परिजनों का आरोप है कि वहां मौजूद डॉक्टर ने बिना किसी प्राथमिक जांच के ही मरीज को गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस पर परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए पहले जांच करने की मांग की। दबाव में आकर डॉक्टर ने बीपी मशीन से जांच की, जिसके बाद मरीज को मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद परिजन शव को लेकर गांव लौट गए, जबकि इसी बीच बुलाई गई एम्बुलेंस भी पहुंच गई थी, जिसे वापस भेज दिया गया। मृतक शिव प्रसाद सोनी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मोतीलाल सोनी के पुत्र एवं सेवानिवृत्त पंचायत सचिव थे। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। सीएचसी खीरों अधीक्षक डॉ. भावेश सिंह ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**बछरावां (रायबरेली)**

**जांच की मांग**

● थुलेंडी चौकी अंतर्गत रसूलपुर गांव की घटना, मचा हड़कंप

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के थुलेंडी चौकी अंतर्गत रसूलपुर गांव में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब 26 वर्षीय युवक का शव गांव के बाहर नहर किनारे आम के पेड़ से संदिग्ध हालत में लटकता मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान अर्पित कुमार (26) पुत्र राम बहादुर निवासी रसूलपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने जब शव को पेड़ से लटकता देखा तो सन्न रह गए। उन्होंने तत्काल परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार अर्पित शुक्रवार रात करीब नौ बजे गेहूं काटकर घर आया था। इसी दौरान उसे किसी का फोन आया, जिसके बाद वह घर से निकल गया और रात भर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसे कई बार फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। शनिवार सुबह ग्रामीणों से उसकी मौत की सूचना मिली।


सीएचसी में रोते-बिलखते मृतक के परिजन व अन्य। अमृत विचार

मृतक के पिता राम बहादुर ने आशंका जताई है कि उनके बेटे की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। उनका कहना है कि शव की स्थिति आत्महत्या जैसी नहीं लग रही थी। मौके पर अर्पित की बाइक और चप्पल भी सही हालत में मिली, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

वहीं इस मामले में थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस टीम हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है।

# क्रेडिट ऑफिसर समेत दो और आरोपी गिरफ्तार, 48 फर्जी खातों का खुलासा

## बीओबी से पर्सनल लोन के मामले में पकड़े जा चुके हैं सात आरोपी, अन्य की तलाश जारी

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक ऑफ बड़ौदा से पर्सनल लोन दिलाने वाले संगठित गिरोह के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। इस कड़ी में फरार चल रहे क्रेडिट ऑफिसर समेत दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में अब तक कुल सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

शनिवार को किरण हाल में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार अमित कनौजिया बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा में क्रेडिट ऑफिसर के पद पर तैनात था। उसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोन स्वीकृत कराए। पुलिस ने

**बैंक लोन घोटाला**



दोनों आरोपियों को थाना क्षेत्र के बंधा रोड स्थित रामलीला मैदान से गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि गिरोह द्वारा फर्जी आईडी, सैलरी स्लिप और नियुक्ति पत्र तैयार किए जाते थे। इसके अलावा आधार कार्ड में नाम और पता बदलवाकर बैंक को गुमराह किया जाता था, जिससे पर्सनल लोन आसानी से स्वीकृत हो जाता था। शहर की मुख्य शाखा से इस तरह कुल 48 पर्सनल लोन खातों में फर्जीवाड़ा सामने आया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों ने आंतरिक जांच में गड़बड़ी पकड़ी। इसके बाद मुख्य प्रबंधक द्वारा कोतवाली नगर थाने में 48 खाताधारकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया, तभी से पुलिस इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई थी। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान क्रेडिट ऑफिसर अमित कनौजिया ने स्वीकार किया कि उसने अपने पद का लाभ उठाकर फर्जी सैलरी स्लिप और नियुक्ति पत्र तैयार करवाए और लोन स्वीकृति की संस्तुति की। वहीं सत्यम ने भी कबूला कि उसने एजेंट की मदद से आधार कार्ड में पता बदलवाकर और फर्जी दस्तावेज लगाकर लोन प्राप्त किया। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और एजेंटों की तलाश में जुटी है। साथ ही पूरे मामले में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### घर में घुसकर की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**खीरों।** थाना क्षेत्र के गांव बेहटा सातनपुर में विगत मंगलवार को दबंगों ने एक किसान के घर में घुसकर युवती के साथ अश्लील हरकतें करते हुए घर से घसीटकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि विगत मंगलवार को शाम लगभग पांच बजे वह अपनी पत्नी के साथ खेत में काम कर रहा था। पड़ोसी पवन कुमार और संदीप कुमार ने दरवाजे खंभे में बंधी गाय को खोलकर भगा दिया। विरोध करने पर दोनों भाइयों ने घर में घुसकर जाति सूचक गलियां देते हुए बेटी के साथ अश्लील हरकतें की। बेटी के चीखने पर उसे घसीटते हुए बाहर लाकर मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बीएसए ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को किया निलंबित

**सतांव (रायबरेली)।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायत की जांच के उपरान्त, शिकायत सही पाये जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने सतांव ब्लॉक क्षेत्र के संविलियन विद्यालय गोविन्दपुर कठोईया के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेन्द्र कुमार को निलंबित कर दिया है। शिकायतकर्ता द्वारा जनसुनवाई पोर्टल में विकास खण्ड सतांव के गोविंदपुर कटोरिया स्थित संविलियन विद्यालय में पिछले छह माह से मध्यान्ह भोजन नहीं बनने, वित्तीय अनियमितता, रसोईया का चयन ना करने समेत अन्य शिकायतें की गई। जाँच में शिकायतकर्ता के सभी आरोप सही पाए गए। जिसके बाद बीएसए ने प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेन्द्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए बीआरसी खीरो से सम्बद्ध कर दिया। वहीं पूरे प्रकरण की जांच की जिम्मेदारी खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज को नामित करते हुए जांचकर पन्द्रह दिनों के अन्दर आख्या प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। इसी के साथ एक सप्ताह में रसोईया का चयन कर विद्यालय में मिड-डे मील शुरू कराने का निर्देश भी दिया।

### अंकुश रावत बने इनकम टैक्स अधिकारी जताई खुशी

**संवाददाता, रायबरेली।** ऊंचाहार के ग्राम चडरई एनटीपीसी निवासी वरिष्ठ भाजपा नेत्री सावित्री पासी के बेटे अंकुश रावत का चयन एसएससी, सीजीएल इनकम टैक्स अधिकारी के पद पर होने पर लोगों ने खुशी जताई है। अंकुश रावत के पिता एनटीपीसी ऊंचाहार में इंजीनियर है। अंकुश के इनकम टैक्स अधिकारी के पद पर चयन होने पर मायादेवी, वीरेंद्र यादव, बृजभान सिंह, दयाराम, गगन ने खुशी जताई और कहा की जिस तरह अंकुश रावत ने मेहनत करके मंजिल हासिल की है वह सराहनीय है। अंकुश रावत ने बताया की मेरी कामयाबी का श्रेय मेरे माता-पिता व परिजनों को जाता है जिन्होंने मुझे इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की।


परिजनों के साथ अंकुश रावत।

### प्रवीण कुमार को मिली हरचंदपुर थाने की कमान

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** हरचंदपुर थाने से दो चोरों के भागने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने बड़ी कारवाई करते हुए थाना प्रभारी हरिकेश सिंह को लाइन में भेजते हुए दरोगा लल्लन प्रसाद, सिपाही प्रवीण यादव को निलंबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने लापरवाही बरतने पर कार्रवाई को अंजाम देते हुए चंदापुर थाने में तैनात उप निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह को हरचंदपुर थाने की कमान सौपी है। पुलिस के अनुसार पूछतांछ में बाराबंकी जिले के दोनो युवको ने जिले में हुई चोरी की कई घटनाओ में सम्मलित होने की बात स्वीकार किया था। दूसरे दिन चोरी की घटनाओं का खुलासा पुलिस करने ही वाली थी, तभी रात में डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की लापरवाही का फायदा उठाकर दोनों युवक थाने से फरार हो गए। मामले की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने सीओ लालगंज अमित कुमार को जांच सौप दी। पूरे मामले की जांच करने के बाद जांच थाना प्रभारी, सिपाही व दरोगा की लापरवाही को उजागर करते हुए सीओ ने जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौप दी। जांच में थाना प्रभारी, सिपाही व दरोगा की लापरवाही पाई गई। जिसके चलते दोनों चोर लापरवाही का फायदा उठाते हुए हिरासत से भागने में कामयाब हो गए।

### केंद्रीय टीम ने हेल्थ सेंटर का लिया जायजा



हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में केंद्रीय टीम के साथ मौजूद कर्मचारी, अन्य लोग।

**सतांव, अमृत विचार।** शनिवार की सुबह सतांव ब्लॉक के केलौली स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का एनक्यूवास सर्टिफिकेट के लिए दो सदस्यीय केंद्रीय टीम द्वारा ऑनलाइन एसेसमेंट किया गया। सीएचसी जतुआ टप्पा के अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि केंद्रीय टीम के सदस्य आशुतोष त्यागी व अंकित शुक्ला ने केंद्र की सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। असेसमेंट के दौरान टीम ने मुख्य रूप से केंद्र का भवन और उपलब्ध भौतिक सुविधाओं, रिकॉर्ड कीपिंग, आधिकारिक फाइलों का अपडेशन, संक्रमण नियंत्रण और केंद्र की स्वच्छता व्यवस्था तथा केंद्र पर दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को मिलने वाली पैथोलोजिकल जांच की सुविधाओं का निरीक्षण किया। आशुतोष त्यागी ने बताया कि एनक्यूवास प्रमाणीकरण हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर की गुणवत्ता को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाता है।

# डीआईओएस को आक्रोशित शिक्षकों ने सौंपा मांगपत्र


मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले के शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को संबोधित एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के खाताधारकों के खातों को अपडेट किया जाए।

प्रदेशीय मंत्री राम मोहन सिंह और जिला अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला के संयोजकत्व में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के शिक्षक पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को संबोधित मांग पत्र वित्त एवं लेखाधिकारी को सौंपा। इसमें मांग की गई है कि श्री सिद्धनाथ शुक्ला वीणा पाणि इंटर कॉलेज सतांव रायबरेली के शिक्षक प्रदीप कुमार को दो वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अभी प्रवक्ता का चयन वेतनमान नहीं मिला है। इसी कड़ी में शिव नारायण सिंह विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गौरा के शिक्षक मुन्नालाल के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) खाते से ऋण स्वीकृति की फाइल विगत 6 माह से विद्यालय, कार्यालय और निदेशालय का चक्कर लगा रही है, लेकिन अभी तक उसका भुगतान नहीं हो पाया है। इसके अलावा विषय विशेषज्ञ शिक्षकों इस मौके पर जिला मंत्री डॉ सुनील दत्त, जिला कोषाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, संयुक्त मंत्री सरोज अनिल कुमार, देवी शंकर वर्मा, मुन्नालाल, उमाशंकर सिंह, सचिन चंद्र, शुभम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# एआरटीओ ने बच्चों की सुरक्षा के लिए विद्यालयों पर कसा शिकंजा

**संवाददाता, रायबरेली**

● एआरटीओ अरविंद कुमार यादव ने सभी स्कूलों को पोर्टल पर तुरंत ऑनबोर्ड होने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने अहम पहल करते हुए सभी विद्यालयों को वाहन निगरानी पोर्टल पर शीघ्र ऑनबोर्ड होने के निर्देश दिए हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अरविंद कुमार यादव ने बताया कि यह कदम बच्चों की सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में उठाया गया है।

उन्होंने बताया कि परिवहन आयुक्त और बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 1 से 15 अप्रैल 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्कूली वाहनों की फिटनेस, सुरक्षा मानकों और नियमों के पालन की जांच की जा रही है। अक्सर दुर्घटनाओं का कारण वाहनों की खराब या त्रुटिपूर्ण फिटनेस पाया गया है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। परिवहन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल upisvmp.com के माध्यम से सभी विद्यालयों को अपने वाहनों, चालकों और प्रबंधन से जुड़ी जानकारी अपलोड करनी होगी। साथ ही सौ रुपये के स्टाम्प पेपर पर सत्यापित शपथ पत्र भी जमा करना अनिवार्य है, चाहे विद्यालय में वाहन संचालित हो या नहीं।


एआरटीओ प्रशासन अरविंद कुमार।

वहीं एआरटीओ अरविंद कुमार यादव ने बताया कि अभी तक मात्र 14 प्रतिशत विद्यालय ही ऑनबोर्ड हुए हैं, जबकि अभियान समाप्त होने में केवल चार दिन शेष हैं। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों और प्रबंधनों से अपील की है कि वे तत्काल पोर्टल पर विवरण अपलोड कर बच्चों की सुरक्षा में सहयोग करें।

### शार्टसर्किट से दो किसानों की गेहूं की फसल जली

**जगतपुर (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के कूड गांव के पास गुरुवार को शार्ट सर्किट से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आग लगते ही आसपास के किसानों में अफरा-तफरी मच गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब चार से पांच बीघा फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में किसान उदय राज चौहान जगतपुर व बृजेश मिश्रा टांघन की गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन में हुए शार्ट सर्किट से चिंगारी गिरने के बाद आग भड़क उठी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की सूझबूझ से आग को अन्य खेतों में फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन किसानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।

### शिव बारात के साथ सम्पन्न हुई शिव आराधना


परिसर में मूर्ति स्थापना के दौरान मौजूद लोग।

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती स्थित श्री राम जानकी मंदिर ठाकुरद्वारा परिसर में पांच दिनों से चल रही शिव आराधना का समापन धूमधाम से किया गया। अंतिम दिन गाजे-बाजे के साथ भव्य शिव बारात निकाली गई, जो पूरे कस्बे में मंदिर-मंदिर भ्रमण करती रही। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। बारात के समापन के बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से शिव परिवार की स्थापना की गई। शनिवार सायंकाल हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। आचार्य चंचल कृष्ण शास्त्री ने बताया कि भगवान शिव की सच्चे मन से की गई भक्ति सभी कष्टों को दूर कर जीवन में सुख-शांति लाती है। कार्यक्रम का आयोजन गणेश शंकर मिश्रा व अन्य सहयोगियों द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर शशि दीक्षित, सुधा अवस्थी, छाया दीक्षित, ममता मिश्रा, जयशंकर मिश्रा, प्रीति मिश्रा, गीता मिश्रा, गरिमा वाजपेई, गुंजा, विभू, आर्या, ममता मिश्रा, विश्व मोहिनी, रामकिशोर मौर्य, वीरेंद्र पाण्डेय, आयुष पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेसी नेत्री ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण,

**डीह।** निर्वाचन आयोग द्वारा फाइनल मतदाता सूची जारी होने पर शनिवार को डीह ब्लॉक के विभिन्न बूथों पर पहुंची अमेठी कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष व दिशा की सदस्य किरन देवी ने मतदाता सूची की जांच की। कांग्रेस नेता ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं का नाम किसी कारण वश छूट गया है वो लोग स्थानीय बीएलओ व कांग्रेस पार्टी के द्वारा बनाए गए बीएलए से मिलकर फार्म 6 के तहत् अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करवा लें। वहीं यदि किसी कारण वश किसी के नाम में कोई त्रुटि हुई हो तो फार्म 8 भरकर अपना नाम संशोधन करवा लें, जिससे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस अवसर पर महेन्द्र सिंह, बबलू मिश्रा, राकेश निर्मल, राजीव त्रिपाठी सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे

## कार्यक्रम

**समारोह में एसआरएम पब्लिक स्कूल के मेधावी सम्मानित**

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**शिवगढ़ (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एसआरएम पब्लिक स्कूल बहुदाकला में हर्षोल्लास पूर्वक भव्य मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा रहे।

समारोह में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य आलोक कुमार वर्मा द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व छात्र रहे बहुदाकला गांव के सॉफ्टवेयर इंजीनियर विनय कुमार पटेल व उनके छोटे भाई इनकम टैक्स कार्यालय प्रभारी दिवाकर पटेल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, होलिका प्रसाद, राकेश कुमार, राजेश कुमार, शिवाली, प्रीती, प्रिया, लक्ष्मी आदि लोग उपस्थित रहे।


समारोह में सम्मानित किए गए मेधावी बच्चे। अमृत विचार


बच्चों को स्कूल में प्रवेश के लिए प्रेरित करने हेतु निकाली गई जागरूकता रैली।

**बाइक रैली निकाल कर लोगों को किया जागरूक, लालगंज:** ब्लाक संसाधन केंद्र लालगंज से स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज राजीव कुमार ओझा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली ब्लॉक संसाधन लालगंज से होते हुए दतौली, चिचहा, सेमरपहा, शोभवापुर, अंबारापश्चिम, चिलौला, ककराही, गौरारुपई, पुरे चौहान, मगरहन, कनकापुर, सराय बेरिया खेड़ा, पलिया वीर सिंहपुर होते हुए नगर के गांधी चौराहा में समाप्त हुई। रैली के दौरान अजय बाबू पांडे, विश्वास बहादुर सिंह, सौरभ तिवारी, आशीष प्रताप सिंह, गिरीश पांडे, हरिओम यादव, विनोद कुमार, अरविंद शुक्ला, आशीष चौहान, शशिकांत त्रिवेदी, रामानुज पांडे, रितेश चौधरी आदि शिक्षक लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में लगी आग गृहस्थी जलकर राख

**संग्रामपुर (अमेठी) :** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के शुकुलपुर गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में एक परिवार का आशियाना जलकर राख हो गया। घटना में घर में रखा घरेलू सामान, भूसा और गेहूं पूरी तरह नष्ट हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी दूधनाथ यादव व उनके भाई के घर में अचानक आग लग गई। उस समय दूधनाथ यादव घर के पास नीम के पेड़ के नीचे बैठे थे। तभी उन्होंने अपने घर से उठती आग की लपटें देखीं। उन्होंने शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया, जिसके बाद गांव के लोगों ने मिलकर कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।सूचना मिलते ही पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और पीड़ित से घटना की जानकारी ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें काफी तेज थीं और हवा के कारण तेजी से फैल रही थीं।पीड़ित दूधनाथ यादव ने आशंका जताई कि घर के ऊपर से गुजर रहा जर्जर और ढीला बिजली का तार आपस में टकराने से चिंगारी निकली होगी, जिससे आग लगी। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

### विवाहिता को घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

**सिंहपुर (अमेठी) :** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के उसरहा गांव की रहने वाली पूजा मिश्रा पुत्री कमल किशोर अवस्थी ने पति व ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार उसका विवाह पांच वर्ष पूर्व बाराबंकी जनपद के थाना असंद्रा के गांव सुब्बा का पुरवा निवासी राजन मिश्रा के साथ हुआ था। आरोप है कि पति राजन मिश्रा, सास गुड़िया मिश्रा व देवर अमन मिश्रा कम दहेज लाने को लेकर उसे शादी होने के बाद से ही लगातार प्रताड़ित करते रहे और पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। पीड़िता ने बताया कि बीते 4 अप्रैल को दोपहर करीब दो बजे पति, सास व देवर ने मारपीट कर उसके कपड़े व जेवर छीन लिए और घर से भगा दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। सूचना पर पहुंचे भाई के साथ भी अभद्रता व मारपीट की गई। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष डी एस मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### ग्राम पंचायत-दरखा से हैंडपंप मरम्मत की मांगी गई जानकारी

**अमेठी :** दरखा, अमेठी के निवासी विनोद कुमार पाण्डेय ने ग्राम पंचायत-दरखा से वर्ष 2022 से 2026 तक के विभिन्न विकास कार्यों की प्रमाणित जन सूचना मांगी है। उन्होंने पत्र के माध्यम से यह जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। इसमें इंडिया मार्का दो हैंडपंपों की मरम्मत से संबंधित विस्तृत जानकारी मांगी है। इसमें लाभार्थी का नाम, पिता का नाम, पता और प्रत्येक नल पर खर्च हुई धनराशि शामिल है। इसी प्रकार, वर्ष 2022 से 2026 के दौरान कराए गए इंडिया मार्का दो हैंडपंपों के रिबोर कार्य का विवरण भी मांगा गया है। इसमें भी लाभार्थी का नाम, पिता का नाम, पता और नलवार व्यय धनराशि की प्रमाणित सूचना शामिल है।

### प्रवचन से भावविभोर हुए श्रद्धालु

**बछरावां (रायबरेली)।** क्षेत्र के कुंदनगंज कस्बे स्थित त्रिमूर्ति माता मंदिर के वार्षिकोत्सव पर श्री बाजपेई बाबा मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय श्री रामचरितमानस सम्मेलन का समापन शुक्रवार रात हुआ। बागेश्वर धाम, छतरपुर से आई मानस प्रवाचिका रजनी शास्त्री ने कहा कि श्री रामचरितमानस मानव जीवन की आचार संहिता है और भगवान श्रीराम ने अपने जीवन से सदमार्ग का संदेश दिया। कार्यक्रम में साध्वी पुष्पांजलि शुक्ला ने भी कथा सुनाई। आचार्य अशोक त्रिपाठी, विनोद कोटेदार, राजू त्यागी, मनीष सिंह रहे।

# आंबेडकर की प्रतिमा हटाने पर हुई पत्थरबाजी

## चबूतरा तोड़ने व प्रतिमा हटाने पहुंची पुलिस-राजस्व टीम का ग्रामीणों ने किया विरोध, दो पुलिसकर्मी जख्मी

- केस दर्ज करके 14 लोग हिरासत में लिए गए, पुलिस बल तैनात

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** राममगंज थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव में सुरक्षित श्रेणी की भूमि पर अवैध अतिक्रमण को लेकर शनिवार को तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के प्रयास के बाद पुलिस और ग्रामीणों के बीच टकराव हो गया। विरोध के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, नरहरपुर गांव में मृत पशुओं के निस्तारण खाल निकालने व दफनाने के लिए आरक्षित भूमि पर कुछ ग्रामीणों ने अवैध रूप से चबूतरा बनाकर बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की कोशिश की। प्रशासन द्वारा पहले ही इस स्थान पर किसी प्रकार का निर्माण न करने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन शुक्रवार देर रात कुछ लोगों ने वहां कच्चा चबूतरा बना दिया। शनिवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को हटवा दिया। टीम के वापस लौटने के बाद ग्रामीणों ने दोबारा चबूतरा बनाकर उस पर आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। इसकी सूचना मिलते ही एसडीएम आशीष सिंह व कई थानों की पुलिस पुनः मौके पर पहुंची और प्रतिमा हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने विरोध करते हुए पथराव शुरू कर दिया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।



विवादित जमीन से प्रतिमा को हटाती पुलिस। अमृत विचार



चबूतरे को ध्वस्त करती जेसीबी।

स्थिति को संभालने के लिए रामगंज, पीपरपुर और संग्रामपुर थानों की पुलिस के साथ क्विक रिस्पांस टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने हालात को नियंत्रित करते हुए प्रतिमा को सम्मानपूर्वक हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया और अवैध चबूतरे को दोबारा ध्वस्त कर दिया। मौके पर उपजिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, तहसीलदार सहित कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

उधर, उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित भूमि 'खंडवार' के नाम दर्ज सुरक्षित श्रेणी की जमीन है, जिस पर किसी प्रकार का निर्माण अवैध है। प्रशासन ने अवैध कब्जा हटाकर बाबा साहब की प्रतिमा को सुरक्षित रखवा दिया है। उन्होंने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा, फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था कायम है।

### क्या बोले जिम्मेदार

वहीं इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने बताया कि घटना में शामिल अराजक तत्वों की पहचान की जा रही है। अब तक 14 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और अन्य के खिलाफ भी सरकारी काम में बाधा सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। प्रतिमा को विवादित जगह से हटवा कर सुरक्षित रखा गया है घटना के बाद गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर गश्त बढ़ा दी गई है।

# एक्सप्रेस-वे पर टायर फटने से कंटेनर डिवाइडर तोड़कर नीचे गिरा

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

- टायर फटने से हुआ हादसा चालक व खलासी सुरक्षित

**अमृत विचार।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक कंटेनर का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए लगभग 40 फीट से ज्यादा नीचे उतर गया। हालांकि गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और चालक व खलासी सुरक्षित बच गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र से गुजर रहे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 64 पर स्थित आशीषपुर गांव के पास मुर्गी फार्म के निकट शनिवार सुबह करीब छह बजे यह घटना हुई। कंटेनर चालक राजेंद्र, पुत्र सोभा राम, निवासी ग्राम इजल, थाना सोरीख, जिला कन्नौज खाली कंटेनर लेकर छपरा से दिल्ली की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक कंटेनर का अगला टायर कंडक्टर साइड का फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और साइड लगे डिवाइडर को तोड़ते हुए नीचे उतर गया। घटना की सूचना मिलते ही



हादसे के बाद नीचे पड़ा कंटेनर।

सहायक सुरक्षा अधिकारी बृजपाल कनौजिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। सेफ्टी कोन की गाड़ी भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था संभाली। कार्यदायी संस्था को हाइड्रा मशीन भेजने की सूचना दे दी गई है ताकि कंटेनर को हटवा दिया फिलहाल एक्सप्रेसवे पर यातायात सामान्य रूप से जारी है। वहीं थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि हादसे में किसी भी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई व टायर फटने से दुर्घटना हुई है।

# रेलवे स्टेशन से 13 कछुए बरामद, तस्कर फरार

जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर उस समय हड़कंप मच गया जब प्लेटफार्म पर संदिग्ध हालात में रखे तीन लावारिस बैगों से 13 कछुए बरामद हुए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी, लेकिन तस्करों का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना स्थित निहालगढ़ रेलवे स्टेशन की है।

बताया जाता है कि कुंभ एक्सप्रेस ट्रेन के स्टेशन पर रुकने के दौरान प्लेटफार्म पर रखे तीन बैगों पर लोगों की नजर पड़ी। बैग संदिग्ध प्रतीत होने पर यात्रियों ने इसकी सूचना रेलवे पुलिस प्रभारी अजय कुमार को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब बैगों की तलाशी ली तो उनमें अलग-अलग प्रजाति के कुल 13 कछुए बरामद हुए। इसके बाद तत्काल



बरामद कछुए व मौजूद पुलिस टीम।

वन विभाग को सूचना दी गई। वन क्षेत्राधिकारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बरामद कछुओं को कब्जे में लेते हुए अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी वन विभाग और जीआरपी सुल्तानपुर को दी। टीम ने कछुओं को कब्जे में लेकर उनकी प्रजाति, आकार और कीमत का आकलन शुरू कर दिया है। आगे की कार्रवाई के लिए संयुक्त रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# दो करोड़ रुपये की स्मैक के साथ दो अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

मुसाफिरखाना (अमेठी)

**अमृत विचार।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन चक्रव्यूह" के तहत शनिवार को संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं की सघन चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली। चेकिंग के दौरान वाराणसी की ओर से आ रही एक संदिग्ध कार को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन कार सवार भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अन्तर्राज्यीय दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम अजीत गुप्ता 27 वर्ष पुत्र स्वर्गीय नरेश गुप्ता निवासी ग्राम नावाडीह, थाना पथलगड्डा, जनपद चतरा झारखंड तथा सोनू कुमार साहू 30 वर्ष पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम सजवी जोरी, थाना वशिष्ठ नगर, जनपद चतरा झारखंड बताया। तलाशी के दौरान अजीत गुप्ता के पास से 150 ग्राम





पुलिस की गिरफ्त मे कार व स्मैक के साथ आरोपी। अमृत विचार

**कार्रवाई**

स्मैक बरामद हुई, जबकि कार की तलाशी लेने पर 1100 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस प्रकार कुल 01 किलो 250 ग्राम स्मैक, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है, पुलिस ने बरामद की। इसके साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार , 2 मोबाइल फोन, विभिन्न बैंकों के 12 एटीएम कार्ड और 4750 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे झारखंड से स्मैक खरीदकर उत्तर प्रदेश के बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली और अमेठी जैसे शहरों में बेचते थे।

उन्होंने पूछताछ में बताया कि आज उनकी बरेली के एक ग्राहक से बात हुई थी, जिसे स्मैक देने के लिए रायबरेली बुलाया गया था, आरोपियों ने यह भी बताया कि स्मैक होने के कारण वे मुख्य सड़क के बजाय सिंगल रोड से जा रहे थे, लेकिन पुलिस की चेकिंग देखकर पकड़े जाने के डर से भागने का प्रयास किया।

### पीड़ित परिवारों को सांसद ने भेजी राहत किट

**शुकुल बाजार (अमेठी) अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पूरे दूधौरन गांव में शुक्रवार को अचानक लगी भीषण आग ने पलक झपकते ही पांच परिवारों के आशियाने को राख में बदल दिया। आग इतनी तेज थी कि ग्रामीण संभल भी नहीं पाए और देखते ही देखते कई छप्परनुमा मकान इसकी चपेट में आ गए। इस अग्निकांड में अनिल कुमार, सुंदर राम, अरुण, प्रदीप और केशवराम के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। आग की भयावह लपटों के बीच घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य जरूरी सामान भी नहीं बचाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। तहसीलदार राहुल सिंह ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। अग्निकांड की सूचना मिलने के बाद अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तत्परता दिखाते हुए शनिवार को शाम पीड़ित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई। कांग्रेस प्रत्याशी विजय पासी ने गांव पहुंचकर पीड़ितों का हालचाल जाना और उन्हें राहत किट वितरित की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मजीद भाई, राजेंद्र मिश्र, कृष्ण तीरथ मिश्रा, विंदेश तिवारी और बब्बन तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राहत किट देते विजय पासी व अन्य।

### 12 वर्षों से लालगंज सम्पर्क मार्ग बदहाल

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** करीब 350 मीटर लम्बा शिवगढ़ क्षेत्र का लालगंज वाया बेड़ारु सम्पर्क मार्ग लिंक रोड करीब 12 वर्षों से जर्जर एवं बदहाल है। ग्रामीणों की दर्जनों शिकायतों के बावजूद जिसी ने सुध लेना मुनासिब नहीं समझा। ग्रामीण ईश्वरदीन, देवेंद्र वर्मा, संदीप कुमार, लवकुश ने बताया कि पूर्व विधायक रामलाल अकेला के कार्यकाल में इस सम्पर्क मार्ग में विधायक निधि से डामरीकरण कराया गया था। जिसके बाद इस सम्पर्क मार्ग की एक बार भी रिपेयरिंग नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इस सम्पर्क मार्ग के नवीनीकरण के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से शिकायत भी की गई किन्तु नतीजा शून्य रहा किसी ने भी ग्रामीणों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया। ग्राम प्रधान अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि सम्पर्क मार्ग के नवीनीकरण के लिए राज्य मंत्री तथा जिलाधिकारी को पत्र दिया गया है।



बदहाल लालगंज वाया बेड़ारु सम्पर्क मार्ग।

### अभियान का सीएमओ ने किया निरीक्षण



गांव में निरीक्षण करते सीएमओ डॉक्टर अंशुमान सिंह व मौजूद ग्रामीण।

**जायस (अमेठी) अमृत विचार।** जनपद के बहादुरपुर विकास खण्ड के ग्राम पूरे अजीम में संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे जन जागरूकता अभियान का मुख्य चिकित्साधिकारी अमेठी डॉ अंशुमान सिंह ने आकास्मिक निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी कार्य कत्री एवं आशा बहू उपस्थित पायी गयी। वहां उपस्थित लोगों को मुख्य चिकित्साधिकारी ने गर्मी के मौसम में संचारी रोगों से बचने के उपाय बताये एवं स्वास्थ्य सम्बंधी कोई समस्या होने पर नजदीकी राजकीय अस्पताल में जाकर मुक्त में समुचित इलाज करायें। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण महिला, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

### आगजनी से दहशत में जिला, संसाधन और स्टाफ की कमी से जूझ रहा फायर ब्रिगेड विभाग

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले में एक के बाद एक आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। आग लगने पर लोग तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना देते हैं, लेकिन अधिकतर मामलों में फायर ब्रिगेड आग बुझने के बाद ही मौके पर पहुंच पाती है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गर्मी की शुरुआत के साथ ही आग की घटनाएं विकराल रूप लेने लगी हैं। ग्रामीण इलाकों में आग लगने पर समय पर राहत नहीं मिल पाने से नुकसान भी बढ़ रहा है। जिले में फिलहाल चार बड़ी (5000 लीटर), तीन छोटी (2500 लीटर), चार मिनी (400 लीटर) फायर गाड़ियां और 40 लीटर क्षमता वाली दो बुलेट गाड़ियां उपलब्ध हैं। पानी भरने के लिए समरसेबल और टैंक की व्यवस्था है, लेकिन बढ़ती घटनाओं के मुकाबले यह व्यवस्था अपर्याप्त साबित हो रही है। फायर विभाग में प्रथम श्रेणी के पांच, द्वितीय श्रेणी के पांच, लीडिंग फायरमैन के आठ, चालकों के नौ और 56 फायरकर्मियों के पद खाली हैं। सीमित कर्मचारियों के सहारे पूरे जिले की जिम्मेदारी संभाली जा रही है, जिससे राहत कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं विभागीय आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष जिले में 778 आगजनी की घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें भारी नुकसान हुआ। विभाग ने 130 लोगों को सुरक्षित बचाने का दावा किया है। इस वर्ष अब तक 87 घटनाएं हो चुकी हैं और 18 लोगों को बचाया गया है। वहीं इस संबंध में फायर स्टेशन अमेठी के प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम तुरंत मौके के लिए रवाना होती है और उपलब्ध संसाधनों से राहत कार्य किया जाता है, लेकिन बढ़ती घटनाओं के बीच संसाधन और स्टाफ की कमी बड़ी चुनौती है।

# आक्रोशित भाकियू ने उठाईं समस्याएं

- समाधान दिवस पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना कमरौली में आयोजित समाधान दिवस के दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने तहसीलदार राहुल सिंह को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं उठाईं। किसानों ने जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि के वर्षों से खाली पड़े रहने, बंद उद्योगों से बढ़ती बेरोजगारी और श्रमिक शोषण पर नाराजगी जताई।

ज्ञापन देने के दौरान उनका कहना था कि रोजगार के नाम पर ली गई जमीन का समुचित उपयोग न होने से पीढ़ियां प्रभावित हो रही हैं।भाकियू ने प्राथमिक विद्यालय पलिया पश्चिम की बदहाली को भी गंभीर मुद्दा बताया। कक्षा के दरवाजे के सामने खड़ी मशीन, रसोई के पास शराब-बीयर की खाली बोतलें, बाउंड्री वॉल का अभाव और जर्जर शौचालय को बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया।इसके अलावा ग्राम रसूलपुर के गाटा संख्या 635 की लंबित पैमाइश को लेकर चकबंदी विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया गया।इस दौरान भाकियू की जिला अध्यक्ष शमीमा खान, जिला महासचिव रीता शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष उर्मिला प्रजापति, पदाधिकारी रेशमा नटराज, आशिया बानो, फिरोज अहमद, तेज नारायण दुबे, अहमद हुसैन और रामदीन मौर्या मौजूद रहे।थाना प्रभारी मुकेश पटेल के अनुसार कुल 5 शिकायतें मिलीं, जिनमें 2 पर टीम गठित की गई है। इस मौके पर तहसीलदार राहुल सिंह, कानूनगो अमर नाथ पाण्डेय व लेखपाल संदीप कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।



समाधान दिवस में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की गई जान

शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र से दहेज प्रताड़ना का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने से परेशान विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, मोहनगंज थाना क्षेत्र के रस्तामऊ गांव निवासी उमैरा बानो ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी आयशा बानो की शादी 3 जून 2024 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र के सरैयापीरजादा निवासी गुलफाम पुत्र ताज मोहम्मद के साथ की थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक घरेलू सामान, गहने, प्लसर मोटरसाइकिल और नकदी भी दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर आयशा को ताना देते थे और उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करते थे। परिजनों के अनुसार, कई बार रिश्तेदारों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन आरोपित अपनी हरकतों से बाज नहीं आए।

विवाहिता की मां का आरोप है कि घर में मौजूद गुलफाम की बहनें शाहीन और रूबीना पुत्री ताज मोहम्मद, शाहिबा पत्नी शाहीन तथा अरशद पुत्र ताज मोहम्मद आए दिन आयशा के साथ मारपीट और गाली-गलौज करते थे। तहरीर के अनुसार, 8 अप्रैल 2026 को शाम करीब 4 बजे आयशा ने रोते हुए अपने मायके फोन कर कहा कि उसे तुरंत घर से ले जाया जाए, क्योंकि ससुराल वाले उसकी जान के पीछे पड़े हैं। करीब एक घंटे बाद ससुराल पक्ष से फोन आया कि आयशा ने कुछ खा लिया है और उसे सूर्या अस्पताल ले जाया गया है। परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने इलाज से मना कर दिया, जिसके बाद आयशा को ऐरा मेडिकल कॉलेज, लखनऊ ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**आयोजन**

हर्षोल्लास के साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

# बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, दर्शक हुए भावुक

अटौरा (रायबरेली)

**अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय अहमदपुर में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं "स्कूल चलो अभियान" हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया और सभी को भावुक एवं प्रेरित कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों की वार्षिक उपस्थिति, स्वच्छता, उत्कृष्ट परीक्षाफल, खेलकूद एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उनके अभिभावकों सहित सम्मानित किया गया। साथ ही नवांगतुक बच्चों को विशेष रूप से प्रोत्साहित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान पति रज्जू मिश्रा, पूर्व प्रधानाध्यापक नंदकिशोर, ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष, एआरपी मोहित पटेल, पंकज मिश्रा एवं मुनीश पटेल उपस्थित रहे।




आयोजित समारोह में सम्मानित किए गए बच्चे, मौजूद शिक्षक, अन्य। अमृत विचार



आयोजित कार्यशाला में मौजूद लोग। अमृत विचार

**एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन, जगतपुर:** जगतपुर विकासखंड के ब्लॉक सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण के अंतर्गत शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला महामंत्री दिनेश तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अलावां मंडल अध्यक्ष केके पटेल, संतोष तिवारी, देवेंद्र सिंह, सुभाष सिंह, सूर्य विक्रम सिंह, अमरेश सिंह, सूर्यपाल दीक्षित, संतोष तिवारी, अजय त्रिपाठी, अनिल यादव, अशोक, हिमांशू, एसपी सिंह, मान सिंह, राजकिशोर, अजय गौतम समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



तुलसी मीठे बचन ते, सुख उपजत चहुं ओर।
बसीकरन इक मंत्र है, परिहरू बचन कठोर।।

संत तुलसीदास कहते हैं, मीठे वचन से हम सब ओर सुख फैला सकते हैं। किसी को भी वश में करने के लिए मिठास भरे शब्द एक मंत्र की तरह होते हैं, इसलिए इंसान को चाहिए कि कठोर वचन छोड़कर मीठा बोलने का प्रयास करें और अनजानों को भी अपना बना ले।

# 'तुम बहुत बोल चुके... अब मैं बोलूंगी'

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रदृष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था, 'यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?', 'सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, 'जल पर।'

बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण आ गया है। केंद्रीय मंत्रीपरिषद ने इसे पारित कर दिया है। महिला आरक्षण सामाजिक समता का ऐतिहासिक दस्तावेज है। इससे अथर्ववेद के एक मंत्र की ध्वनि सुनाई पड़ रही है। इस मंत्र में एक स्त्री कहती है, 'तुम बहुत बोल चुके। अब मैं बोलूंगी।' भारत में प्राचीन काल से ही स्त्री सम्मान रहा है। महिलाओं की खराब स्थिति का प्रचार करने वाले मिथ्या आरोप लगाते रहे हैं।

भारतीय समाज में स्त्रियां पुरुष के बराबर सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में भी स्त्री सम्मान था। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुद्गलानी रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। युद्ध में उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था। ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था।

पति और पत्नी को मिलाकर दंपति बनता है। दंपति में नारी की प्रतिष्ठा है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में स्त्री सम्मान के तत्व हैं। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। जल माता का विचार डारविन के बहुत पहले वैदिक काल में ही पुष्ट हो चुका था। ऋग्वेद में 'आपः मातरम'- जलमाताओं को नमस्कार किया गया है।

ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी हैं। कहा गया है, 'इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।'

ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिंधु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं। जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई देवी नहीं है।

विवाहित होना सम्मानीय था। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। स्त्री दासी नहीं है। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि 'यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।' यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रदृष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे।

विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था, 'यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?', 'सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, 'जल पर।' गार्गी ने उत्तर के बाद पूछा, 'जल किसमें आधारित हैं?' फिर पूछा गया, 'इस अस्तित्व को कौन देवता आधार देते हैं?' गार्गी ने पूछा, 'इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा, 'ब्रह्म किस पर आधारित हैं। याज्ञवल्क्य ने कहा, 'ब्रह्म सर्वोच्च हैं। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत हैं।

गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम-सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव-पार्वती में पार्वती प्रथमा हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते ततदेवता- जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं।

नारी माता हैं।

अनेक प्रतीकों में स्त्री को मां कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को मां बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, 'तुम ऋक हो। मैं साम (गान) हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।'

दुनिया की प्रत्येक सभ्यता में देवतंत्र है। देवता हैं, देवियां हैं। सामाजिक विकास के क्रम में मिस्र ने प्रकृति की शक्तियों को देवता जाना और माना था। जिस समाज में देवियां होंगी उस समाज में स्त्रियों का सम्मान होगा। देवतंत्र मनुष्य के सपनों का ही विस्तार है। देवियों का आदर स्त्रियों का आदर है, इसी तरह स्त्रियों का आदर देवियों का आदर है। भारत में वैदिक काल का देवतंत्र ध्यान देने योग्य है। भारत में अनेक देवियां हैं। ऋग्वेद में वाणी की अराधना की गई है। देवियों की उपासना करने वाले समाज में स्त्री सम्मान होगा ही। इसी तरह का एक शब्द है रोदसी। रोदसी में माता पृथ्वी और पिता आकाश को संयुक्त रूप में याद किया गया है। (ऋग्वेद 2.11.15) चाहे सोम रस की बात हो या अन्य सभी अनुशासनों में। माता-पिता की जोड़ी में मां प्रथमा हैं।

वैदिक काल में अनेक स्त्रियां वेद मंत्रों की रचयिता या दृष्टा ऋषि भी रही हैं। इनमें लोमसा, लोपामुद्रा, यमी, श्रद्धा, ब्रह्मवादिनी जुहू, सूर्या, इंद्राणी, कच्छीवान की पुत्री घोषा आदि स्त्रियों की प्रतिष्ठा किसी भी विद्वान से कम नहीं थी। पूर्वजों ने मातृ शक्ति को पुरुष जैसा सम्मान दिया है। ऋग्वेद के एक सूक्त में पौलोमी सची द्वारा व्यक्त उद्गार देखने योग्य हैं। वे कहती हैं, 'मैं ज्ञानवती हूं। मैं मूर्धन्य हूं। मैं तेजस्वी वक्ता हूं। मैं शत्रुओं का विनाश करती हूं। पति मेरे अनुकूल व्यवहार करते हैं।

ऐतरेय ब्राह्मण में गंधर्व ग्रहीता कुमारी का विवरण है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार मैत्रेयी ऋषि याज्ञवल्क्य की पत्नी थीं। उनकी रुचि ब्रह्म विद्या में थी। याज्ञवल्क्य ने सन्यासी होने का निर्णय लिया। दोनों पत्नियों को बुलाया और बताया कि हमारी संपदा दोनों पत्नियां मिलकर बांट लो। इस पर मैत्रेयी ने कहा, 'मुझे धन संपदा नहीं चाहिए। आपको जो ज्ञान प्राप्त हो वही मुझे दीजिए।' कृतार्षिनी ने मीमांसा दर्शन पर ग्रंथ लिखा था।

वैदिक काल में शिक्षा की उत्तम व्यवस्था थी। इनमें तमाम महिलाएं आचार्य थीं। बच्चों को पढ़ाती थीं। पाणिनी की व्याकरण के अनुसार उपाध्याय की पत्नी को उपाध्यायानी कहा गया है और जो स्त्री स्वयं अध्ययन का कार्य करे उसके लिए उपाध्याय शब्द ठीक होगा। वैदिक काल में संपत्ति पर स्त्रियों का भी अधिकार था। महिलाएं घर की प्रधान थीं।

# नेपाल में दिखने लगा है बालेन सरकार का असर

नेपाल में बालेन सरकार के करीब एक पखवारे ही हुए, इस बीच उनके कार्यशैली को देखें तो कह सकते हैं कि आने वाले दिनों में निश्चित ही ढेर सारे ऐसे निर्णय लिए जा सकते हैं जो परिवर्तन का संदेश देते हों। वे चाहे शिक्षा से जुड़े हुए फैसले हों, महिला अधिकार की हो या पलायन, रोजगार और विदेश नीति से जुड़े हुए फैसले हों। एक पखवाड़े के भीतर ही अपने मंत्रिमंडल के एक सहयोगी को रुखसत कर उन्होंने अन्य मंत्रियों को सख्त संदेश भी दे दिया है।

बालेन सरकार ने जवाबदेही और जिम्मेदारी की एक स्पष्ट मिसाल पेश करते हुए श्रम, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को उनके पद से बर्खास्त कर दिया है, जबकि स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री निशा मेहता को कड़ी चेतावनी दी गई है। सत्ता रूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामि छाने की लिखित सिफारिश में श्रम मंत्री पर पद के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया गया था।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

खबर के अनुसार दीपक कुमार साह ने अपनी पत्नी को लंबे समय से निष्क्रिय पड़े स्वास्थ्य बीमा बोर्ड में सदस्य के रूप में सक्रिय कराकर अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया। मंत्री बनने के महज 15 दिन के भीतर ही साह को पद से हटाया जाना इस बात का संकेत है कि सरकार और पार्टी नेतृत्व भ्रष्टाचार या पद के दुरुपयोग पर किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के पक्ष में नहीं है। अपने मंत्रालय के प्रति अपेक्षित गंभीरता न दिखाने पर स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता को भी औपचारिक रूप से चेतावनी दी गई है, जिसे सरकारी हलकों में एक स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि अनुशासन और पारदर्शिता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

दूसरे देशों में राजदूतों की नियुक्तियां प्राय: सत्ता दल की मर्जी पर ही होते हैं। इनमें ज्यादातर नियुक्तियां राजनीतिक होती हैं और कुछ ब्यूरोक्रेट्स आधारित। राजदूतों की नियुक्ति में यही प्रक्रिया नेपाल की भी है, लेकिन क्या नए राजदूत भी जेन जी श्रेणी के होंगे?

बालेन शाह की विदेश नीति पर दुनिया के करीब 182 देशों की नजर है, जहां से नेपाल के राजनयिक संबंध हैं। इसी के साथ इस बात को लेकर भी उत्सुकता है कि बालेन शाह बतौर नेपाली पीएम अपनी पहली विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देते हैं। पूर्व की सरकारों के प्रधानमंत्री अमूमन चीन अथवा भारत को अपनी प्राथमिकता में रखते थे।

बालेन सरकार की अभी तक जो कार्यशैली दिख रही है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वे अपनी विदेश नीति को लेकर काफी गंभीर है। संभवतः इसी उद्देश्य से हाल में उन्होंने सिंह दरबार में विदेशों में तैनात अपने राजदूतों की मीटिंग ली है। आम तौर पर ऐसा नहीं होता रहा है। बालेन सरकार ने अभी भारत सहित छः देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी किया है। अभी जिन देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ है उसमें भारत, चीन, अमेरिका, जापान, यूके, और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। इन देशों के राजदूतों को एक महीने के भीतर नेपाल वापस आना होगा। इसके पहले ऐसी ही नियुक्ति वाले 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश कार्की सरकार ने जारी किया था। आने वाले कुछ दिनों में अन्य देशों के राजदूतों में बदलाव संभव है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नागरिक शिष्टाचार भी संविधान का अंग

किसी भी राष्ट्र की पहचान केवल उसके संविधान, कानूनों या लोकतांत्रिक संस्थाओं से नहीं होती, बल्कि उस देश के नागरिकों के व्यवहार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी से भी होती है। भारत का संविधान हमें अनेक मौलिक अधिकार प्रदान करता है, लेकिन साथ ही वह नागरिकों पर कुछ मौलिक कर्तव्यों का भी दायित्व डालता है। इन्हीं कर्तव्यों में नागरिक शिष्टाचार (Civic Sense) एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में सामने आता है।

आज भारत तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है, लेकिन नागरिक शिष्टाचार की कमी अक्सर इस विकास को बाधित करती दिखाई देती है। सड़क पर कचरा फेंकना, यातायात नियमों का पालन न करना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, सरकारी संस्थाओं में अनुशासनहीनता— ये सभी व्यवहार केवल सामाजिक समस्या नहीं हैं, बल्कि संविधान की भावना के भी विरुद्ध हैं।

संविधान के अनुच्छेद 51(क) में नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख किया गया है। इसमें सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, देश की एकता और अखंडता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण करना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना जैसे कर्तव्य शामिल हैं। ये सभी कर्तव्य सीधे तौर पर नागरिक शिष्टाचार से जुड़े हुए हैं। यदि कोई व्यक्ति सड़क पर कचरा फेंकता है, तो वह केवल गंदगी नहीं फैला रहा होता, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन भी कर रहा होता है। इसी प्रकार, सार्वजनिक संपत्ति जैसे बस, ट्रेन, सरकारी भवनों को नुकसान पहुंचाना संविधान की भावना के विपरीत है।



आकाश सपेलकर
वकील, सुप्रीम कोर्ट

विकसित देशों की प्रगति का एक बड़ा कारण वहां के नागरिकों का अनुशासित व्यवहार और मजबूत नागरिक शिष्टाचार है। वहां लोग नियमों का पालन कानून के डर से नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में करते हैं। भारत में भी यदि नागरिक शिष्टाचार को मजबूत किया जाए, तो अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः हो सकता है— जैसे ट्रैफिक जाम, गंदगी, प्रदूषण और सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग। नागरिक शिष्टाचार का विकास केवल कानून बनाकर नहीं किया जा सकता। इसके लिए शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक संस्कार आवश्यक हैं। स्कूलों और कॉलेजों में नागरिक शिष्टाचार को शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। परिवार भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जहां बच्चों को बचपन से ही अनुशासन और जिम्मेदारी की शिक्षा दी जा सकती है।

सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वे नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाएं। 'स्वच्छ भारत अभियान' जैसे प्रयासों ने यह दिखाया है कि यदि नागरिकों को प्रेरित किया जाए, तो वे सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। अंततः, नागरिक शिष्टाचार केवल सामाजिक आवश्यकता नहीं बल्कि संवैधानिक जिम्मेदारी भी है। यदि हर नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करे, तो भारत आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी मजबूत राष्ट्र बन सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रेवड़ियों की राजनीति व बढ़ता आर्थिक संकट

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में नीतियों का फोकस तेजी से फ्रीबीज यानी मुफ्त योजनाओं की ओर हुआ है, लेकिन इस मॉडल की कीमत क्या है? क्या यह वास्तव में गरीबों के सशक्तिकरण का रास्ता है या फिर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाला एक दीर्घकालिक जोखिम?

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में पिछले एक दशक में एक बड़ा बदलाव आया है। नीतियों का फोकस तेजी से फ्रीबीज यानी मुफ्त योजनाओं की ओर हुआ है। कभी सामाजिक सुरक्षा के औजार के रूप में देखी जाने वाली ये योजनाएं अब चुनावी रणनीति का केंद्र बन चुकी हैं। नकद हस्तांतरण, मुफ्त राशन, महिलाओं के लिए मासिक सहायता, बिजली-पानी सब्सिडी-इन सबने मिलकर एक ऐसा मॉडल तैयार किया है, जिसमें चुनाव जीतने का गणित सीधे 'सीधे लाभ' से जुड़ गया है, लेकिन इस मॉडल की कीमत क्या है? क्या यह वास्तव में गरीबों के सशक्तिकरण का रास्ता है या फिर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाला एक दीर्घकालिक जोखिम? यही इस पूरे विमर्श का मूल प्रश्न है।

फ्रीबीज की राजनीति का सबसे बड़ा उभार 2020 के बाद देखने को मिला, जब विभिन्न राज्यों में चुनावी घोषणाओं में नकद सहायता और मुफ्त सेवाओं का अनुपात तेजी से बढ़ा। पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मीर भंडार' योजना, मध्य प्रदेश की 'लाडली बहना', तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में महिलाओं के खातों में सीधे पैसे भेजने की योजनाएं- इन सबने एक नया ट्रेंड सेट किया। अब स्थिति यह है कि चुनावी घोषणापत्र 'विकास के वादों' से ज्यादा 'सीधे पैसे और सुविधाओं' के इर्द-गिर्द घूमने लगे हैं। राजनीतिक दलों के बीच एक तरह की प्रतिस्पर्धा बन गई है कि कौन ज्यादा देगा, कौन ज्यादा तेज़ी से देगा और किस वर्ग को सीधे लाभ पहुंचाएगा। इस प्रतिस्पर्धा ने लोकतांत्रिक राजनीति को 'नीतिगत बहस' से हटाकर 'आर्थिक ऑफर' की दिशा में मोड़ दिया है। फ्रीबीज की राजनीति का सबसे अहम पहलू है- महिला मतदाताओं को केंद्र में रखना। लगभग हर राज्य में महिलाओं के लिए अलग योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिनमें हर महीने 1000 से 2500 रुपये तक की नकद सहायता दी जा रही है। इस रणनीति के पीछे स्पष्ट गणित है। कई राज्यों में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों के बराबर या उससे अधिक हो चुकी है। तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में महिलाओं का वोट प्रतिशत 50 प्रतिशत से ज्यादा है। ऐसे में यह वर्ग चुनावी नतीजों को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकता है।



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार


इन योजनाओं का सामाजिक असर भी दिखा है। कई गरीब परिवारों में महिलाओं के हाथ में पहली बार नियमित नकदी आई है, जिससे उनका घरेलू निर्णयों में प्रभाव बढ़ा है, लेकिन इसके साथ ही यह सवाल भी उठता है कि क्या यह वास्तविक सशक्तिकरण है या सिर्फ आर्थिक निर्भरता का नया रूप? फ्रीबीज की सबसे बड़ी आलोचना इसके आर्थिक प्रभाव को लेकर है। आंकड़े बताते हैं कि कई राज्यों में इन योजनाओं का खर्च कुल राजस्व का 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसका सीधा मतलब है कि सरकारों के पास विकास कार्यों के लिए पैसा कम बच रहा है।

मध्य प्रदेश में लाडली बहना और अन्य सब्सिडी योजनाओं पर सालाना करीब 50 हजार करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। तेलंगाना में चुनावी वादों को पूरा करने के लिए हर साल लगभग एक लाख करोड़ रुपये की जरूरत है। पंजाब में स्थिति और गंभीर है, जहां आय और खर्च के बीच बड़ा अंतर है और बजट संतुलन बिगड़ चुका है। इसका असर यह हो रहा है कि सरकारें लगातार कर्ज ले रही हैं। कर्ज-से-जीएसडीपी अनुपात बढ़ रहा है, जिससे भविष्य में वित्तीय संकट का खतरा बढ़ जाता है। छोटे राज्यों में तो स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि वेतन और पेंशन देने में भी दिक्कत आने लगी है। जब बजट का बड़ा हिस्सा फ्रीबीज पर खर्च होता है, तो सबसे पहले असर विकास परियोजनाओं पर पड़ता है। सड़क, पुल, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य- ये सभी क्षेत्र धीरे-धीरे फंड की कमी से प्रभावित होते हैं। राजस्थान जैसे राज्यों में सड़क और पानी परियोजनाओं का बजट कम करना पड़ा। महाराष्ट्र में कुछ पारंपरिक योजनाएं बंद करनी पड़ीं। इसका मतलब यह है कि तत्काल राजनीतिक लाभ के लिए दी जा रही राहत, दीर्घकालिक विकास को कमजोर कर रही है। यह स्थिति एक 'ट्रेड-ऑफ' पैदा करती है- क्या सरकारें आज राहत दें या भविष्य के लिए निवेश करें? अगर यह संतुलन बिगड़ता है, तो आने वाले वर्षों में रोजगार, औद्योगिक विकास और आर्थिक वृद्धि पर गंभीर असर पड़ सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पाप के अंत के लिए विधि को करनी पड़ती है व्यवस्था

रातों-रात धनी बनने एवं रौबदार जीवन जीने के लिए हमेशा झूठ बोलना, दूसरों को धोखा देना, चुगली-निंदा में लगे रहना तथा किसी से कुछ लेकर उसे वापस न करना, यह सब निंदनीय कार्य है। ऐसे कार्यों में लगे रहने वाला यदि धन कमा भी लेता है तो भी लोग उसे बुरी नजर से ही देखते है। उसकी बहुत जल्द बदनामी भी होने लगती है, लेकिन अपने रुआब में वह किसी की बात की परवाह नहीं करता है। प्रायः ऐसे लोग एक जबरदस्त गिरोह बना लेते हैं। लोगबाग गिरोह से मुकाबला न करने की स्थिति में चुप रहना ही उचित समझते हैं, लेकिन किसी न किसी दिन कोई ऐसा प्रकट हो जाता है जो ऐसे गिरोह को नेस्तनाबूद कर देता है। आए दिन समाज में देखने को मिलता है कि जिसके नाम से लोग थर्राते थे, उसका अंत अत्यंत बुरे ढंग से होता है। ऐसी स्थिति में इन कथित रुआबदारों का कोई साथ नहीं देता।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

उदाहरण के रूप में लिया जाए तो द्वापर युग में कृष्ण का मामा कंस था। वह अन्यायी था। जब भविष्यवाणी हुई कि उसकी बहन देवकी का आठवां पुत्र उसका विनाश करेगा, तब वह कांपने लगा। उसकी भरसक कोशिश यही थी कि देवकी के पुत्रों को वह मार डाले। उसने ऐसा जघन्य कार्य किया भी, लेकिन पाप का चूंकि अंत होना था, तो विधि ने ऐसी व्यवस्था की कि कृष्ण रातोंरात नन्द के घर चले गए और उनकी जगह योगमाया आ गई, जिसको जब कंस ने मारना चाहा तो योगमाया उसके हाथों से छूट कर आकाश मार्ग की ओर चली गई तथा कंस को चेतावनी देते हुए कहा, 'रे कंस, तुझे मारने वाला पैदा हो गया है।' योगमाया की इस ध्वनि को कंस ने 'काल-ध्वनि' के रूप में लिया और हर संभव कोशिश करने लगा कि कृष्ण को मार डाला जाए।

धार्मिक उद्धरणों की तरह समाज में पनपने वाले कंस सरीखे लोगों का भी यही हश्र होता है। कोई न कोई ऐसा प्रकट हो जाता है, जिसके हाथों ऐसे लोगों को सबक सिखाने का मौका मिल जाता है। अतः इंसान को चाहिए कि वह बुरी लतों से दूर रहे। वरना किसी न किसी दिन दंड मिलकर रहता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# डीपफेक: फिलहाल जागरूकता ही है बचाव का उपाय

डिजिटल युग में तो हम रमते जा रहे हैं, अब इस युग के आर्टिफिशियल इंटलिजेंस कल्चर से भी अछूते नहीं रहे। इसी कल्चर का एक हिस्सा अगर हमें प्रगति करने को स्मार्ट बना रहा है तो वहीं, दूसरा डीपफेक हमारी सिरदर्दी का बड़ा कारण बन चुका है। इस डीपफेक संस्कृति ने मानो कटाक्ष में अनैतिकता को देखकर कहे जाने वाले 'घोर कलयुग' की शब्दावली को वाकई परिभाषित कर दिया हो।



वास्तव में डीपफेक ने सत्य को ही संदेहास्पद बना दिया। अब आंखों देखी और कानो सुनी भी सत्य नहीं रहा। वीडियो, फोटो में हूबहू जिस शख्स को हम देखते हैं, विश्वास नहीं कर सकते कि वही हो। ऐसा ही आवाज के साथ है, किसी अपने की ही चिरपरिचित कॉल धोखा दे सकती है। पुरानी कहावत है, देखकर और कानो से सुनकर ही विश्वास करो। कैसे करें?

दरअसल, डीपफेक केवल मनोरंजन या चेहरे बदलने की तकनीक नहीं है। इसके खतरे विध्वंसकारी हैं। किसी लोकप्रिय नेता का भ्रामक डीपफेक बयान सामाजिक हिंसा की वजह बन सकता है। वहीं, निजी स्तर पर स्त्रियों के खिलाफ बढ़ते 'डिजिटल क्राइम' और 'वॉयस क्लोनिंग' के जरिए फाइनेंशियल-फ्रॉड ने समाज में एक अविश्वास का माहौल फैला रखा है। हकीकत यह है कि ऐसी तकनीक व्यक्ति की पहचान को ही हथियार बना रही है। हद तो यह है कि ईश्वरीय स्वरूप तक से छेड़छाड़ की जा रही है।



अजय दयाल
हल्द्वानी

याद कीजिए भारतीय परिवेश में हम 'सत्यम शिवम सुंदरम' की संस्कृति को जेहन में रखकर पले-बढ़े हैं। यह वाक्यांश भारतीय दर्शन में ईश्वर के शाश्वत स्वरूप को दर्शाता है, जहां सत्य यानी अविनाशी, शिव यानी कल्याणकारी और सुंदरम् यानी सौंदर्य को एक ही परम् तत्व ब्रह्म के तीन पहलू समझा गया है। सही मायनों में सत्यम यानी सत्य का अर्थ है जो कभी न बदले, जो त्रिकालाबाधित अर्थात अतीत, वर्तमान और भविष्य में एक समान रहे। शिवम् यानि शुभ या कल्याणकारी शिव का आशय उस तत्व से है, जो सर्वोच्च शुभ है और जिसमें पूरा ब्रह्मांड समाया हुआ है। इसी तरह सुंदरम् यानी सुंदर या सौंदर्य का आशय शारीरिक सुंदरता से नहीं बल्कि परम् सत्य के साथ सामंजस्य में होने वाली सुंदरता से है। भारतीय दर्शन कहता है कि किसी भी कार्य, नीति या वस्तु की तभी स्वीकार्यता है, जब उसमें तीनों गुण- सत्य, कल्याण और सुंदरता विद्यमान हों। अब ऐसे में मौजूदा डीपफेक कल्चर, क्या हमारी पुरातन अथवा सनातनी संस्कृति के साथ घृणित मजाक नहीं?

लगता है 21वीं सदी में सत्य की परिभाषा ही बदल गई है। जिस एआई तकनीक ने हमें भविष्य के सपने दिखाए थे, उसी का एक भाग डीपफेक अब हमारे वर्तमान के लिए सिरदर्द बना हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाए गए सच दिखने वाले फेक वीडियो और ऑडियो ने दिग्भ्रमित कर रखा है। यहां सवाल केवल तकनीक के दुरुपयोग का नहीं, बल्कि हमारी डिजिटल सुरक्षा और लोकतांत्रिक व निजी मूल्यों के अस्तित्व के साथ हनन का भी है।

राहत की बात यह है कि इस संकट से निपटने के लिए दुनिया अब सतर्क-सचेत हो रही है। भारत सरकार ने इस दिशा में सख्त कदम उठाए हैं। आईटी नियमों (2021) के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय हो गई है। ऐसे में 24 घंटे के भीतर आपत्तिजनक सामग्री हटानी होगी। इतना ही नहीं, इंटेल और माइक्रोसॉफ्ट जैसे डिजिटल दुनिया के दिग्गज अब ऐसे डिटेक्शन टूल्स (जैसे फेक कैचर) विकसित कर रहे हैं, जो ह्यूमन बॉडी के सूक्ष्म जैविक संकेतों (जैसे ब्लड फ्लो) के आधार पर असली और नकली का अंतर साफ कर सकते हैं। वहीं, 'डिजिटल वॉटरमार्किंग' जैसे प्रयोग भविष्य में कंटेंट की प्रामाणिकता को प्रमाणित करने के लिए एक डिजिटल पासपोर्ट का काम करेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# मिल्कीपुर सर्किल में हैरिंगटगंज बनेगा नया थाना, बनेंगी आठ नई पुलिस चौकियां

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस विभाग ने अहम कदम उठाया है। मिल्कीपुर सर्किल में हैरिंग्टगंज में नया थाना बनाने का प्रस्ताव स्वीकृत हो गया है। इसके साथ ही जिले में पूरे क्षेत्र में आठ नई पुलिस चौकियों की भी संस्तुति की गई है। सभी प्रस्तावित स्थानों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

मिल्कीपुर सर्किल के इनायतनगर थाने की हैरिंगटगंज पुलिस चौकी को थाने में उन्नत करने का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे स्वीकृत मिल गई है। इसके लिए पाराताजपुर ग्राम पंचायत में भूमि चिन्हित की गई है। इस सर्किल में पहले से थाना इनायतनगर, कुमारगंज व खंडासा हैं। नया थाना बनने से इस सर्किल में थानों की संख्या बढ़कर चार हो जाएगी। जिले में अब तक महिला थाना को लेकर कुल 19 थाना-कोतवाली थे। अब हैरिंग्टनगंज थाना बनने के बाद थानों की संख्या बढ़कर 20 हो जाएगी।

वहीं, इसके साथ ही रुदौली सर्किल के बाबा बाजार थाना अंतर्गत मां कामाख्या धाम, सैदपुर, हंसराजपुर व रेछघाट पुलिस चौकी



रिजर्व पुलिस लाइन अयोध्या। अमृत विचार

● सभी के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी

कुल चार नई पुलिस चौकियों की स्थापना होगी। इसके अलावा रुदौली सर्किल के थाना पटरंगा अंतर्गत गंगरेला, थाना मवई अंतर्गत रामदास नगर, सदर सर्किल के थाना महराजगंज अंतर्गत रसूलाबाद व अरवत नई पुलिस चौकी की स्थापना होगी। इन सभी चौकियों के लिए भूमि आवंटित कर दी गई है। इसके साथ ही जिले में कुल पुलिस चौकियों की संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी। साथ ही थाना पूराकलंदर की चौकी भदरसा को अपना भवन भी मिल जाएगा। इसके लिए भी भूमि का आवंटन किया गया है।

### अपराध नियंत्रण और जनता की सुरक्षा में सुधार होगा

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के अनुमोदन पर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने नए थाना व चौकियों के निर्माण के लिए भूमि आवंटित की है। एसएसपी का मानना है कि पुलिस का यह कदम अयोध्या जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते अपराध, लूट, चोरी और अन्य घटनाओं को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाए गए हैं। नई व्यवस्था से पुलिस बल की पहुंच गांव-गांव तक बढ़ेगी और प्रतिक्रिया समय में काफी कमी आएगी।

"निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इन चौकियों पर 24 घंटे पुलिस तैनात रहेगी। जिससे अपराध नियंत्रण और आम जनता की सुरक्षा में सुधार होगा। नई इकाइयों में पर्याप्त स्टाफ, वाहन और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। सीसीटीवी, वायरलेस सिस्टम और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को भी मजबूत किया जाएगा। -डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी"

### रुदौली सर्किल के बाबा बाजार में चार, थाना महाराजगंज क्षेत्र में दो, मवई व पटरंगा थाना क्षेत्र में खुलेगी एक-एक चौकी

| सर्किल | थाना | चौकी | आवंटित भूमि (वर्ग फिट में) |
|---|---|---|---|
| मिल्कीपुर | इनायतनगर | थाना हैरिंगटनगंज | 64583 .5 |
| रुदौली | बाबा बाजार | चौकी मां कामाख्या धाम | 21527 .8 |
| रुदौली | बाबा बाजार | चौकी सैदपुर | 21527 .8 |
| रुदौली | बाबा बाजार | चौकी हंसराजपुर | 6458 .3 |
| रुदौली | बाबा बाजार | चौकी रेछ | 4951 .4 |
| रुदौली | पटरंगा | चौकी गंगरेला | 10764 |
| रुदौली | मवई | चौकी रामदास नगर | 2690 .98 |
| सदर | महराजगंज | चौकी रसूलाबाद | 21527 .8 |
| सदर | महराजगंज | चौकी अरवत | 21527 .8 |
| अयोध्या | पूराकलन्दर | चौकी भदरसा | 96 .8 |

## न्यूज ब्रीफ

### सीबीपीएल ट्रॉफी क्रिकेट आज से



**अयोध्या, अमृत विचार।** कैनवस बॉल प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार शाम रिकाबगंज के स्काई स्टेडियम में समारोहपूर्वक आगाज होगा। सीबीपीएल के निदेशक सैय्यद सुबहानी ने बताया कि फ्लड लाइट की दूधिया रोशनी में रात में प्रतियोगिता के मैच खेले जाएंगे। सीबीपीएल टी-10 टूर्नामेंट में 10-10 ओवरों का मैच होगा। रुल आउट कैनवस बॉल टूर्नामेंट में 16 टीमें प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता की तैयारियों पूरी कर ली गई है।

### आज खुला रहेगा परिवहन कार्यालय

**अयोध्या, अमृत विचार।** आज रविवार को परिवहन विभाग का कार्यालय खुला रहेगा। विभाग द्वारा परिसर में एक शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें जिलेमें सभी स्कूलों को ऑन बोर्ड कराया जाना है। एआरटीओ प्रशासन डॉ आरपी सिंह ने बताया कि जिले में ऐसे भी स्कूल हैं जिनके पास वाहन नहीं है तथा दूसरे स्कूल वह है जिनके पास वाहन उपलब्ध हैं। ऐसे सभी स्कूलों व वाहनों को ऑन बोर्ड किया जाना है। बताया कि रविवार को सुबह 9:30 से सायं पांच बजे तक आयोजित इस शिविर में स्कूल प्रबंधन वाहनों के यूडायस नंबर, चालकों का डीएल व आरसी तथा परमिट की कॉपी के साथ उपस्थित होकर विद्यालय व वाहनों को ऑन बोर्ड करा लें।

### अब 20 के बाद ही जमा हो सकेंगे कर

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम में वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद कर जमा करने की अंतिम तिथि भी निकल गई है। बड़ी संख्या में लोग पिछले वित्तीय वर्ष में किसी कारण वश कर जमा नहीं करा सके थे। अब वे नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि अभी सॉफ्टवेयर अपडेशन का कार्य चल रहा है। इस कारण 20 अप्रैल के बाद ही बकाया कर जमा किया जा सकेगा।

### समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं

**हैदरगंज, अयोध्या, अमृत विचार।** थाना हैदरगंज में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर 11 शिकायतें आई। सभी समस्याएं राजस्व संबंधी रहे। एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान तहसीलदार दिनेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर संतोष कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वहीं, कोतवाली बीकापुर में 23 शिकायतें आई। जिसमें तीन का मौके पर निस्तारण कराया गया। एसडीएम श्रेया और कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा शिकायतों को सुना गया। भूमि विवाद से संबंधित चार मामलों में पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम गठित करके निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

### सान का बेटा बना ऑडीटर, हर्ष

**अयोध्या, अमृत विचार :** तारुन ब्लॉक के ग्राम चरावा निवासी किसान पवन मौर्य के पुत्र विवेक कुमार मौर्य का चयन एसएससी परीक्षा के माध्यम से ऑडिटर पद पर हुआ है। विवेक की इस सफलता से पूरे क्षेत्र और परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई है। पूर्व प्रधान संदीप तिवारी, रोहित तिवारी, सूरज पाठक, रमेश मौर्य सहित गांव के तमाम लोगों ने विवेक को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। पवन मौर्य ने अपने बेटे की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह विवेक के कड़े अनुशासन और परिश्रम का फल है।

### घर में सेंध लगाकर उड़ाए जेवर व कपड़े

**कुमारगंज अयोध्या। अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र के बवां गांव में अज्ञात चोरों ने शुक्रवार रात गांव निवासी विनोद सिंह के मकान में पीछे से सेंध लगा दी। अंदर रखी पेटी और अलमारी तोड़कर सोने की चेन, अंगूठी, कान के बाल, झुमकी के साथ-साथ चांदी की छह जोड़ी पायल और छह जोड़ी बिछुआ और कपड़े चुरा लिए। मकान मालिक को शनिवार सुबह घटना का पता चला, जब उन्होंने घर का सामान बिखरा हुआ देखा। कुमारगंज थाने के थाना प्रभारी सुरेश पटेल पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास की तलाशी के दौरान घर के पीछे टूटी हुई अटैची और खाली जेवर के डिब्बे मिले। पीड़ित विनोद सिंह ने बताया कि वह अपने घर के बाहर परचून की दुकान चलाते हैं और घटना की रात दुकान के पास ही सो रहे थे। चोरी के समय घर के अंदर कोई मौजूद नहीं था। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरों की तलाश के लिए एक टीम गठित की गई है।

# गणेश मंदिर पर निर्माण संस्था व सुरक्षा अधिकारियों ने किया ध्वजारोहण

## एलएंडटी, टीसीई के अधिकारियों व ट्रस्ट के पदाधिकारियों समेत करीब 400 लोग हुए शामिल

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राम मंदिर के परकोटा कॉरिडोर में स्थापित गणेश मंदिर के शिखर पर शनिवार शाम विधि-विधान से ध्वज आरोहण किया गया।

राम मंदिर ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल जी राव ने बताया कि राम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज आरोहण के बाद उप मंदिरों के शिखर पर भी ध्वज आरोहण किया जा रहा है। परकोटा के उत्तरी भुज पर स्थित मां अन्नपूर्णा देवी, दक्षिण पश्चिम कोण में बने भगवान सूर्य और दक्षिणी भुज पर स्थित हनुमान मंदिर के शिखर ध्वज की स्थापना हो चुका हैं। इसी क्रम शनिवार को गणेश मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में बीएंडएफआईसी, एलएंडटी स्टलादीप्ति साहा अपनी पत्नी के साथ, पब्लिक स्पेसेस बीयू हेड एन भूथालिंगम अपनी पत्नी के साथ, उपाध्यक्ष एवं परियोजना निदेशक विनोद कुमार मेहता अपनी पत्नी के साथ, परियोजना प्रबंधक एवीएसएस सूर्य श्रीनिवास, वरिष्ठ निर्माण प्रबंधक राजू सिंह, टीसीई के परियोजना निदेशक विनोद कुमार शुक्ला, अध्यक्ष के रमेश, एसोसिएट उपाध्यक्ष नीलेश जे तमाने, वरिष्ठ महाप्रबंधक, डिजाइन अनिल कुमार शुक्ला व परियोजना प्रबंधक राजीव कुमार दुबे, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर जगदीश अफाले, परियोजना प्रबंधक गिरीश सहस्त्रभोजनी, टाटा कांस्टेंसी के भी अधिकारी, स्टाफ, सुरक्षा देख रही सीआरपीएफ व पुलिस के उच्च अधिकारी, ट्रस्ट के भी इंजीनियर और अन्य सभी लोग मिलकर इस कार्य को संपन्न किया गया है। कुल मिलाकर 400 की संख्या में लोग मौजूद रहे।


परकोटा में स्थापित गणेश मंदिर के शिखर पर ध्वज आरोहण से पहले पूजन करते हुए एलएंडटी, टाटा कांस्टेंसी और सुरक्षा अधिकारी।


मंदिर के शिखर पर लहराया ध्वज।

**तीन अन्य मंदिरों में भी जल्द होगा ध्वज आरोहण** परकोटा स्थित शिव मंदिर और भगवती मंदिर इसके बाहर शेषावतार मंदिर के शिखर पर भी ध्वज आरोहण किए जाने है। इसके लिए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सीएम योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भी शामिल होने का आमंत्रण भेजा है।

## एसएसपी ने कंट्रोल रूम व प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया


श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

**अयोध्या, अमृत विचार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए इंतजामों को परखा। उन्होंने परिसर में नवनिर्मित कंट्रोल रूम व प्रशासनिक भवन का भी निरीक्षण किया। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी, सीओ परिसर अजय सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# एसडीएम ने गैस एजेंसी का किया निरीक्षण

शुजागंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** रूदौली क्षेत्र में घरेलू गैस वितरण अव्यवस्था को लेकर ''अमृत विचार'' में शनिवार के अंक में प्रकाशित खबर का संज्ञान ले एसडीएम संतोष कुमार ने रुदौली गैस सर्विस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एजेंसी पर भारी भीड़ और अव्यवस्थित वितरण प्रणाली देखने को मिली।

उपभोक्ताओं का कहना था कि उन्हें सुबह से लाइन में लगना पड़ता है। घंटों इंतजार के बाद भी गैस नहीं मिल पाती। इस पर एसडीएम ने एजेंसी संचालकों को फटकार लगाई। स्पष्ट निर्देश दिए कि गैस वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, कालाबाजारी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चेतावनी दी कि यदि भविष्य में शिकायतें मिलीं तो एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से उपभोक्ताओं में राहत की उम्मीद जगी है।


रुदौली गैस एजेसी में निरीक्षण करते एसडीएम संतोष कुमार व लोगों की भीड़।

● अमृत विचार में प्रकाशित खबर का लिया संज्ञान



शनिवार को अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

## परिषदीय विद्यालयों में पूर्ववत रहेगा समय

**अयोध्या, अमृत विचार :** समस्त परिषदीय (सरकारी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक) विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुझाव के अनुरूप केवल पांच घंटे की समयावधि लागू करने और पूर्ववत सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक कक्षाएं चलाने की मांग जनसुनवाई एवं आईजीआरएस पोर्टल पर रखी गई थी। इसे खारिज कर दिया गया है। बीएसए लालचंद ने डीएम निखिल टीकाराम फुंडे को भेजी अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुझाव अनुसार विद्यालयों का संचालन केवल पांच घंटे में करना संभव नहीं है। विद्यालयों का संचालन टाइम्स एंड मोशन स्टडी के सुझावों के आधार पर ही जारी रहेगा। ग्रीष्मकाल में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा शीतकाल में सुबह 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक कक्षाएं संचालित की जाएंगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता, शिक्षकों की उपलब्धता, मौसम की स्थिति तथा विद्यालय प्रबंधन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वर्तमान व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

## 12 ब्लॉकों की 346 पंचायतों में बनेंगी डिजिटल लाइब्रेरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के 12 ब्लॉकों की 346 ग्राम पंचायतों में 12 सीट क्षमता वाली डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जा रही है। इससे गांव के बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल और संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में भी मदद मिलेगी। लाइब्रेरी में पुस्तकों की उपलब्धता के साथ दो कंप्यूटर, इंटरनेट और अन्य डिजिटल संसाधनों का इंतजाम किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक के के सिंह ने बताया कि पुस्तकों की उपलब्धता हो गई है। आवश्यक फर्नीचर प्रयागराज के त्रिवेणी क्षेत्र से मंगाया गया है।कहा कि एक लाइब्रेरी पर करीब 12 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वहां की व्यवस्थाएं ग्राम पंचायत स्तर पर होंगी। सुबह 10 से पांच इनका संचालन किया जाएगा। इसका नोडल जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी को बनाया गया है। डीआईओएस ने बताया कि इसी माह के अंत तक लाइब्रेरी चालू भी हो जाएगी। इसकी तैयारी तेजी से चल रही है।



## अंधेरे में भी दिव्य दिखाई देगा राम मंदिर



● मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन हुआ मंथन

● हैवल्सको फसाड लाइटिंग की जिम्मेदारी : गोपाल जी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राम मंदिर की दिव्यता और भव्यता रात के अंधेरे में भी दिखाई देगी। इसके लिए पूरे मंदिर को आकर्षक फसाद लाइटिंग का कार्य किया जा रहा हैं। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन शनिवार को परिसर में लगाई जा रही लाइट की व्यवस्था पर मंथन किया गया। इसके अलावा मंदिर परिसर में लैंड स्केपिंग से 70 परिसर में विकसित की गई हरियाली व निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल, ट्रस्ट भवन, अतिथि गृह और ऑडिटोरियम के निर्माण पर विस्तार पूर्वक मंथन किया गया। राम मंदिर ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल जी राव ने बताया कि मंदिर निर्माण समिति ने प्रसिद्ध कंपनी हैवल्स को फसाड लाइटिंग की जिम्मेदारी दी है। मंदिर की लोवर प्लिंथ, दीवार, मंडप के शिखर समेत अन्य स्थान पर लाइटिंग का कार्य किया गया है। जिसका ट्रायल किया गया है। वहीं कहा कि अभी यह कार्य छह माह और चलेगा।

# मार्च बीत गया, आगे नहीं आई एयरलाइंस कंपनियां

अयोध्या कार्यालय।

● बेंगलुरु और पुणे के लिए उड़ान शुरू करने की सामने आई थी बात

**अमृत विचार :** मार्च बीत गया, लेकिन अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से बेंगलुरु और पुणे के लिए घोषित नई सीधी उड़ानें अभी तक शुरू नहीं हो सकी हैं। इससे यात्रियों की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं।

जनवरी-फरवरी 2026 में खबर आई थी कि अकासा एयर अयोध्या से बेंगलुरु के लिए और इंडिगो एयरलाइंस पुणे के लिए सीधी फ्लाइट्स शुरू करने जा रही हैं। डीजीसीए की मंजूरी भी मिलने की बात कही गई थी। एयरपोर्ट प्रबंधन ने दावा किया था कि मार्च से इन नई उड़ानों के शुरू होने के बाद रामनगरी की हवाई कनेक्टिविटी में बड़ा विस्तार होगा। इससे पर्यटन, व्यापार और तीर्थयात्रियों को खास फायदा पहुंचने की उम्मीद जताई गई थी, लेकिन मार्च पूरा होने के बावजूद दोनों एयरलाइंस कंपनियां आगे नहीं आईं। न तो कोई फ्लाइट शेड्यूल जारी हुआ और न ही इन रूट्स पर टिकट बुकिंग शुरू हुई।

एयरपोर्ट डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि एयरलाइंस कंपनियों ने फ्लाइट शुरू न करने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। उन्होंने कहा कभी-कभी एयरक्राफ्ट की कमी भी वजह बन जाती है, लेकिन कंपनियां इस बारे में कुछ भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे रही हैं। अयोध्या एयरपोर्ट पर वर्तमान में दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद समेत कुछ प्रमुख शहरों से फ्लाइट्स संचालित हो रही हैं। स्थानीय व्यापारी और तीर्थयात्री इन नई उड़ानों का इंतजार कर रहे थे, क्योंकि इससे यात्रा समय और खर्च दोनों में बचत होती।

## दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चांदपुर बल्लीपुर मोड़ के पास शुक्रवार रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार मलेथू कनक निवासी रुद्र प्रताप वैश्य (38) उर्फ शिवनंदन की मौत हो गई। वो सड़क किनारे बाइक के साथ खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। रुद्र प्रताप गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरा बाइक सवार भी जख्मी हो गया। मौके पर पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय एवं आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घायलों को सीएसची बीकापुर पहुंचाया। चिकित्सक अनुराग गुप्ता ने रुद्र प्रताप को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसने ने दम तोड़ दिया। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कवायद | एसपी सिटी ने गुप्तारघाट व नयाघाट पर नाविकों, मल्लहाओं के साथ की बैठक

# नौका बिहार के लिए नावों का पंजीकरण अनिवार्य

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** वृंदावन में यमुना नदी में नाव पलटने के हादसे के बाद रामनगरी में नौका विहार को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। पुलिस ने रामनगरी के प्रमुख घाटों पर सख्ती बरतने का निर्णय लिया। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने शनिवार को गुप्तार घाट और नयाघाट पर नाविकों व मल्लाहों के साथ बैठक की। बैठक में नावों का पंजीकरण अनिवार्य करने का फैसला लिया गया। साथ ही सुरक्षा संबंधी गाइडलाइंस जारी की गईं।

एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बैठक में कहा कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। रामनगरी में सरयू नदी पर चलने वाली सभी नावों का पंजीकरण अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण के कोई भी नाव नौका विहार के लिए नहीं उतारेगी। पंजीकरण के दौरान नाव की क्षमता, मोटर की स्थिति, लाइफ जैकेट की उपलब्धता और नाविक का प्रशिक्षण आदि की भी जांच की जाएगी।

एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया जारी की गई गाइडलाइंस में कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। हर नाव पर लाइफ जैकेट अनिवार्य रूप से रखना होगा और प्रत्येक यात्री को इसे पहनना जरूरी होगा। नाव की अधिकतम क्षमता से ज्यादा यात्री नहीं बिठाए जा सकेंगे। नाविकों को मौसम की जानकारी लेनी होगी और तेज हवा या बारिश में नाव नहीं चलानी होगी। सभी नावों पर फर्स्ट एड किट और आपातकालीन संपर्क नंबर प्रदर्शित करने होंगे।

नाव संचालन के लिए प्रशिक्षित और लाइसेंसधारी नाविक ही नियुक्त किए जाएंगे। नाविकों ने भी बैठक में सहयोग का आश्वासन दिया। मल्लाह समुदाय के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से नावों की मरम्मत और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने की मांग भी की। अयोध्या कोतवाली के नयाघाट पुलिस चौकी पर हुई बैठक में सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी, कोतवाल पंकज सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।


नयाघाट पुलिस चौकी पर नाविकों, मल्लहाओं के साथ बैठक करते एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी।

# मां परमेश्वरी देवी अस्पताल फरार संचालक के बयान का इंतजार

अयोध्या कार्यालय।

● जच्चा-बच्चा मौत मामले में स्वास्थ्य विभाग की सुस्ती

**अमृत विचार :** बल्लाहाता क्षेत्र स्थित मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल अस्पताल में एक अप्रैल को हुई जच्चा और नवजात शिशु की दर्दनाक मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। अस्पताल में पैथोलॉजी लैब की सुविधा होने का दावा किया गया था, लेकिन जांच में पैथोलॉजी का कोई निशान नहीं मिला। भर्ती मरीजों के बयानों में खुलासा हुआ कि महिला सर्जन की जगह अस्पताल की संचालक डॉ. अंजली श्रीवास्तव खुद सिजेरियन डिलीवरी कर रही थीं। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन भी समय पर रिन्यू नहीं कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

सूत्रों का कहना है कि संभवतः इंपैनल चिकित्सकों ने भी अपना बयान दर्ज नहीं कराया है। स्वास्थ्य विभाग ने अपनी जांच रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है। मुख्य कार्रवाई अभी लंबित है।

सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने स्पष्ट किया कि अस्पताल के मालिक का बयान होना बाकी है। संचालक का बयान दर्ज होने के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं लोगों का आरोप है कि फरार डॉक्टर के बयान का इंतजार करते हुए स्वास्थ्य विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है। कई लोग आरोप लगा रहे हैं कि विभाग डॉक्टर को बचाने की कोशिश में लगा है और अदालत से राहत मिलने का इंतजार कर रहा है।

**बिजली कंपनियां ने किया एचईआरसी का रुख**

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा की बिजली वितरण कंपनियों ने ईंधन अधिभार की वसूली से जुड़े नियमों में राहत देने की मांग करते हुए हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) का रुख किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



## बिजनेस ब्रीफ

### मारुति सुजुकी 2031 तक चार नए इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी

**हैदराबाद।** देश की प्रमुख कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड वर्ष 2031 तक चार नए इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि हासिल करते हुए आयोजित एक कार्यक्रम में एक ही दिन में ई-विटारा की 108 इकाइयां ग्राहकों को सौंपी। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि यह ग्राहकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है, क्योंकि कंपनी स्वच्छ परिवहन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

### डिजिटल निवेश मंच 5पैसा कैपिटल के इश्यू को 1.24 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** डिजिटल निवेश मंच 5पैसा कैपिटल ने 468.8 करोड़ रुपये का अपना राइट इश्यू सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिसे 1.24 गुना अभिदान मिला। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, यह इश्यू 27 मार्च को खुला था और शुक्रवार को बंद हुआ। इसमें 1.56 करोड़ शेयरों के मुकाबले करीब 1.93 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। राइट इश्यू का मूल्य 300 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। पात्र शेयरधारकों को हर दो शेयर पर एक राइट शेयर खरीदने का अधिकार दिया गया था। शेयरों के आवंटन की निर्धारित तिथि 15 अप्रैल 2026 है। इसके बाद उसी दिन शेयर निवेशकों के डिमैट खातों में जमा किए जाने की उम्मीद है और 16 अप्रैल 2026 को ये एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध हो जाएंगे।

### भूटान की जलविद्युत परियोजना पर 7 साल बाद काम फिर शुरू

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भूटान की 1,200 मेगावाट की पुनात्सांगछू-1 जलविद्युत परियोजना पर सात साल के निलंबन के बाद काम फिर से शुरू हो गया है। भारत के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने बांध निर्माण की शुरुआत के प्रतीक के रूप में आयोजित एक महत्वपूर्ण समारोह में शिरकत की। भूगर्भीय चुनौतियों के कारण 2019 से रुकी हुई इस परियोजना का पुनरुद्धार द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग में एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है। इसके अगले पांच वर्षों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। इसका वित्तपोषित भारत ने किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मनोहर लाल ने भूटान यात्रा के दौरान परियोजना स्थल का दौरा किया। यह दोनों देशों के बीच सबसे बड़ा संयुक्त जलविद्युत उपक्रम है। इसके पूरा होने पर भूटान की जलविद्युत क्षमता में काफी वृद्धि होगी।

# अब डीजल पर 55.5, एटीएफ पर 42 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क

## अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना उद्देश्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को डीजल के निर्यात शुल्क या अप्रत्याशित लाभ कर को बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। विमान ईंधन (एटीएफ) के लिए यह दर अब 42 रुपये प्रति लीटर होगी। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि शुल्क में यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

इससे पहले 26 मार्च को सरकार ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया था। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ये शुल्क लगाए गए थे। इन शुल्कों का



उद्देश्य निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना है, क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है।

**निर्यातकों पर पिछली बार 26 मार्च को डीजल पर 21.50 रुपये और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क लगाया था**

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य हमले शुरू करने के बाद तेहरान की ओर से व्यापक जवाबी कार्रवाई की गई थी।

हालांकि, आठ अप्रैल को ईरान, अमेरिका और इजरायल दो सप्ताह के संघर्ष विराम पर सहमत हुए, जिससे पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक ऊर्जा बाजार में पैदा हुआ व्यवधान फिलहाल थमा है। पेट्रोल पर निर्यात शुल्क इस समय शून्य बना हुआ है।

## दिल्ली में 'डिलीवरी' बेड़े में पेट्रोल-डीजल वाहनों पर लगेगी रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में ऐप आधारित सामान तथा भोजन आपूर्ति एवं यात्रा की सुविधा मुहैया कराने वाली कंपनियों (एग्रीगेटर) के इस वर्ष से अपने बेड़े में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन शामिल करने पर रोक लगेगी जबकि 2027 से केवल इलेक्ट्रिक ऑटो-रिक्शा को ही नए पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी। यह मंशा दिल्ली सरकार द्वारा जारी ईवी नीति के मसौदे में व्यक्त की गई है।

दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2026-2030 के मसौदे में प्रस्ताव किया गया कि इस वर्ष एक जनवरी से एग्रीगेटर और डिलीवरी सेवा प्रदाताओं द्वारा संचालित दोपहिया वाहनों और हल्के मालवाहक वाहनों के मौजूदा बेड़े में पूरी तरह से पेट्रोल या डीजल पर चलने वाले किसी भी पारंपरिक आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) वाहन को शामिल नहीं किया जाएगा। हालांकि, एग्रीगेटर को बेड़े में बीएस-6 उत्सर्जन मानक वाले दोपहिया वाहनों को शामिल करने की अनुमति 31 दिसंबर, 2026 तक होगी, जिसके बाद उन्हें अपने बेड़े को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलना अनिवार्य होगा। इस नीति में ऑटो-रिक्शा सहित यात्री इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रस्ताव किया गया है। इसमें कहा गया कि नई नीति की अधिसूचना की तारीख से पहले वर्ष में 50,000 रुपये, दूसरे वर्ष में 40,000 रुपये और तीसरे वर्ष में 30,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा दिया जा सके। यह प्रोत्साहन राशि पुराने सीएनजी ऑटो-रिक्शा को बदलने के साथ-साथ दिल्ली में पंजीकृत नए ऑटो-रिक्शा पर भी लागू होगी।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने पर जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल कासबी के साथ वर्चुअल माध्यम से बात की। इस दौरान उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने की जरूरत पर बल दिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दोनों पक्षों ने संघर्ष के कारण क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव को स्वीकार किया और व्यापार में सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर प्रयास करते हुए जल्द सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

- **केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री से की बात**

श्री गोयल ने सऊदी अरब और खाड़ी क्षेत्र में निर्यात को समर्थन देने के लिए भारत द्वारा उठाये गये कदमों का उल्लेख किया।

दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी और भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में शीघ्र प्रगति की आशा व्यक्त की। श्री गोयल ने उम्मीद जतायी कि हाल ही में घोषित युद्धविराम से क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने हालिया संघर्ष के दौरान सऊदी अरब में हुए हमलों की निंदा की और भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए वहां की सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। इस बैठक में भारत-सऊदी अरब आर्थिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इससे पहले श्री गोयल ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कुवैत तथा बहरीन के अपने समकक्षों के साथ भी वर्चुअल माध्यम से अलग-अलग बात की थी। इन सभी बैठकों में उन्होंने पश्चिम एशिया में जल्द स्थायी शांति बहाली की कामना की, आपूर्ति श्रृंखला संबंधी बाधाओं को दूर करने में सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## बढ़ता जा रहा है अमीर और गरीब देशों के बीच का अंतर

-संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी




- **वाशिंगटन में आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठकों से ठीक पहले जारी की गई रिपोर्ट**
- **ईरान युद्ध से विश्व अर्थव्यवस्था के भविष्य पर छाए अनिश्चितता के गहरे बादल**

अमीर-गरीब देशों के बीच बढ़ती खाई को कम करने के लिए वैश्विक वित्तीय संस्थानों में बड़े सुधार समेत जिन ऐतिहासिक फैसलों पर पिछले साल सहमति बनी थी, उनके पूरा नहीं होने से जहां समृद्ध राष्ट्र और मजबूत होते जा रहे हैं। वहीं गरीब देश विकास की दौड़ में पीछे छूटते जा रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दी गई है।

स्पेन के सेविले में पिछले साल जून में अपनाए गए खाके का आकलन करती यह रिपोर्ट अगले हफ्ते वाशिंगटन में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की अहम बैठकों से ठीक पहले जारी की गई है। पिछले साल जून में अपनाई गई इस रूपरेखा का उद्देश्य अमीर-गरीब देशों के बीच की खाई को पाटना और 2030 तक संयुक्त राष्ट्र के विकास लक्ष्यों को हासिल करना है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक विकास को गति देने की पूरी तैयारी थी, लेकिन ईरान युद्ध के कारण अब विश्व अर्थव्यवस्था के भविष्य पर अनिश्चितता के गहरे बादल छा गए हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में आर्थिक और सामाजिक मामलों के अवर महासचिव ली जुनहुआ ने चेताया कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव विकासशील देशों की चुनौतियों को और गंभीर बना रहे हैं, जिससे उनके लिए वित्तीय संसाधन जुटाना पहले से कहीं अधिक कठिन होता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए यह समय बेहद जोखिमभरा बनता जा रहा है, क्योंकि भू-राजनीतिक हित अब तेजी से आर्थिक संबंधों और वित्तीय नीतियों की दिशा तय करने लगे हैं।

रिपोर्ट में यह भी रेखांकित किया गया है कि बढ़ती व्यापारिक बाधाएं और एक के बाद एक आ रही जलवायु संबंधी आपदाएं भी इस बढ़ती खाई को और चौड़ा कर रही हैं। पिछले वर्ष सेविले में आयोजित सम्मेलन में अमेरिका को छोड़कर कई देशों के नेताओं ने सर्वसम्मति से सेविले प्रतिबद्धता को अपनाया था, जिसका उद्देश्य विकास के लिए हर साल मौजूद चार हजार अरब डॉलर की वित्तीय कमी को पाटना था।

# परीक्षण के लिए एक साल में तैयार होगा वंदे भारत स्लीपर का प्रारूप

नयी दिल्ली, एजेंसी

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के नेतृत्व वाले संयुक्त उपक्रम द्वारा बनाई जा रही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए तैयार हो जाएगा।

आरवीएनएल के 21वें स्थापना दिवस समारोह में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर कंपनी की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इसका प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद कंपनी को 120 ट्रेन





- **आरवीएनएल के 21वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सीईओ सतीश कुमार ने दी जानकारी**

की आपूर्ति करनी होगी। हालांकि सतीश कुमार ने कोई निश्चित समय नहीं बताया, लेकिन आरवीएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सलीम अहमद ने हाल ही में कहा था कि यह प्रारूप जून 2026 में पेश किया जा सकता है।

अधिकारियों के अनुसार, काम तेज गति से जारी है, लेकिन जून 2026 तक परीक्षण संभव नहीं लग रहा है और इसमें अगले वर्ष तक देरी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जनवरी को देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की जोड़ी को कामाख्या और हावड़ा के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अन्य वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के संचालन को लेकर कई तरह की अटकलें हैं, लेकिन इस संबंध में रेल मंत्रालय ने अभी तक कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की है।

## स्टार्टअप की दुनिया

### ज्यादा संघर्ष लेकिन अपार सफलता




यह शब्द सुनने में जितनी ग्लैमरस लगता है, असल में यह उससे कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण और रणनीतिक होता है। एक स्टार्टअप सिर्फ एक नया बिजनेस नहीं है, बल्कि यह एक अनोखे आइडिया के साथ तेजी से स्केल करने की कोशिश है। एक बिजनेस और स्टार्ट अप में कई बुनियादी अंतर होते हैं। मसलन, बिजनेस का मुख्य उद्देश्य कम या मध्यम जोखिम के साथ लाभ कमाना होता है जबकि स्टार्टअप उच्च जोखिम के साथ तेजी से विकास पर केंद्रित होता है और वैश्विक स्तर पर विस्तार की क्षमता रखता है।

### शुरुआत की बड़ी चुनौतियां

- आइडिया नहीं समस्या खोजें, क्योंकि ज्यादातर लोग ऐसा प्रोडक्ट बनाने के कारण फेल होते हैं जिसकी किसी को जरूरत नहीं होती।
- शुरू में करोड़ों खर्च कर परफेक्ट प्रोडक्ट बनाने की कोशिश गलती है, अपने आइडिया का बेसिक मॉडल बनाएं और उसे टेस्ट करें।
- आपको ऐसे पार्टनर्स चाहिए जिनकी स्किल्स आपसे अलग हों। अगर आप तकनीकी काम में अच्छे हैं तो पार्टनर सेल्स में माहिर हो।
- स्टार्टअप की दुनिया में कैश इज किंग कहा जाता है। हिसाब रखें कि आपके पास कितना पैसा है और वह कितने महीनों तक चलेगा।

### यूनिकॉर्न और डेकाकॉर्न

- यूनिकॉर्न उस स्टार्टअप को कहते हैं जिसकी वैल्यूएशन 1 बिलियन डॉलर यानी लगभग 8,300 करोड़ रुपये पहुंच जाती है।
- दिलचस्प तथ्य यह है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और यहां 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न्स हैं।
- डेकाकॉर्न उस स्टार्टअप को कहते हैं जिसकी वैल्यू 10 बिलियन डॉलर से ऊपर होती है, स्विगी इसी श्रेणी का स्टार्टअप है।

- **भारत में 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा वैल्यू वाली 125 कंपनी**

### क्या होते हैं रास्ते

- बूटस्ट्रैप्ड : जब फाउंडर अपने खुद के पैसे या मुनाफे से बिजनेस बढ़ाता है।
- फंडेड : जब बाहरी इन्वेस्टर्स पैसा लगाते हैं ताकि कंपनी तेजी से बढ़ सके।

### क्यों फेल होते हैं स्टार्टअप

- आंकड़े बताते हैं कि 90% स्टार्टअप पहले 5 सालों में बंद हो जाते हैं।
- इनमें से 42% ऐसा प्रोडक्ट बनाया जिसकी बाजार में मांग नहीं थी।
- लगभग 29% स्टार्टअप फंड खत्म हो जाने की वजह से बंद हो गए।
- फाउंडर्स में तालमेल की कमी और गलत टीम का चुनाव भी कारण।

### भारत में स्टार्ट अप

- भारत में अब 2,00,000 से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हैं। यह 2016 में शुरुआत के बाद एक बहुत बड़ी छलांग है।
- अब स्टार्टअप सिर्फ बेंगलुरु-दिल्ली तक सीमित नहीं हैं। 50% स्टार्टअप्स दूसरे व तीसरे दर्जे के शहरों से निकल रहे हैं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# भाजपा यूसीसी लागू करेगी, बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-समाप्त की जाएगी तुष्टीकरण की राजनीति

जंगीपुर (प. बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने शनिवार को एक जनसभा के दौरान तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त करने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का वादा किया। साथ ही कहा कि भाजपा बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी।

मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने आगामी विधानसभा चुनावों को पश्चिम बंगाल की पहचान और भविष्य की रक्षा की लड़ाई के रूप में पेश किया, जबकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और



पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा में अभिवादन करते प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी।

घुसपैठियों के समर्थन का आरोप लगाया।

मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पार्टी का घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद कहा कि देश की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। भाजपा का संकल्प है कि पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की राजनीति को हमेशा के लिए समाप्त करने के वास्ते यूसीसी लागू किया जाये। मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने अपना पुराना नारा मां-माटी-मानुष त्याग दिया है और अब सत्ता बरकरार रखने के लिए घुसपैठियों और वोट बैंक की राजनीति पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल अब तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति बर्दाश्त नहीं करेगा। हम बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे।

मोदी ने कहा कि यह चुनाव पश्चिम बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है। मोदी ने कहा कि बंगाल का इतिहास गवाह है कि जब वह बदलाव का संकल्प लेता है, तो दुनिया की कोई भी ताकत उसे रोक नहीं सकती। जिसने भी बंगाल को चुनौती दी, उसका अहंकार चकनाचूर हो गया, अंग्रेजों से लेकर कांग्रेस और वामपंथियों तक... अब तृणमूल कांग्रेस की बारी है। मोदी ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद तृणमूल कांग्रेस वाममोर्चा की कार्बन कॉपी बन गई है।

## पश्चिम बंगाल से तृणमूल का सिंडिकेट राज खत्म करेंगे : अमित शाह

**ओंडा/छतना (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो वह तृणमूल कांग्रेस के ''सिंडिकेट राज'' को समाप्त कर देगी। शाह ने यह भी कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। बांकुड़ा जिले के छतना में भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहानुभूति बटोरने के लिए खुद को पीड़ित के रूप में पेश कर रही हैं। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी 'पीड़ित कार्ड' खेलती हैं। कभी-कभी वह सहानुभूति पाने के लिए अपने पैर या सिर पर पट्टी बांध लेती हैं। ममता दीदी, इस चुनाव में आप चाहे अपने पैर, सिर या हाथ पर पट्टी बांध लें, बंगाल की जनता आपको वोट नहीं देगी। आरोप लगाया कि बंगाल में गुंडे और घुसपैठिए राज करते हैं। बांकुड़ा जिले के ओंडा में एक चुनावी रैली में शाह ने आलू किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी उपज को देशभर में भेजा जाएगा, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके।

### तमिलनाडु: चुनाव के लिए मैदान में उतरे 4,023 उम्मीदवार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों में कुल 4,023 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। उम्मीदवारों की संख्या तय होने के साथ ही 234 सदस्यों वाली विधानसभा को चुनने के लिए होने वाले इन बेहद रोमांचक चुनावों की बिसात साफ तौर पर बिछ गई है, जिसमें कई पार्टियों के बीच कड़ा मुकाबला नजर आ रहा है। सीटों के बंटवारे, निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान, उम्मीदवारों के नाम तय करने, नामांकन दाखिल करने, उनकी जांच और नाम वापस लेने की चुनाव-पूर्व प्रक्रिया समाप्त हो गई, अब एक जोरदार चौतरफा मुकाबले के लिए मंच तैयार है। इसे बुद्धिमत्ता की लड़ाई और चुनावी मैदान में 'बिना किसी रोक-टोक के होने वाला मुकाबला' कहा जा रहा है। राज्य में 09अप्रैल को नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख खत्म हो गयी है।

### फर्जी वोट डाला, गिरफ्तार

**पुडुचेरी, एजेंसी।** पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए 9 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान मन्नादिपेट निर्वाचन क्षेत्र में फर्जी वोट डालने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वह व्यक्ति जवाहरलाल नेहरू सामुदायिक केंद्र स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डालने आया था।

# भाजपा ने भवानीपुर में मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने की कोशिश की: ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनके खिलाफ दो झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर निर्वाचन आयोग की मदद से दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर सीट से उनकी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उसकी यह कोशिश विफल कर दी।

बनर्जी ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशियारी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से 90 लाख




कोशियारी में चुनावी रैली को संबाधित करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

मतदाताओं के नाम जबरन हटवाने का आरोप भी लगाया। बनर्जी के सामने अपनी भवानीपुर सीट बरकरार रखने के लिए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की चुनौती है। बनर्जी ने अधिक ब्योरा दिए बिना कहा कि भाजपा ने निर्वाचन आयोग की मदद से मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर भवानीपुर से मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन हमने उसकी साजिश नाकाम कर दी। उन्होंने कहा कि भाजपा में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और जीतने का साहस नहीं है, इसलिए वह फर्जी तरीकों से जबरन वोट कब्जाने की साजिश रच रही है।

# महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण, मेरे दिल के करीब : स्टालिन

चेन्नई, एजेंसी

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा है कि उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई कई कल्याणकारी पहलों में से दो योजना (महिलाओं को मासिक राशि प्रदान करने से जुड़ी योजना और 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना) उनके दिल के बेहद करीब हैं।

मुख्यमंत्री ने एक साक्षात्कार में बताया कि जहां महिला सशक्तीकरण योजना, जिसे देश के अन्य राज्यों में भी अपनाया जा रहा है, इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई नाश्ता योजना के अनगिनत लाभ हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अपनी सरकार द्वारा लागू किए जा



रहे कई कल्याणकारी कार्यक्रमों में से उन योजनाओं का नाम बता सकते हैं जिनसे उन्हें अपार संतुष्टि मिली है। इसके जवाब में उन्होंने कहा- द्रविड़ मॉडल शासन में हमने जितनी भी योजनाएं लागू की हैं, वे सभी बहुत महत्वपूर्ण पहल हैं। हालांकि, मैं यह कहना चाहूंगा कि हमने कई योजनाएं लागू की हैं, लेकिन उनमें से दो योजनाएं मेरे दिल के बेहद करीब हैं। ये दो योजनाए हैं कलैगनार मगलिर उरिमाई थोगाई योजनाऔर मुख्यमंत्री नाश्ता योजना। कहा- कलैगनार मगलिर उरिमाई थोगाई योजना' के तहत परिवार की महिला मुखिया को प्रति माह 1,000 रुपये दिए जाते हैं। आज यह भारत में सबसे सफल ढंग से लागू की गई योजना है। उन्होंने कहा- जिन्होंने तब इसकी आलोचना की थी, वही लोग आज अपनी-अपनी पार्टियों द्वारा शासित राज्यों में इस योजना को लागू कर रहे हैं। अब हम इस राशि को बढ़ाकर 2,000 रुपये करने जा रहे हैं।

यह योजना इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा- हमने स्कूलों में नाश्ता कार्यक्रम शुरू किया ताकि कोई भी बच्चा भूखा स्कूल न जाए। बाद में, हमने इसे सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों तक विस्तारित किया। हम अगली सरकार में इसे कक्षा आठ तक विस्तारित करेंगे।

## महात्मा फूले को नमन



संसद परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले के 20वें जन्मदिन समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आदि ने उन्हें नमन किया।

# सुलह की प्रक्रिया आधुनिक न्याय प्रणाली का अभिन्न अंग

- मध्यस्थता सम्मेलन में बोलीं न्यायमूर्ति नागरत्ना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने शनिवार को कहा कि मध्यस्थता और सुलह आधुनिक और उत्तरदायी न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं और इन्हें केवल पारंपरिक मुकदमा प्रक्रिया के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने दिल्ली में भारतीय मध्यस्थता परिषद द्वारा 'वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेजी से जटिल और वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में वैकल्पिक विवाद



समाधान (एडीआर) तंत्र के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विवाद केवल कानूनी प्रश्न ही नहीं होते, बल्कि सामाजिक, व्यावसायिक और आपसी संबंधों से जुड़े प्रश्न भी होते हैं, जिनके समाधान के लिए अदालती फैसले की बजाय स्वैच्छिक समाधान की आवश्यकता हो सकती है। इसलिए, मध्यस्थता और सुलह केवल मुकदमेबाजी के विकल्प नहीं हैं, बल्कि एक आधुनिक और उत्तरदायी न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश ने कहा कि विवाद समाधान के पारंपरिक तरीके से मध्यस्थता और सुलह जैसे विवाद समाधान तंत्रों की ओर एक स्पष्ट बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि तटस्थ मंच, प्रक्रियात्मक लचीलापन, गोपनीयता और पक्षकारों की स्वायत्तता जैसे फायदों के कारण सीमा पार वाणिज्यिक विवादों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता सबसे पसंदीदा विधि के रूप में उभरी है।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि इसके फायदे, जैसे कि तटस्थ मंच, प्रक्रियात्मक लचीलापन, गोपनीयता, पक्षकारों की स्वायत्तता और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के तहत निर्णयों की प्रवर्तनीयता ने इसे वैश्विक वाणिज्य में पक्षकारों के लिए अपरिहार्य बना दिया है। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क संधि द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की प्रभावशीलता को मजबूती मिली है, जिसने मध्यस्थता निर्णयों को 170 से अधिक न्यायक्षेत्रों में मान्यता देने और लागू करने की अनुमति दी है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अपने संबोधन में द्विपक्षीय निवेश संधियों के तहत निवेश मध्यस्थता का भी उल्लेख किया।

### मामलों के लंबित रहने के लिए केवल न्यायाधीशों को दोष न दें

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने शनिवार को कहा कि भारत में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या के लिए केवल न्यायाधीशों को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। न्याय में देरी अक्सर वकीलों की बहस और कानूनी प्रक्रिया के तरीके से प्रभावित होती है। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा कि न्यायाधीश और मामले के निपटारे की दर के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। यह वकीलों पर निर्भर करता है कि वे कितनी देर तक बहस करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में देरी के लिए वकीलों और कानूनी पेशे से जुड़े लोगों को भी आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबी-लंबी बहसें करना और बार-बार तारीख लेना जैसी आदतें मामलों के निपटारे में देरी का कारण बनती हैं, इसलिए इन पर विचार कर सुधार करना जरूरी है। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को अपने ग्राहकों के बैंक दस्तावेजों में जालसाजी करने के आरोप में सात सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई। आरोपी ऐसा इसलिए कर रहा था ताकि वह उन्हें जो बीमा पॉलिसियां बेच रहा था, वे प्रभावी हो सकें। विजेंद्रन तानापाल (38) ने यहां एक बैंक में संपत्ति नियोजन प्रबंधक के रूप में काम करते हुए दो जापानी ग्राहकों से जुड़े जालसाजी के दो आरोपों में संलिप्तता की बात स्वीकार की। तानापाल को बृहस्पतिवार को सजा सुनाते समय उसके अन्य जापानी ग्राहकों से जुड़े ऐसे कई अन्य आरोपों पर भी विचार किया गया।

### पांच दिनी यात्रा पर चीन जाएंगे स्पेन के पीएम

**बीजिंग।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग के निमंत्रण पर शनिवार से पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आयेंगे। अपनी यात्रा के दौरान सांचेज़ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री ली और राष्ट्रीय जन कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष झाओ लेजी से मुलाकात करेंगे। सांचेज की बीजिंग की यह चौथी आधिकारिक यात्रा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन प्रधानमंत्री सांचेज़ की यात्रा के माध्यम से स्पेन के साथ रणनीतिक विश्वास को गहरा करने, सहयोग तेज करने, द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत करने को तैयार है।

### किम जोंग ने चीन की पहल का किया समर्थन

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने चीन की बहुध्रुवीय विश्व बनाने की पहल का समर्थन किया तथा दोनों पारंपरिक सहयोगी देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने का आह्वान किया। किम ने यह टिप्पणी चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में की जिसकी जानकारी सरकारी मीडिया ने शनिवार को दी। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी केसीएनए के अनुसार, किम ने कहा कि उनकी सरकार वन चाइना सिद्धांत के आधार पर चीन की क्षेत्रीय अखंडता के प्रयासों का पूरा समर्थन करेगी, जिसमें ताइवान को चीन का अभिन्न हिस्सा माना जाता है।

### लेबनान में तीन दिन में 357 लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान में पिछले तीन दिनों के दौरान इज़राइली हमलों में 357 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,223 अन्य घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमलों से व्यापक जनहानि हुई है और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान के खिलाफ दो सप्ताह का विराम घोषित किया था। ईरान द्वारा प्रस्तुत 10 सूत्रीय प्रस्ताव, जिसे ट्रंप ने वार्ता के लिए कारगर आधार बताया है।

# भारत-अमेरिका परमाणु ऊर्जा और एलपीजी निर्यात में सहयोग बढ़ाएंगे


## विदेश सचिव विक्रम मिसरी की अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से की बातचीत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ अपनी बैठक में परमाणु ऊर्जा और कोयला गैसीकरण (ठोस कोयले को रासायनिक प्रक्रिया के जरिए गैस में बदलना) व एलपीजी निर्यात जैसे नए क्षेत्रों में ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मिसरी और राइट के बीच हुई चर्चा का मुख्य विषय ऊर्जा सुरक्षा को आगे बढ़ाना, द्विपक्षीय ऊर्जा व्यापार को गहरा करना और भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के नए रास्ते तलाशनाथा।

बैठक में मौजूद भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका, असैन्य परमाणु सहयोग के साथ-साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग के लिए तैयार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री राइट और विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ अमेरिका-भारत ऊर्जा सहयोग के भविष्य पर चर्चा करना अच्छा रहा। भारत द्वारा शांति विधेयक पारित किए जाने के बाद हम असैन्य परमाणु क्षेत्र के साथ-साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए तैयार हैं। सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी एक्ट' (शांति अधिनियम) को भारत के असैन्य परमाणु क्षेत्र में सबसे बड़ा सुधार माना जा रहा है। यह कानून गत दिसंबर से लागू हुआ, जिसने इस क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया है। इसके साथ ही 1962 का परमाणु ऊर्जा अधिनियम और 2010 का परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम निरस्त कर दिए गए। शुक्रवार देर रात गोर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार-ए-लागो स्थित रिसॉर्ट में मिसरी की मेजबानी की।



### वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से की मुलाकात

मिसरी मंगलवार देर रात तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रक्षा, वाणिज्य और विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। मिसरी ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से भी मुलाकात की। इस दौरान भारतीय वायुसेना के प्रमुख ए पी सिंह भी अमेरिका यात्रा पर थे और वह बुधवार को कोलोराडो स्प्रिंग्स स्थित पीटरसन स्पेस फोर्स बेस गए। भारतीय वायुसेना ने एक्सपर कहा कि उन्होंने ग्रेगरी एम गिलोट (अमेरिकी उत्तरी कमान के कमांडर) के साथ अभियान संबंधी जटिल पहलुओं पर सार्थक विचार-विमर्श किया, जो बढ़ती साझेदारी की मजबूती को दर्शाता है। गोर ने अमेरिकी उप रक्षा मंत्री स्टीव फाइनबर्ग और सेना सचिव डैन ड्रिस्कॉल के साथ भी चर्चा की।

### पश्चिम एशिया संकट के बीच फ्रांस, जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे मिसरी

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ऊर्जा, व्यापार और रक्षा से जुड़ी उच्च स्तरीय वार्ताओं के लिए रविवार से पेरिस और बर्लिन की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा पश्चिम एशिया में जारी संकट की पृष्ठभूमि में हो रही है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो वर्तमान में बदलते और जटिल होते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच और अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। फ्रांस और जर्मनी की यह यात्रा उनकी अमेरिका यात्रा के बाद हो रही है, जहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के अलावा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। पश्चिम एशिया संकट और उसका ऊर्जा सुरक्षा पर प्रभाव पेरिस और बर्लिन में होने वाली वार्ताओं में प्रमुख मुद्दा रहेगा। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पेरिस में विदेश सचिव फ्रांस के विदेश मंत्रालय के महासचिव मार्टिन ब्रिएंस के साथ भारत-फ्रांस विदेश कार्यालय परामर्श की सह-अध्यक्षता करेंगे। उसने बताया कि दोनों नेता रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, साइबर और डिजिटल क्षेत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## आतंकी संगठन से संबंध के संदेह में युवक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** दिल्ली पुलिस ने एक आतंकवादी संगठन से संबंध होने के संदेह में भुवनेश्वर निवासी 22 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। शनिवार को आधिकारिक बयान में कहा गया कि आरोपी की पहचान गंगा नगर के यूनिट-6 क्षेत्र निवासी शेख इमरान के रूप में हुई है। इसमें बताया गया कि ओडिशा और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने युवक को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों संबंधी आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया। राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा एक सप्ताह पहले कुछ युवकों को पकड़े जाने और उनके सोशल मीडिया पोस्ट का विश्लेषण किए जाने के बाद इमरान पुलिस की जांच के दायरे में आया।

युवकों से पूछताछ और उनके सोशल मीडिया पोस्ट के विश्लेषण के आधार पर ओडिशा संपर्क का पता चला, जिसके बाद शेख इमरान को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि बेरोजगार युवक इमरान कट्टरपंथी समूह का सक्रिय सदस्य है। इमरान सोशल मीडिया पर एक ग्रुप के संपर्क में आया था जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के विरुद्ध हानिकारक कट्टर धार्मिक सामग्री साझा की जा रही थी। उसे भुवनेश्वर के उपमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जहां से उसे राष्ट्रीय राजधानी ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया।

## भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक की चंद्र मिशन में बड़ी भूमिका

- नासा में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक हैं अमित क्षत्रिय

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ह्यूस्टन में बचपन में रॉकेट प्रक्षेपण देखकर प्रेरित होने वाले और बाद में राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) में अभियानों की कमान संभालने वाले भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक अमित क्षत्रिय ने उस अंतरिक्ष एजेंसी में अहम भूमिका निभाई है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने के मिशन पर काम कर रही है।

विस्कॉन्सिन में जन्मे क्षत्रिय नासा के सह प्रशासन के रूप में एजेंसी में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक हैं और प्रशासक जैरेड इसाकमैन के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। क्षत्रिय एजेंसी के 10 केंद्र निदेशकों के साथ-साथ वाशिंगटन स्थित नासा मुख्यालय में मिशन निदेशालयों के सह प्रशासकों का नेतृत्व करते हैं। वह एजेंसी के मुख्य संचालन अधिकारी की भूमिका भी निभाते हैं। क्षत्रिय के माता-पिता भारतीय मूल के हैं। क्षत्रिय ने कैलिफोर्निया के पासाडेना स्थित 'कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' से गणित में बीएससी और ऑस्टिन स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय से गणित में स्नातोकत्तर की डिग्री हासिल की है। उनका जन्म विस्कॉन्सिन



के ब्रुकफील्ड में हुआ था, लेकिन वह टेक्सास के ह्यूस्टन के उपनगर केटी को अपना गृह नगर मानते हैं। अंतरिक्ष के प्रति क्षत्रिय की रुचि तब जगी, जब उन्होंने ह्यूस्टन में अंतरिक्ष प्रक्षेपण देखे। ह्यूस्टन में जॉनसन अंतरिक्ष केंद्र में नासा का मिशन नियंत्रण केंद्र स्थित है।

पढ़ाई पूरी करने के बाद तेल एवं गैस उद्योग और चिकित्सा क्षेत्र में कुछ समय काम करने के बाद वह 2003 में 'यूनाइटेड स्पेस अलायंस' से जुड़े। क्षत्रिय सॉफ्टवेयर इंजीनियर, रोबोटिक्स इंजीनियर और अंतरिक्ष यान ऑपरेटर के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के रोबोटिक संयोजन पर ध्यान केंद्रित किया। वह 2014 से 2017 तक अंतरिक्ष स्टेशन के उड़ान निदेशक रहे और 2017 से 2021 तक वह आईएसएस यान कार्यालय के उप प्रबंधक और फिर कार्यवाहक प्रबंधक बने।

## वायुसेना प्रमुख ने की अमेरिकी समकक्ष से रक्षा संबंधों पर बात

- दोनों देशों की साझा रक्षा प्राथमिकताओं पर की चर्चा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारतीय वायु सेना के अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ करने की साझा प्राथमिकताओं पर अमेरिकी समकक्ष चीफ ऑफ स्टाफ जनरल केन विल्सबैक के साथ यहां चर्चा की। सिंह का आठ अप्रैल को यहां जॉइंट बेस एनाकोस्टिया-बोलिंग में पूरे सैन्य सम्मान के साथ स्वागत किया गया।

भारतीय वायुसेनाध्यक्ष ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान पेंटागन में वायु सेना मामलों के मंत्री ट्रॉय मींक और विल्सबैक से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि वाशिंगटन में अपनी व्यस्तताओं के अलावा, सिंह ने कोलोराडो में पीटरसन स्पेस फोर्स बेस का दौरा किया, जहां उन्हें उत्तरी अमेरिका के लिए हवाई आक्रमण चेतावनी प्रणाली, हवाई क्षेत्र नियंत्रण और समुद्री चेतावनी के द्विपक्षीय उत्तरी



अमेरिकी हवाई रक्षा कमान मिशन पर केंद्रित जानकारी दी गई।

अमेरिकी वायु सेना के अनुसार, भारतीय वायु सेना प्रमुख ने नेवादा स्थित नेलिस वायु सेना अड्डे का भी दौरा किया। सिंह को अमेरिकी वायु सेना युद्ध केंद्र में संबंधित जानकारी दी गई और एफ-15ईएक्स ईगल-2 की उड़ान से परिचित कराया गया। सिंह ने कहा कि ऐसे अवसर हमारी संयुक्त अंतरसंचालनीयता को विकसित करने और वायु सेनाओं के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## वांछित गैंगस्टर को थाईलैंड से वापस ले आई सीबीआई

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित कुख्यात गैंगस्टर साहिल चौहान को थाईलैंड से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। चौहान के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी था। सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने इंटरपोल के माध्यम से पता लगाया कि चौहान बैंकॉक में है और शुक्रवार को उसे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस लाया गया, जहां पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई ने कहा कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से सीबीआई ने 10 अप्रैल को वांछित भगोड़े साहिल चौहान को थाईलैंड से वापस लाने में कामयाबी हासिल की है। चौहान हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध आग्नेयास्त्रों के इस्तेमाल से जुड़े कई आपराधिक मामलों में आरोपी था।

## लद्दाख को मिली आधार के रिकॉर्ड में अलग पहचान

- रिकॉर्ड से जम्मू-कश्मीर को हटाकर किया गया लद्दाख

**लेह, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के पूर्ववर्ती राज्य से 2019 में पृथक केंद्र शासित प्रदेश के तौर पर सृजन के लगभग सात साल बाद लद्दाख ने आखिरकार आधार रिकॉर्ड में अपनी एक अलग पहचान हासिल कर ली है। आधार में जम्मू कश्मीर को हटाकर लद्दाख कर दिया गया है।

लोक भवन के प्रवक्ता ने बताया कि जनता की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को लद्दाख के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के हस्तक्षेप के बाद पूरा किया गया। लद्दाख को 2019 में केंद्र शासित प्रदेश के रूप में गठित किए जाने के बावजूद यहां के लोगों के आधार कार्ड के 'राज्य' वाले हिस्से में पहले के जम्मू कश्मीर राज्य का नाम ही दर्ज रहा - जिससे व्यापक परेशानी हुई और विभिन्न पक्षों से शिकायतें मिलीं। प्रवक्ता ने बताया कि उपराज्यपाल ने इस मामले के लंबे समय से लंबित रहने का संज्ञान लिया और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्रशासन ने इस मामले को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के समक्ष उठाया।

उन्होंने बताया कि लंबे समय से प्रतीक्षित सुधार को अब सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि आधार कार्ड में लद्दाख की विशिष्ट क्षेत्रीय पहचान का सही प्रतिनिधित्व हो। उपराज्यपाल ने कहा कि इस बदलाव से प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करके और सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करके लद्दाख के निवासियों को काफी लाभ होगा।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपको कार्यक्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। योजनाएं धीरे-धीरे सफल होती दिखेंगी। आवश्यक व्यय पर नियंत्रण रखें।

**वृष** – आज का दिन आपके लिए अनुकूल प्रभाव रखता है। धन प्राप्ति के योग हैं। सामाजिक कार्यों में भागीदारी से सम्मान मिलेगा।

**मिथुन** – आज आपका संवाद कौशल प्रभावशाली रहेगा। संचार और बातचीत से लाभ होगा। कोई पुराना निवेश लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

**कर्क** – आज मन में भावनात्मक स्थिरता बनाए रखें। खर्चों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। किसी निर्णय के प्रति दुविधा हो सकती है।

**सिंह** – आज आपकी मेहनत का परिणाम मिलेगा। वरिष्ठों से सहायता मिलने की संभावना है। किसी नए प्रोजेक्ट में भाग लेने के योग हैं।

**कन्या** – आज अनुशासन और योजनाबद्ध कार्यों का लाभ मिलेगा। वित्तीय मामलों में आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला** – आज आपको संचार कौशल से लाभ होगा। साझेदारी या समूह कार्यों में आपके विचारों को सराहा जाएगा। संबंधों में संतुलन बना रहेगा।

**वृश्चिक** – आज आपकी इच्छाशक्ति और लक्ष्य-प्राप्ति की क्षमता मजबूत रहेगी। पुरानी नकारात्मक स्थितियों से छुटकारा मिलेगा।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए प्रगतिशील रहेगा। कार्यक्षेत्र में सम्मान और सहयोग मिलेगा। मन में उत्साह बना रहेगा।


**मकर** – आज आप अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीरता व अनुशासन दिखाएंगे। कार्य सिद्धि के संकेत हैं। सामाजिक सम्मान में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज आपके विचार अभिनव और रचनात्मक रहेंगे। प्रतियोगिता या परीक्षा से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। धनलाभ के संकेत हैं।

**मीन** – आज आपको शुभ समाचार मिलेगा। व्यापार में नई शुरुआत करने के अच्छी संभावना बन रही है। स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 12 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 13 अप्रैल 01.16 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**- श्रवण 15.14 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### सुडोकू - 116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 |

### सुडोकू -117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
|  | 8 |  | 2 | 6 |  | 4 |  |  |
| 9 |  |  |  |  |  | 5 |  |  |
|  |  |  | 4 |  |  |  | 1 | 7 |
|  | 3 |  |  |  | 8 |  |  | 4 |
|  |  | 6 |  |  |  | 7 |  |  |
| 1 |  |  | 7 |  |  |  | 9 |  |
|  | 4 |  |  |  | 3 |  |  | 8 |
|  |  | 2 |  |  | 4 |  |  | 6 |
|  |  | 5 |  | 7 |  |  | 4 |  |

## निदान


### पार्किंसंस रोगियों के इलाज में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह

# डीबीएस रेफरल में देरी से सीमित हो जाते हैं उपचार के नतीजे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञों ने कहा है कि स्पष्ट नैदानिक दिशा-निर्देशों के बावजूद, भारत में पार्किंसंस रोग के कई रोगियों को डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) के लिए बहुत देर से रेफर किया जाता है, जिससे इस प्रक्रिया के संभावित लाभ सीमित हो जाते हैं।

डीबीएस पार्किंसंस की बीमारी के इलाज के लिए एक सुस्थापित शल्य चिकित्सा पद्धति है। इसकी सिफारिश सावधानीपूर्वक चयनित उन रोगियों के लिए की जाती है जो लेवोडोपा, जो इस बीमारी के प्रबंधन के लिए सबसे प्रभावी दवा है, के प्रति खराब प्रतिक्रिया देते हैं। अनुकूलित चिकित्सा उपचार के बावजूद उतार-चढ़ाव और डिस्किनेसिया जैसी अक्षम करने वाली मोटर जटिलताएं विकसित होती हैं और साथ ही अप्रत्याशित ऑन-ऑफ अवधि संबंधी विकार पैदा होते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक ऑन अवधि वह समय है जब दवा से पार्किंसंस के लक्षण अच्छी तरह से नियंत्रित होते हैं, जबकि ऑफ अवधि वह समय है जब दवा का असर खत्म हो जाता है और लक्षण (जैसे अकड़न, कंपन और सुस्ती) फिर से प्रकट हो जाते हैं। दिल्ली स्थित एम्स में न्यूरोसर्जरी और गामा नाइफ विभाग के अध्यक्ष डॉ. पी. शरत चंद्र ने विश्व पार्किंसंस दिवस पर बताया कि डीबीएस से दवा की खुराक कम हो जाती है और डिस्किनेसिया (दवा के कारण शरीर में होने वाली असामान्य हरकतें), मतिभ्रम, मतली और निम्न रक्तचाप जैसी जटिलताओं से बचाव होता है। इससे कई दवाओं की खुराक कम करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा लेकिन वास्तविकता यह है कि रेफरल करने की परिपाटी असंगत बनी हुई है।



### मरीजों को बीमारी के लक्षण विकसित होने के पूर्व करें रेफर

डॉ. शरत चंद्र ने कहा कि भारत में कई मरीजों को बीमारी के लक्षण विकसित होने के बाद रेफर किया जाता है, खासतौर पर जब चलने में अकड़न और शारीरिक अस्थिरता जैसे अक्षीय लक्षण पहले ही प्रकट हो चुके होते हैं, जो कि डीबीएस के प्रति खराब प्रतिक्रिया देने वाले लक्षण माने जाते हैं। इस देरी का एक प्रमुख कारण डीबीएस को अंतिम उपाय चिकित्सा के रूप में व्यापक रूप से देखा जाना है, न कि एक ऐसे हस्तक्षेप के रूप में जिसे मोटर संबंधी जटिलताएं शुरू होने के दौरान लेकिन अपरिवर्तनीय दिव्यांगता होने से पहले शुरू करना सबसे अच्छा होता है।

## बांग्लादेश में खसरे से अब तक 145 बच्चों की गई जान

**सिलहट।** बांग्लादेश में खसरे के बढ़ते प्रकोप के बीच पिछले 24 घंटों के भीतर ढाका और सिलहट में दो और बच्चों की मौत हो गई है, जिससे हताहतों की संख्या में और वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, 15 मार्च से अब तक खसरे जैसे लक्षणों के कारण कुल 145 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से 24 मौतों की पुष्टि आधिकारिक तौर पर खसरे से होने के रूप में हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में भारी उछाल देखा गया है।



> तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी महज एक नंबर है और वह किसी भी क्रम पर उतरने के लिये तैयार हैं। मैं पिछले साल पांचवें छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहा था। आखिर में तो लक्ष्य मैच जीतना होता है। प्रबंधन ने मुझ पर भरोसा करके ऊपर भेजा है।
> -ध्रुव जुरेल


# स्टेडियम

लखनऊ, रविवार,12 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

लखनऊ सुपर जाएंट्स

बनाम

गुजरात टाइटंस

समय - दोपहर 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

बनाम

मुंबई इंडियंस

समय - शाम 7:30 बजे

# अय्यर के धमाल से पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स को छह विकेट से हराया

## आईपीएल-2026 : अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की शतकीय भागीदारी गई बेकार



शॉट लगाते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर। एजेंसी

मुल्लांपुर, एजेंसी

पंजाब किंग्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर की 33 गेंद में 69 रन की नाबाद पारी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की।

सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (57 रन) और प्रभसिमरन सिंह (51 रन) की पारियों के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' अय्यर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को दबाव में नहीं आने दिया। उनकी पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके जड़े थे। इससे टीम ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 223 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (74 रन) के अर्धशतक और ट्रेविस हेड के साथ पहले विकेट के लिए 50 गेंद में 120 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 219 रन का स्कोर खड़ा किया।

सनराइजर्स हैदराबाद के बाएं हाथ के कलाई स्पिनर शिवांग कुमार ने पंजाब किंग्स के शुरूआती तीनों विकेट अपनी झोली में डाले लेकिन पंजाब किंग्स को जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। यह हैदराबाद की लगातार दूसरी हार है। प्रियांश (पांच चौके, पांच छक्क) और प्रभसिमरन (चार चौके, चार छक्के) ने मिलकर पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 93 रन जोड़े। सातवें ओवर में प्रियांश की पारी खत्म हुई। प्रियांश ने शिवांग की पहली ही गेंद पर डीप मिड विकेट के ऊपर से स्वीप शॉट लगाते हुए छक्का जड़ा, लेकिन जब उन्होंने लगातार दूसरी गेंद पर भी ऐसा ही करने की कोशिश की, तो गेंद सीधे क्षेत्ररक्षक के हाथों में समां गई। इस तरह दोनों के बीच 6.2 ओवर में पहले विकेट के लिए 99 रन की भागीदारी का अंत भी हुआ। प्रभसिमरन ने फिर नौंवे ओवर में शिवांग की गेंद पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पर अगली ही गेंद पर शिवांग की गुगली पर हेनरिक क्लासेन को कैच दे बैठे। ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ गेंद को प्रभसिमरन ने आगे बढ़कर हवा में खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से पर लगी और लांग ऑफ पर क्लासेन ने आगे की ओर डाइव लगाते हुए एक बेहतरीन कैच लपक लिया।

शिवांग (33 रन देकर तीन विकेट) के दो झटकों से सनराइजर्स हैदराबाद को वापसी की उम्मीद जगी। फिर इसी गेंदबाज ने 11वें ओवर में कूपर कोनोली (11 रन) की पारी का अंत किया। कोनोली ने पहली गेंद पर डीप मिडविकेट पर चौका लगाया लेकिन अगली ही गेंद को मिसटाइम करके आउट हो गए जिससे स्कोर तीन विकेट पर 128 रन था। इसके बाद कप्तान अय्यर ने कमाल की पारी खेली, उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर 24 गेंद में अर्धशतक जड़ा और यही दबदबा जारी रखा। 15 ओवर में पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 179 रन था और उसे जीत के लिए 30 गेंद में 41 रन बनाने थे। अय्यर ने 16वें ओवर में ईशान मलिंगा पर डीप कवर पर एक चौका तथा काउ कॉर्नर और डीप मिडविकेट पर दो छक्के जड़ दिए।

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**219/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का अर्शदीप बो शशांक | 74 |
| ट्रेविस हेड का बार्टलेट बो शशांक | 38 |
| ईशान किशन का यानसेन बो अर्शदीप | 27 |
| हेनरिक क्लासेन का कोनोली बो बार्टलेट | 39 |
| अनिकेत वर्मा रन आउट | 18 |
| सलिल अरोड़ा का बार्टलेट बो अर्शदीप | 09 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 00 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 13, **गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-50-2, बार्टलेट 4-0-42-1, यानसेन 4-0-40-0, विशाक 2-0-33-0, शशांक 3-0-20-2, चहल 3-0-33-0

**पंजाब किंग्स**

**223/4** (18.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का रेड्डी बो शिवांग | 57 |
| प्रभसिमरन सिंह का क्लासेन बो शिवांग | 51 |
| कूपर कोनोली का वर्मा बो शिवांग | 11 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 69 |
| नेहाल वढेरा बो हर्ष दुबे | 14 |
| शशांक सिंह नाबाद | 16 |

**अतिरिक्त** : 05, **गेंदबाजी** : हर्ष दुबे 4-0-38-1, उनादकट 3-0-40-0, मलिंगा 3-0-46-0, हर्षल पटेल 2-0-39-0, शिवांग कुमार 4-0-33-3, नीतिश कुमार रेड्डी 2-0-20-0, अभिषेक शर्मा 0.5-0-7-0

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 4 | 4 | 0 | 0 | 8 | 2.055 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 1.231 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.811 |
| 5. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.359 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.024 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.517 |

**ऑरेंज कैप**





वैभव सूर्यवंशी
राजस्थान - 200 रन
हेनरिक क्लासेन
हैदराबाद- 184 रन
यशस्वी जायसवाल
राजस्थान-183 रन

**पर्पल कैप**



रवि बिश्नोई
राजस्थान- 9 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात - 6 विकेट
राशिद खान
गुजरात- 5 विकेट



## वैभव सूर्यवंशी पंद्रह बरस की उम्र में काफी परिपक्व हैं : भुवनेश्वर

गुवाहाटी, एजेंसी : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी की उम्र भले ही 15 साल हो लेकिन वह काफी परिपक्वता और स्पष्टता के साथ बल्लेबाजी करते हैं। सूर्यवंशी ने आरसीबी के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा जिस तरह से वह शॉट्स खेलता है , वह बाकायदा क्रिकेट शॉट होते हैं। 15 वर्ष की उम्र में वह काफी परिपक्व है । जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है, हमें उसे इसका श्रेय देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आरसीबी कभी भी पूरी तरह से दबाव में नहीं थी। उन्होंने कहा यह टी20 मैच है । वह युवा है और अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। वह परिपक्वता से बल्लेबाजी कर रहा है लेकिन हमें कभी भी यह नहीं लगा कि हम पर पूरी तरह से दबाव बन गया है।

### विराट कोहली का संदेश- प्रिय वैभव बेहतरीन प्रदर्शन

गुवाहाटी। एक युवा क्रिकेटर के लि, सुपरस्टार विराट कोहली से मिली प्रशंसा किसी वरदान से कम नहीं है और आईपीएल में एक और शानदार प्रदर्शन करने वाले वैभव सूर्यवंशी को यह मौका मिला। पंद्रह वर्ष के सूर्यवंशी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। मैच के बाद कोहली ने वैभव की कैप पर हस्ताक्षर करके खास संदेश लिखा प्रिय वैभव, शानदार प्रदर्शन। इस पारी से सूर्यवंशी आरेंज कैप भी पहन चुके हैं।

**हाईलाइट**

### निशानेबाज सैन्यम का विश्व कप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाज सैन्यम ने आईएसएसएफ विश्व कप के एक चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्पेन के ग्रेनाडा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पांचवां स्थान हासिल किया। जूनियर विश्व और एशियन चैंपियन रह चुकी सैन्यम ने फाइनल में 178.9 का स्कोर किया। एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक भी फाइनल में पहुंचीं और सातवें स्थान पर रहीं। 24 शॉट के फाइनल में 14वें शॉट के बाद 137.9 के स्कोर के साथ वह प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। चीन की शेन यियाओ ने 244.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। सैन्यम ने क्वालीफिकेशन दौर में 582 का स्कोर किया और 83 निशानेबाजों के बीच तीसरा स्थान हासिल किया।

### एशियाई युवा टेबल टेनिस में भारतीयों ने जीते 13 स्वर्ण पदक

शिमला। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शनिवार को यहां दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अलग-अलग वर्ग में 13 स्वर्ण पदक जीतकर अपना क्षेत्रीय दबदबा साबित कर दिया। यह टूर्नामेंट एशियाई युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालीफायर भी है। भारत के प्रियनुज भट्टाचार्य ने अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में हमवतन पुनीत बिस्वास को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। युगल में एमआर बालमुरुगन और मेहान सेंथिल ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बांग्लादेश के अबुल हसीब और नफीज इकबाल को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में आदित्य दास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में हमवतन खिलाड़ी अक्षय किरिकारा को हराया।

### एफआईए इंटरनेशनल कार्ट महिला रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची अतिका

लोनाटो (इटली)। भारतीय रेसिंग की युवा सनसनी अतिका मीर एफआईए इंटरनेशनल कार्ट रैंकिंग में महिला वर्ग में अपनी श्रेणी में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। अतिका मोटरस्पोर्ट की विश्व संस्था एफआईए की विश्व रैंकिंग में महिला रेसर में पहले स्थान पर हैं। यह 11 वर्षीय खिलाड़ी इंटरनेशनल ओके-एनजे वर्ग (12-14 वर्ष आयु वर्ग) में पुरुष और महिला दोनों वर्ग को मिलाकर कुल सातवें स्थान पर है।

# लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए घरेलू रिकॉर्ड चिंता का विषय

- गुजरात के खिलाफ लय पाने की करेगा कोशिश
- मुकुल चौधरी की बल्लेबाजी पर रहेगी नजर

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जाएंट्स को मुकुल चौधरी के रूप में एक नया स्टार मिल गया है, लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले उसके लिए घरेलू मैदान पर खराब रिकॉर्ड बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है।

एलएसजी और गुजरात टाइटंस ने अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ा होगा। गुजरात ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक रन की रोमांचक जीत दर्ज की थी जिससे उसने अपना खाता भी खोला। एलएसजी ने सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनके मैदानों पर प्रभावशाली जीत दर्ज की। हालांकि एलएसजी एकाना में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। उसे अगर इसे अपना मजबूत गढ़ बनाना है तो खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## अपने गढ़ में आरसीबी के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी मुंबई



मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या (बाएं) और कोच महेला जयवर्धने।

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की धीमी शुरुआत के बाद मुंबई इंडियंस रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलेगी तो उसका लक्ष्य अपने गढ़ में जीत की राह पर लौटने का होगा। तेरह सत्र में पहली बार मुंबई ने आईपीएल में जीत के साथ शुरूआत करते हुए दो सप्ताह पहले यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। पांच बार की चैम्पियन टीम हालांकि उसके बाद लय कायम नहीं रख सके और दूसरे मैदान पर दोनों मैच बड़े अंतर से हारने के बाद अब खराब रन रेट ( माइनस 0 .715) के साथ आठवें स्थान पर है।

# सैमसन के नाम आईपीएल सत्र का पहला शतक

- चेन्नई ने दिल्ली कैपिटल्स को दिया 213 रनों का लक्ष्य



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन। एजेंसी

चेन्नई, एजेंसी

विश्व कप स्टार संजू सैमसन (नाबाद 115) के आतिशी शतक से चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शनिवार को आईपीएल मुकाबले में दो विकेट पर 212 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। सैमसन ने 56 गेंदों की अपनी शतकीय पारी में 15 चौके और चार छक्के मारे।

यह आईपीएल में इस सत्र का पहला और संजू का कुल चौथा शतक है। उन्होंने आयुष म्हात्रे के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 गेंदों में 113 रन की साझेदारी की। म्हात्रे 36 गेंदों में 50 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए। म्हात्रे ने अपनी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। शिवम दुबे 10 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर नाबाद रहे।कप्तान रुतुराज गायकवाड़ 15 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई के बहुत से लोग दो चीज़ों के दीवाने हो जाते हैं - सीएसके और रजनीकांत। तो, कोई गलती न करें, संजू सैमसन ने आज बहुत सारे नए फ़ैन कमाए होंगे। सिर्फ़ अपनी सेंचुरी के लिए ही नहीं, बल्कि लैंडमार्क तक पहुँचने के बाद पदयप्पा सैल्यूट सेलिब्रेशन के लिए भी।

बैटिंग के लिए बुलाई गई सीएसके के ओपनर्स ने पावरप्ले में टिके रहे और 61 रन बनाए, जिसमें सैमसन ने ज़्यादातर रन बनाए। जहाँ रुतुराज गायकवाड़ पावरप्ले के बाद पहले ओवर में 18 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हो गए, वहीं सैमसन और आयुष म्हात्रे ने अच्छी पेस से बैटिंग की। युवा म्हात्रे को कुछ लाइफ़ रिप्रिव मिले और सैमसन का भी 52 रन पर कैच छूट गया। यह महंगा साबित हुआ क्योंकि दोनों ने 113 रन की पार्टनरशिप की। लुंगी एनगिडी ने शानदार 17वां ओवर फेंका और फिर नटराजन ने अगले ओवर में यॉर्कर डालना शुरू कर दिया। तभी सीएसके ने आयुष को 59 रन पर रिटायर करने का फ़ैसला किया और दुबे को अंदर बुलाया। सैमसन ने 52 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया और फिर दुबे ने जब भी गेंद उनके स्लॉट में आई, कुछ बाउंड्री लगाईं।

**चेन्नई सुपरकिंग्स**

**212/2** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 115 |
| रुतुराज का निसंका बो अक्षर | 15 |
| आयुष महात्रे रिटायर्ड आउट | 59 |
| शिवम दुबे नाबाद | 20 |

**अतिरिक्त** : 03, **गेंदबाजी** : नबी 2-0-17-0, मुकेश 4-0-37-0, अक्षर 4-0-39-1, नटराजन 4-0-54-0, एनगिड़ी 4-0-41-0, कुलदीप 2-0-24-0

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

**विश्व नंबर एक व गत चैंपियन कुनलावत वितिदसर्न को तीन गेमों में दी शिकस्त**

# एक और उलटफेर के सहारे आयुष शेट्टी फाइनल में





निंगबो, एजेंसी

भारत के आयुष शेट्टी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन कुनलावत वितिदसर्न को शनिवार को तीन गेम के मुकाबले में हराकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन वितिदसर्न पर 10-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की।

वह दिनेश खन्ना के बाद इस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए। खन्ना ने 1965 में पुरुष एकल स्वर्ण जीता था। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 2023 में खिताब जीता था। अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन आयुष का सामना अब दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के शि यू की से होगा।

भारत के पूर्व मुख्य कोच और 'सेंटर फॉर बैडमिंटन एक्सीलेंस' के निदेशक विमल कुमार ने पीटीआई को बताया, ''आयुष ने स्थिति को अच्छी तरह से संभाला। ऐसा लगा कि उन्होंने अपनी आक्रामक शैली से कुनलावत के दिमाग पर दबाव बनाया और इसका चतुराई से फायदा उठाया। उन्होंने कहा, ''दूसरा गेम जीतना बहुत अहम था। 20-14 के स्कोर पर आयुष शेट्टी पूरी तरह से नियंत्रण में लग रहे थे, लेकिन जब वितिदसर्न ने वापसी करते हुए स्कोर 20-19 कर दिया, तो वह थोड़े चिंतित हो गए। ठीक उसी समय उन्होंने कुछ विशेष किया, जिससे वह गेम अपने नाम करने में कामयाब रहे। कुमार ने कहा'पूरे हफ्ते उन्होंने मुश्किल पलों में सही रणनीति अपनाते हुए और अपने स्मैश का समझदारी से इस्तेमाल करते हुए शानदार वापसी करने की अपनी काबिलियत दिखाई है। उनका यही अनुशासन उन्हें सफलता दिलाने में मददगार साबित हुआ।भारतीय खिलाड़ी ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर कई बड़े नामों को हराया है, जिनमें पेरिस कांस्य पदक विजेता ली ज़ी जिया, पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू और ब्रायन यांग शामिल हैं। इस सप्ताह आयुष ने विश्व नंबर सात ली शी फेंग और विश्व नंबर चार जोनाथन क्रिस्टी को हराने के बाद वितिदसर्न को मात दी।

### सेमीफाइनल तक एक भी गेम नहीं गंवाया था शेट्टी ने

आयुष ने सेमीफाइनल तक के सफर में एक भी गेम नहीं गंवाया था, जबकि वितिदसर्न ने उन्हें आर्कटिक ओपन में पिछले साल सीधे गेम में हराया था। वितिदसर्न ने शुरुआत में 4-0 की बढ़त बना ली। ब्रेक के समय स्कोर 11-5 था और पहला गेम उन्होंने आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में आयुष ने दमदार वापसी की और कूदकर स्मैश लगाते हुए 3-1 की बढ़त बनाई। यह जल्दी ही 7-1 की हो गई, क्योंकि वितिदसर्न ने कई सहज गलतियां कीं। ब्रेक के समय स्कोर 11-4 था। आयुष ने बीच में कुछ गलतियां कीं, जिससे वितिदसर्न ने 13-11 से वापसी की।

# अंकिता की हार से भारत की विश्व ग्रुप प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म

**बिली जीन किंग कप**



दक्षिण कोरिया की डेयोन बैक को बधाई देतीं भारत की अंकिता रैना। एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

अंकिता रैना की शनिवार को यहां दक्षिण कोरिया की डेयोन बैक के हाथों सीधे सेटों में हार के साथ ही भारत की बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के विश्व ग्रुप के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें खत्म हो गई।

भारतीय टीम दिन की शुरुआत में तालिका में चौथे स्थान पर थी और उसे शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए कोरिया पर 3-0 से जीत की जरूरत थी। कप्तान विशाल उप्पल ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले की शुरुआत के लिए सबसे अनुभवी खिलाड़ी अंकिता को चुना, लेकिन डेयोन बैक ने यह मुकाबला जीत कर भारत की उम्मीद पर पानी फेर दिया। विश्व में 581वीं रैंकिंग की खिलाड़ी 33 वर्षीय अंकिता ने 343वीं रैंकिंग वाली कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट आसानी से गंवा दिया लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने कड़ी चुनौती पेश की। आखिर में हालांकि उन्हें एक घंटे 55 मिनट तक चले मैच में 1-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। अंकिता ने इस टूर्नामेंट में इससे पहले कोई एकल मैच नहीं खेला था। वह केवल युगल में ही प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। भारत अब शेष दो मैच जीतने का प्रयास करेगा।